RNI NO. DELHI/2012/48369
वर्ष 8 अंक 281
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अगस्त, 2020
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कंगना ने की आयुष्मान की खिंचाई
विविध-12

# पिघली रिश्तों पर जमी बर्फ साथ बैठे भारत और नेपाल

- हिमालयी देश के मई में नया नक्शा जारी करने पर उपजे विवाद के बाद पहली बार द्विपक्षीय बैठक
- भारत की सहायता से किए जा रहे विकास व पुनर्निमाण कार्यों की हुई समीक्षा



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नेपाल** के नया नक्शा बनाकर उसमें भारतीय क्षेत्र को शामिल करने के विवादास्पद प्रयास के बाद दोनों पड़ोसियों में सोमवार को पहली बार हालात को सामान्य बनाने के लिए व्यापक चर्चा हुई और हिमालयी राष्ट्र में भारत की सहायता से किए जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा भी की गई। दोनों देशों के बीच यह बैठक नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के भारत के 74वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फोन कर बधाई देने के बाद हुई है। इससे दोनों पड़ोसी देषों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलती दिख रही है। मई के बाद यह पहली उच्च-स्तरीय बैठक हुई जब नेपाल ने कई भारतीय क्षेत्रों को अपने नक्षे में शामिल कर उसे संसद में पास कराया था।

उसके बाद द्विपक्षीय संबंधों में तनाव पैदा हो गया था। नेपाली विदेश सचिव शंकर दास बैरागी और नेपाल में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने भारत-नेपाल प्रवासी तंत्र के तत्वावधान में 8वें दौर की वार्ता के दौरान अपने-अपने देशों का प्रतिनिधित्व किया। काडमांडू में भारतीय दूतावास द्वारा जारी बयान के अनुसार इस महत्वपूर्ण बैठक में पिछले एक साल में विकास परियोजनाओं में हुई प्रगति, गोरखा और नुवाकोट जिलों में भूकंप से क्षतिग्रस्त 46,301 घरों का पुनर्निर्माण, मोतिहारी-अमलेखगंज क्रास बॉर्डर पेट्रोलियम उत्पाद पाइपलाइन का संचालन, विराटनगर में एकीकृत चेक पोस्ट और उच्च प्रभावी सामुदायिक विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय परियोजनाओं के कार्यान्वयन में तेजी लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस संबंध में दोनों पक्ष समय पर समस्याओं को रेखांकित करने और उनके निपटारे के लिए आवश्यक उपाय करने के लिए भी सहमत हो गए। नेपाली विदेश मंत्रालय द्वारा अलग से जारी बयान में कहा गया है कि बैठक में कई चालू परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति पर चर्चा हुई है। इनमें नेपा के तराई क्षेत्र में सड़क निर्माण, सीमा पार रेलवे संपर्क, अरुण-तृतीय जल विद्युत परियोजना और पेट्रोलियम उत्पादों की पाइपलाइन जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। बयान में यह भी कहा गया है कि बैठक में पंचेश्वर बहुउद्देशीय परियोजना, भूकंप के बाद पुनर्निर्माण, सिंचाई, बिजली और ट्रांसमिशन लाइनों, नेपाल पुलिस अकादमी के निर्माण, एकीकृत (शेष पेज 9)

# दंगाइयों पर यूएपीए, गुंडा एक्ट में कार्रवाई करेगी येदियुरप्पा सरकार

- निजी व सरकारी संपत्ति को हुए नुकसान की वसूली आरोपियों से ही की जाएगी

**पायनियर समाचार सेवा।** बेंगलुरु

**पूर्वी** बेंगलुरू में हुई सांप्रदायिक हिंसा की जांच पिछले सप्ताह गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) करेगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा ने कहा कि दंगाइयों पर गुंडा एक्ट में कार्रवाई की जा रही है। साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) जैसी कार्रवाई भी की जाएगी। येदियुरप्पा ने यह भी कहा कि सरकार हिंसा के दौरान निजी और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान की भरपाई आरोपियों से ही वसूलेगी। इसके लिए दावा आयुक्त नियुक्त करने के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जाएगा। बेंगलुरू में कांग्रेस विधायक के भतीजे द्वारा अपमानजनक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद भीड़ ने बर्बरतापूर्वक सैकड़ों वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया था या आग लगा दी थी। येदियुरप्पा ने कहा कि मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए तीन विशेष अभियोजक नियुक्त



किए जाएंगे। एसआईटी हिंसा के जिम्मेदार लोगों पर गुंडा एक्ट लागू करने पर विचार करेगी। मुख्यमंत्री ने ट्वीट कर कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार क्लेम कमिश्नर की नियुक्ति के लिए हाई कोर्ट जाएंगे ताकि केजी हल्ली और डीजी हल्ली में हुई व्यापक हिंसा में सरकारी और निजी संपत्ति को हुए नुकसान की वूसली आरोपियों से की जा सके। ये तमाम फैसले मुख्यमंत्री येदियुरप्पा की अध्यक्षता में गृह मंत्री बसवराज बोम्मई और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक के बाद लिए गए। बैठक में मुख्य सचिव टीएम विजया भास्कर, महाधिवक्ता प्रभुलिंग के नवदगी, डीजीपी प्रवीण सूद, बेंगलुरु के पुलिस आयुक्त कमल पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) रजनीश गोयल, एडीजीपी (इंटेलिजेंस) बी दयानंद, और एडीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर) अमर कुमार पाण्डेय भी मौजूद थे। बीते 11 अगस्त की हिंसा में उग्र भीड़ ने देवाराजीवनहल्ली (डीजे हल्ली) और कडुगोडानहल्ली (केजी हल्ली) पुलिस थाना क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी और कांग्रेस विधायक अखंड श्रीनिवास मूर्ति के घर पर हमला किया था। बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर कमल पंत ने एक आदेश जारी कर डीजे हल्ली और केजी हल्ली पुलिस थानों की सीमा क्षेत्र में 21 अगस्त को सुबह छह बजे तक प्रतिबंध बढ़ा दिया है। इस बीच, डीसीपी (पूर्व) शरणप्पा एसडी ने बताया कि घटना में शामिल लोगों की पहचान करने के लिए साइबर अपराध और फोरेंसिक विशेषज्ञों की छह टीमें तकनीकी सबूत जुटा रही हैं और उनकी समीक्षा कर रही हैं। मोबाइल फोन लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज से भी हिंसा करने वालों की शिनाख्त की जा रही है। मामले में रविवार तक कम से कम 52 एफआईआर दर्ज की गई और सोमवार तक हिंसा के सिलसिले में 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बिना सबूत गिरफ्तार नहीं किया जाएगा।

# फेसबुक अधिकारी को जान का खतरा, पुलिस से की शिकायत

- सोशल साइट की पब्लिक पॉलिसी हेड का आरोप-अमेरिकी अखबार में लेख छपने के बाद दी जा रही धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**फेसबुक** इंडिया की वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी अंखी दास ने दिल्ली पुलिस में जान से मारने की धमकी मिलने की शिकायत दर्ज कराई है। अभी मामले की जांच चल रही है लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फेसबुक इंडिया की पब्लिक पॉलिसी डायरेक्टर अंखी दास की शिकायत पर साइबर सेल यूनिट काम कर रही है। दास ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा कि कुछ लोग ऑनलाइन पोस्ट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहे हैं और उन्हें लेकर अश्लील कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में फेसबुक पर छपे लेख के बाद से कांग्रेस और भाजपा में घमासान छिड़ा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा और संघ पर सोशल मीडिया साइट फेसबुक और वाट्सऐप को नियंत्रित करने का आरोप लगा चुके हैं। उसके बाद से इस मामले ने तूल पकड़ लिया। अंखी दास की शिकायत के अनुसार ये धमकियां 14 अगस्त को वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित एक लेख के संबंध में हैं। अंखी दास ने आरोप लगाया है कि उन्हें आरोपियों द्वारा राजनीतिक जुड़ाव के कारण जानबूझकर अपमानित किया जा रहा था और अब उन्हें ऑनलाइन और ऑफ्लाइन धमकी दी जा रही है। इसके द्वारा उनकी प्रतिष्ठा को खराब करने की कोशिश की जा रही है।

# देश में कोविड-19 के मामले बढ़कर 26.47 लाख हुए मृतक संख्या 50 हजार के पार

**नई दिल्ली।** देश में कोविड-19 के एक दिन में 57,981 नए मामले सामने आने के बाद सोमवार को कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 26,47,663 हो गई। वहीं, संक्रमण से 941 और लोगों की मौत के बाद मृतक संख्या 50 हजार को पार कर गई। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह आठ बजे जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार 19,19,842 लोग अब तक संक्रमण से मुक्त हो चुके हैं, जिससे देश में कोरोना वायरस से ठीक होने वाले मरीजों की दर 72.51 प्रतिशत हो गई है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के अनुसार देश में कोविड-19 को लेकर अब तक तीन करोड़ से अधिक नमूनों की जांच की जा चुकी है। आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस से 941 और लोगों की मौत के बाद देश में मृतक संख्या बढ़कर 50,921 हो गई। हालांकि वायरस से मृत्यु दर में गिरावट आई है और यह 1.92 प्रतिशत हो गई है। देश में अभी कोविड-19 के 6,76,900 मरीज उपचाराधीन हैं। आईसीएमआर के अनुसार देश में 16 अगस्त तक 3,00,41,400 नमूनों की कोविड-19 की जांच की गई, जिनमें से रविवार को ही 7,31,697 नमूनों की जांच हुई।

# संजय झा का दावा: करीब 100 नेताओं ने नेतृत्व परिवर्तन की मांग की, कांग्रेस ने किया खारिज

- भाजपा और फेसबुक की सांठगांठ से ध्यान भटकाने के लिए की जा रही हैं इस तरह की बातें

**पीएनएस।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** के पूर्व प्रवक्ता और निलंबित नेता संजय झा ने सोमवार को दावा किया कि पार्टी के करीब 100 नेताओं ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर नेतृत्व परिवर्तन और कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के पारदर्शी चुनाव की मांग की है। दूसरी तरफ, कांग्रेस ने झा के दावे को खारिज करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा और फेसबुक की सांठगांठ से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह की बातें की जा रही हैं।

झा ने ट्वीट किया, ऐसा अनुमान है कि कांग्रेस की आंतरिक गतिविधि से नाराज करीब 100 कांग्रेस नेताओं (सांसदों समेत) ने सोनिया गांधी को पत्र लिखकर कहा है कि राजनीतिक नेतृत्व बदलाव हो और सीडब्ल्यूसी का पारदर्शी चुनाव हो।

पिछले दिनों कांग्रेस में आंतरिक लोकतंत्र और कामकाज को लेकर सवाल करने के बाद झा को प्रवक्ता पद से हटा दिया गया था और पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। उनके दावे को खारिज करते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने आरोप लगाया कि भाजपा की ओर से फरमान जारी किया गया है कि फेसबुक से सांठगांठ से ध्यान भटकाने के लिए उस पत्र के बारे में चर्चा की जाए जो किसी कांग्रेस नेता ने लिखा ही नहीं।

# प्रशांत भूषण के खिलाफ 2009 के अवमानना मामले में न्यायालय व्यापक सवालों पर करेगा विचार

**पीएनएस।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने अधिवक्ता एवं कार्यकर्ता प्रशांत भूषण के खिलाफ 2009 के अवमानना मामले में सोमवार को विचार के लिए तीन सवाल तैयार किए। इनमें एक सवाल यह भी है कि न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों से संबंधित अवमानना मामले में क्या प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने प्रशांत भूषण और पत्रकार तरूण तेजपाल के खिलाफ 11 साल पुराने अवमानना के इस मामले में तैयार तीन प्रश्नों पर वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने की दिशा में कदम उठाए। न्यायालय इस मामले में 24 अगस्त को सुनवाई करेगा। न्यायालय ने प्रशांत भूषण द्वारा समाचार पत्रिका तहलका में अपने इंटरव्यू में शीर्ष अदालत के कुछ पीठासीन और सेवानिवृत्त न्यायाधीशों पर कथित रूप से आक्षेप लगाए थे। तेजपाल इस पत्रिका के संपादक थे। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की तीन सदस्ईय पीठ (शेष पेज 9)

# तय समय पर होंगी नीट और जेईई की परीक्षा: सुप्रीम कोर्ट

- कोरोना के कारण सब कुछ रोका नहीं जा सकता, जिंदगी चलती रहनी चाहिए: अदालत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**मेडिकल** और इंजीनियरिंग के दाखिले के लिए होने वाली नीट व जेईई परीक्षाएं अपने निर्धारित समय पर ही होंगी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नीट और जेईई मेन परीक्षा को टाले जाने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कोरोना के कारण सारी चीजें नहीं रोकी जा सकतीं।

जिंदगी चलती रहनी चाहिए। इसलिए परीक्षाएं अपने तयशुदा समय सितंबर में ही होंगी। अदालत ने कहा कि छात्रों का कीमती वर्ष बर्बाद नहीं किया जा सकता और जीवन चलते रहना है। न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की तीन सदस्यीय पीठ ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि छात्रों के शैक्षणिक जीवन को लंबे समय तक जोखिम में नहीं डाला जा सकता। बता दें कि इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका डाली गई थी जिसमें कैंडीडेट्स के स्वास्थ्य का हवाला देते हुए मांग की गई थी कि परीक्षा को टाल दिया जाए।

इसमें कहा गया था कि अभी परिस्थिति सामान्य नहीं है, ऐसे में परीक्षा करवाए जाने से छात्रों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि, परीक्षा को न टालने के (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 38,050 | ↑ 173 |
| निफ्टी | 11,247 | ↑ 68 |
| सोना | 53,611 | ↑ 340 /10g |
| चांदी | 69,820 | ↑ 1306 /kg |

## क्विक न्यूज

### बिहार में बाढ़ की स्थिति हुई गंभीर, सात की मौत

**नई दिल्ली।** गंगा में जल स्तर बढ़ने के साथ ही बिहार में बाढ़ की स्थिति सोमवार को भी गंभीर बनी रही, जबकि देश के कई हिस्सों में भारी बारिश ने सामान्य जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया और राजस्थान और मध्य प्रदेश में जलाशयों में डूबने से कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। केंद्रीय जल आयोग की दैनिक बाढ़ की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार, बिहार में उसके 15 केंद्र, असम में छह, उत्तर प्रदेश में चार, तेलंगाना में दो और आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में स्थित एक-एक केंद्रों ने बाढ़ की गंभीर स्थिति दर्ज की है। इस बीच, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के पूर्वानुमान में कहा गया है कि पश्चिमी हिमालई क्षेत्र सहित उत्तर-पश्चिम भारत में 20 अगस्त तक और अधिक भारी बारिश होने की आशंका है, लेकिन उसके बाद यह कम हो सकती हैं।

# सुरक्षाबलों ने जम्मू-कश्मीर में तीन सुरक्षाकर्मियों की शहादत के बाद दो आतंकवादियों को किया ढेर

**पीएनएस।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** के बारामूला जिले में आतंकी हमले में एक पुलिसकर्मी और सीआरपीएफ के दो जवानों के शहीद होने के बाद सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों का पीछा किया और मुठभेड़ में उनमें से दो को मार गिराया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी कश्मीर में बारामूला जिले के करीरी इलाके में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए।

इन आतंकवादियों के लश्कर ए तैयबा से संबद्ध होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों की नाका पार्टी पर हमले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के दो और जम्मू कश्मीर पुलिस के एक विशेष पुलिस अधिकारी के शहीद होने के कुछ घंटे बाद यह मुठभेड़ शुरू हुई। अधिकारी ने बताया कि हमले के तुरंत बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और आतंकवादियों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू कर दिया। इस दौरान हमलावरों से आमना-सामना हो गया और उनमें से दो आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया। उन्होंने कहा कि अंतिम रिपोर्ट मिलने तक अभियान जारी था।

कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों पर तीन आतंकवादियों ने हमला किया जिनके लश्कर ए तैयबा से संबद्ध होने का संदेह है। कुमार ने हमले वाली जगह संवाददाताओं से कहा, प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीन आतंकवादी थे जो पास के घने बगीचे से आए और उन्होंने नाके पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी जिसमें हमारे तीन जवान- सीआरपीएफ से दो और जम्मू कश्मीर पुलिस से (शेष पेज 9)

# संगीत मार्तंड पंडित जसराज का अमेरिका में निधन

**पीएनएस।** नई दिल्ली

**महान** शास्त्रीय गायक पंडित जसराज का अमेरिका में दिल का दौरा पड़ने से सोमवार की सुबह निधन हो गया। कोरोना वायरस महामारी के कारण लॉकडाउन के बाद से 90 वर्षीय पंडित जसराज न्यूजर्सी में ही थे। उन्होंने आज सुबह आखिरी सांस ली। उनकी बेटी दुर्गा जसराज ने भाषा को यह जानकारी दी।

दुर्गा ने भाषा से मुंबई से फोन पर कहा, बापूजी नहीं रहे। इसके अलावा वह कुछ नहीं बोल सकी। उनके परिवार में दुर्गा के अलावा पत्नी मधुरा के अलावा संगीतकार पुत्र शारंग देव हैं। मधुरा सुप्रसिद्ध फिल्मकार वी शांताराम की बेटी हैं। मेवाती घराने के आखिरी मजबूत स्तंभ पंडित जसराज के परिवार ने एक बयान में कहा, बहुत दुख के साथ हमें सूचित करना पड़ रहा है कि संगीत मार्तंड पंडित जसराज जी का अमेरिका के न्यूजर्सी में अपने आवास पर आज सुबह 5 बजकर 15



पंडित जसराज की फाइल फोटो

मिनट पर दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उन्होंने कहा , हम प्रार्थना करते हैं कि भगवान कृष्ण स्वर्ग के द्वार पर उनका स्वागत करें जहां वह अपना पसंदीदा भजन ओम नमो भगवते वासुदेवाय उन्हें समर्पित करें। हम उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं।

उन्होंने आगे कहा, आपकी प्रार्थनाओं के लिए धन्यवाद। बापूजी जय हो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताते हुए ट्वीट किया, पंडित जसराज जी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से भारतीय शास्त्रीय विधा में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है। न केवल उनका संगीत अप्रतिम था बल्कि उन्होंने कई अन्य शास्त्रीय गायकों के लिए अनोखे मार्गदर्शक के रूप में एक छाप छोड़ी। उनके परिवार और समस्त (शेष पेज 9)

## पीएम ने महान शास्त्रीय गायक के निधन पर शोक प्रकट किया

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज ने निधन पर शोक प्रकट करते हुए सोमवार को कहा कि उनके देहावसान से भारतीय शास्त्रीय विधा में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है।

देश के महान शास्त्रीय गायकों में शुमार पंडित जसराज ने अमेरिका के न्यूजर्सी में सोमवार प्रातः अंतिम सांस ली। उनका हृदय गति रूकने से निधन हुआ। उनकी बेटी दुर्गा जसराज ने यह जानकारी दी। वह 90 साल के थे। प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया, पंडित जसराज जी के दुर्भाग्यपूर्ण निधन से भारतीय शास्त्रीय विधा में एक बड़ी रिक्तता पैदा हो गई है। न केवल उनका संगीत अप्रतिम था बल्कि उन्होंने कई अन्य शास्त्रीय गायकों के लिए अनोखे मार्गदर्शक के रूप में एक छाप छोड़ी। उनके परिवार और समस्त विश्व में उनके प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति। मोदी ने अपने ट्वीट के साथ पंडित जसराज के साथ अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें भी ट्विटर पर डालीं जिनमें वह उन्हें सम्मानित कर रहे हैं।

# किसानों को देशद्रोही बताने वालों को सबक सिखाएगी बरौदा की जनता

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**राज्यसभा** सांसद, कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने भाजपा को किसान विरोधी राजनीतिक दल करार देते हुए कहा है कि बरौदा की जनता उपचुनाव में भाजपा को सबक सिखाएगी। दीपेंद्र हुड्डा ने भाजपा नेता के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें उन्होंने सरकार के खिलाफ आंदोलन करने वाले किसानों को देशद्रोही बताया था।

सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बरौदा किसानों और जवानों की धरती है। कांग्रेस की सरकार के समय में भाजपा नेता किसान बनकर अर्धनग्न प्रदर्शन करते थे, लेकिन उन्हें किसी ने देशद्रोही नहीं कहा। आज वहीं लोग सत्ता में बैठकर, किसानों को देशद्रोही कह रहे हैं। दीपेंद्र ने कहा कि किसान विरोधी नीतियों की वजह से ही बीजेपी लगातार ऐसे फैसले ले रही है जिससे किसानों को नुकसान हो।

**भाजपा सरकार ने जितनी भर्तियां छह साल में कीं उतनी हुड्डा सरकार ने एक विभाग में दी**

**कांग्रेस के राज में युवाओं को दो-तीन लाख नौकरियां भाजपा कर रही बेरोजगार**



केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए किसान अध्यादेशों को खारिज करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर पूरी तरह से किसानों के साथ है। राज्यसभा सांसद ने बेरोजगारी के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार को घेरते हुए कहा कि खट्टर सरकार ने छह साल में जितनी कुल नौकरियां दी हैं, उससे ज्यादा तो हुड्डा सरकार के दौरान सिर्फ शिक्षा विभाग में ही नौकरी दी थी।

उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में एचएसएससी, एचपीएससी, कालेज तथा विवि कॉडर में 51 हजार भर्तियां की गई। गेस्ट टीचर, लैब सहायक आदि को मिलकर यह आंकड़ा 80 हजार तक पहुंचता है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने छह साल में एक भी जेबीटी टीचर भर्ती नहीं किया जबकि हुड्डा सरकार ने बीस हजार जेबीटी अध्यापकों को नौकरी दी थी। उन्होंने विभाग वार ब्यौरा पेश करते हुए दावा किया कि हुड्डा सरकार के कार्यकाल के दौरान तीन लाख युवाओं को नौकरियां दी गई हैं। इसके उलट खट्टर सरकार ने अब तक 50 हजार से भी कम नौकरियां दी हैं।

## धारूहेड़ा में दोबारा से लॉकडाउन व्यापारी हो रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। रेवाड़ी

**कांग्रेस** विधायक चिरंजीव राव ने धारूहेड़ा में दोबारा से लॉकडाउन करने पर नाराजगी जताते हुए कोई दूसरा रास्ता अपनाए जाने और इसके साथ ही धारूहेड़ा में भरे बरसात के पानी की समस्या समाप्त करने की प्रशासन से मांग की। बरसात के कारण जमा हुए पानी में डूबकर गत शनिवार को यहां एक बच्चे की मौत हो गई थी। विधायक सोमवार को औद्योगिक क्षेत्र के अंबेडकर पार्क और बरसात से जलभराव हुए स्थानों पर भी पहुंचे।

विधायक कहा कि धारूहेड़ा में प्रशासन ने दोबारा से लॉकडाउन लगाकर बाजार बंद कर दिए हैं, जिससे व्यापारियों को परेशानी हो रही है। पहले ही लंबे समय तक रहे लॉकडाउन से व्यापारी उभरे नहीं हैं। चिरंजीव राव ने कहा कि यदि दूसरे प्रदेश से आने वाले ग्राहकों की वजह से धारूहेडा का बाजार बंद करना पड़ा है तो प्रशासन को सीमाएं सील कर



देनी चाहिए। चिरंजीव राव ने सोमवार को धारूहेड़ा सेक्टर-6 के अंबेडकर पार्क और उन कॉलोनियों का हाल जाना जहां बारिश का पानी एकत्रित होता है। विधायक चिरंजीव राव ने कहा कि उन्होंने पहले भी बारिश में जलभराव की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया था, लेकिन इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया।

उन्होंने आवारा पशुओं की समस्या से प्रशासन को अवगत कराया, लेकिन गौर नहीं किया गया। विधायक ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क की हालत खराब हो गई है। प्रतिमा के चारों ओर पानी जमा है। उन्होंने कहा कि दोबारा से संबंधित विभाग को अवगत करा दिया है और वहां से उन्हें समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन भी मिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### कुरुक्षेत्र का एक-एक तीर्थ और पर्यटन स्थल दर्शनीय



**कुरुक्षेत्र।** भारत सरकार के शिपिंग, केमिकल और फर्जीलाइजर मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री मनसुख एल मांडविया ने कहा कि पर्यटन और गीता स्थली कुरुक्षेत्र का एक-एक तीर्थ और पर्यटन स्थल दर्शनीय है। इस तीर्थ नगरी कुरुक्षेत्र की पूरे विश्व में अपनी एक अलग पहचान है। इस पावन धरा पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का जो उपदेश दिया, वह आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। इस तीर्थ स्थली के दर्शन करने के लिए देश ही नहीं, विश्व के प्रत्येक नागरिक को एक बार जरुर कुरुक्षेत्र में आना चाहिए। केन्द्रीय राज्यमंत्री मनसुख एल मांडविया कुरुक्षेत्र के तीर्थ स्थलों का भ्रमण करने के लिए पहुंचे थे। यहां केडीबी कार्यालय में पहुंचने पर केडीबी मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मवीर मिर्जापुर ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। इसके पश्चात केन्द्रीय राज्यमंत्री मनसुख एल मांडविया ने ब्रह्मसरोवर, गीता उपदेश स्थली ज्योतिसर, नरकतारी और भद्रकाली मंदिर सहित अन्य तीर्थ और पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने पुरुषोतमपुरा बाग में भगवान श्रीकृष्ण-अर्जुन के विशाल रथ के साथ एक स्मृति चित्र भी कराया। इस ब्रह्मसरोवर को देखकर केन्द्रीय राज्यमंत्री ने खूब प्रशंसा की।

### डेरा प्रेमियों ने लड़की की शादी में भेंट किया जरूरत का सामान



**रादौर।** डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालु अपने गुरु संत गुरमीत राम रहीम सिंह इंसां का जन्मदिन 15 अगस्त को बड़ी धूमधाम से मानवता भलाई के काम करके मनाते हैं। इसी के तहत रादौर ब्लॉक के सेवादारों ने ईंट भट्ठा पर रहने वाली एक गरीब परिवार की लड़की पूजा की शादी में सामान देने का पुनीत कार्य किया। ईंट भट्ठा पर रहने वाले किसी मजदूर ने साध संगत के सेवादार जसवंत इंसां से इस लड़की की शादी में मदद करने बारे में जानकारी दी थी की लड़की के पिता का देहांत होने के बाद ये अपनी मां के साथ मजदूरी करके जीवन यापन कर रही है, जिनको शादी में मदद की सख्त जरूरत है। साध संगत ने उनकी जरूरत और डेरा सच्चा सौदा के नियमानुसार लड़का लड़की के 11 सूठ, कम्बल, दरी, चादरें, बर्तन, चावल, चीनी, सरसों का तेल 17100 रुपये का सामान शगुन रूप में देकर इस जरूरतमंद परिवार की मदद की, लड़की की मां रानी, उसकी बहन रममय्या, सारे परिवार ने पूज्य गुरुजी का लाख लाख शुक्रिया किया, जिनकी शिक्षा पर चलते हुए साध संगत जरूरतमंदों की मदद हमेशा ही करती है। इस मौके पर कंवरभान, भूषण, कुलबीर, वैशाली, सुखमन्दिर, आशीष, कंवरपाल चौहान, राहुल, तनुज, अनुज विजय, रजत और विकास मौजूद रहे।

### तीन अध्यादेशों से किसानों को नहीं मिलेगा कोई फायदा



**कुरुक्षेत्र।** किसानों की मांगों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशासन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कांग्रेस प्रदेश कमेटी किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष मधुसूदन बवेजा एडवोकेट ने किया। उन्होंने ज्ञापन में मुख्य तौर पर तीन मांगों को उठाया, जिनमें किसान क्रेडिट कार्ड लोन की अवधि 31 अगस्त 2020 से बढ़ा कर 31 मार्च 2021 करना, किसानों का कर्ज माफी पर सरकार जल्द प्रावधान बनाने और भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीन अध्यादेशों को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग शामिल है। एडवोकेट बवेजा ने कहा कि किसान देश की रीढ़ है, लेकिन आज किसानों की स्थिति दयनीय बनी है। भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हित में कदम उठाने की बजाए उनके विरोध में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो तीन अध्यादेश लाए गए हैं, उनसे किसानों का हित नहीं, बल्कि उनकी बर्बादी होगी। इसलिए सरकार को तुरंत प्रभाव से इन अध्यादेशों को वापिस लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड लोन की अवधि लॉकडाउन के चलते 31 अगस्त तक की गई थी, लेकिन देश भर में आज भी स्थिति भयावह है, इसलिए किसान क्रेडिट कार्ड लोन की अवधि 31 मार्च 2021 की जानी चाहिए। ज्ञापन देने वाले प्रतिनिधिमंडल में किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रण सिंह देसवाल, किसान प्रकोष्ठ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चौधरी मान सिंह, उपाध्यक्ष मुलखराज अरेड़ा, जिला उप प्रधान मनीष शर्मा, ब्लॉक प्रधान शाहाबाद मान सिंह, पवन सैनी, अजय राणा, प्रदेश कांग्रेस महिला विंग की उप प्रधान सुनीता नेहरा, महिला कांग्रेस जिला प्रधान निशी गुप्ता, जिला महामंत्री ऊषा देवी, ब्लॉक अध्यक्षा कमलेश धीमान और ऊषा देवी शामिल रही।

## बीएसएनल ग्राहकों की सुविधानुसार किया बदलाव

पायनियर समाचार सेवा। भिवानी

**देश** में कोरोना महामारी के समय निजी कंपनियों के बढ़ते टैरिफ को देखते हुए सरकारी कंपनी बीएसएनएल ने ग्राहकों के हित के लिए मौजूदा प्लान में सुविधाजनक बदलाव किए हैं। गौरतलब है कि लॉकडाउन की शुरुआत में मार्च के महीने से ही बीएसएनल ग्राहकों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि देखी गई।

इस संदर्भ में रोहतक व जीन्द के एसएसए के प्रधान महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने बताया कि बीएसएनएल ने ग्राहकों के हित के लिए कोरोना महामारी के समय में प्राइवेट टेलीकॉम ऑपरेटर की तरह अपने टैरिफ प्लान में बढ़ोतरी नहीं की है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि 74वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर बीएसएनल अपने मौजूदा व नए मोबाइल ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर लेकर आई है। इसमें प्रमुख तौर पर वार्षिक अनलिमिटेड प्लान 1999 में 74 दिनों की वृद्धि दी गई है, जिससे प्लान की वैलिडिटी 365 दिन से बढ़कर 439 दिन हो गयी है। इसके चलते ग्राहक अब 1999 प्लान में 439 दिनों तक 3 जीबी रोजाना डाटा व अनलिमिटेड कॉल का इस्तेमाल कर सकता है।

बीएसएनल का 599 का वर्क फ्रॉम होम प्लान भी ग्राहकों को आकर्षित कर रहा है। इस प्लान में कंपनी ग्राहक को रोजाना 5 जीबी प्रतिदिन डाटा उपलब्ध करवा रही है तथा अनलिमिटेड कॉलिंग दे रही है, जिसकी वैधता 90 दिन के लिए हैं।

## मुख्यमंत्री ने प्लाज्मा बैंक का किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को शहर के कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज में स्थापित प्लाजमा बैंक का विधिवत उद्घाटन किया और वहां मौजूद प्लाज्मा के लिए दान करने वाले 10 व्यक्तियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट किए।

केसीजीएमसी के ब्लड बैंक ब्लॉक के भूतल पर स्थापित प्लाज्मा बैंक के उद्घाटन अवसर पर गायत्री मंत्र के उच्चारण के बीच मुख्यमंत्री ने रिबन काटा और दीप प्रज्ज्वलित किया। इसके पश्चात प्लाज्मा कक्ष में जाकर वहां मौजूद चार प्लाजमा दे रहे रक्तदाताओं से बारी-बारी से बात की और उनका कुशल-क्षेम पुछकर बधाई दी। इनमें संजीव कुमार मनोज कठपाल, सुमित अरोड़ा और अमरनाथ शामिल थे। मुख्यमंत्री ने सभी को प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न



भेंट किए और कहा कि रक्तदान-महादान है। केसीजीएमसी के निदेशक डा. जगदीश दुरेजा से प्लाज्मा बैंक की स्थापना को लेकर बातचीत की।

डा. जगदीश दुरेजा ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्लाज्मा दान करने वाले व्यक्ति में प्लाज्मा की पूर्ति 15 दिन में हो जाती है और किसी तरह की कमजोरी नहीं आती। मुख्यमंत्री के पूछने पर उन्होंने बताया कि ऐसे व्यक्ति को रिफ्रेशमेंट के साथ-साथ सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने बताया कि एक यूनिट प्लाज्मा दो कोविड-19 पेशेंट की रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में काम आता है।

प्लाज्मा ऐसे व्यक्तियों का ही लिया जाता है जो कोविड-19 बीमारी से इलाज के बाद स्वस्थ हो जाते हैं और उनके शरीर में एंडीबॉडी मौजूद होती है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने ब्लड बैंक कक्ष के हाल में 6 ऐसे रक्तदाताओं को भी प्रमाण पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जिन्होंने पिछले 4 दिनों में प्लाज्मा दान किया था। मुख्यमंत्री ने केसीजीएमसी के निदेशक डा. जगदीश दुरेजा को प्लाज्मा बैंक के लिए साधुवाद दिया और कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ जलपान ग्रहण किया।

इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया, घरौंडा के विधायक हरविन्द्र कल्याण, इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप, नीलोखेड़ी के विधायक एवं वन विकास बोर्ड के चेयरमैन धर्मपाल गोंदर, प्रदेश महामंत्री एडवोकेट वेदपाल, भाजपा जिलाध्यक्ष जगमोहन आनंद, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, पुलिस अधीक्षक एसएस भोरिया, मेयर रेनू बाला गुप्ता और भाजपा नेता शमशेर नैन उपस्थित रहे।

## कृष्णा चैरिटेबल द्वारा श्रमिकों को दिया जा रहा निःशुल्क भोजन



कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा भोजन वितरित करते हुए।

रणबीर सिंह। सोनीपत

**युवा** समाजसेवी एवं कांग्रेस नेता निखिल मदान ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते आमजन बेहद मुश्किल हालात में है और मजदूर वर्ग काम न होने के चलते राशन खरीदने में असमर्थ है।

दैनिक मजदूरी करने वाले श्रमिकों की इसी समस्या को देखते हुए कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा शहर के लेबर चौक और अन्य मुख्य चौकों पर भोजन प्रसाद की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। निखिल मदान ने कहा कि शहर के लोगो की रोजमर्रा की परेशानियों को देखते हुए ही कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा पीने के पानी के निःशुल्क टैंकर, पानी के प्याऊ और सीवरेज जाम होने की समस्याओं को देखते हुए सीवरेज साफ करने की मशीन का प्रबंध किया गया है। इन सभी सुविधाओं के लिए कृष्णा चैरिटेबल सोसाइटी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है और सोसाइटी के हेल्पलाइन नम्बरों पर भी शिकायत दर्ज़ कराई जा सकती है। मदान ने कहा कि ये सभी उनके द्वारा निजी तौर पर कराए गए प्रयास है, इन सभी समस्याओं के स्थायी समाधान को लेकर वो लगातार अधिकारियों के संपर्क में है और लोगों की हरसंभव मदद भी कर रहे है।

लेकिन ये सभी समस्याएं नगर निगम कार्यालय के अधीन है, जहां पिछले 5 साल से न तो कोई चुनाव हुए है और न ही अधिकारियों की कोई जवाबदेही तय की गई है। उनकी सरकार से यही अपील है कि जल्द से जल्द नगर निगम चुनावों को करवाया जाए, ताकि लोगों की रोजमर्रा की समस्याओं को तुरंत दूर किया जा सके।

## इम्युनिटी गायन में मातृशक्ति का कब्जा कुमारी प्रीति विजेता

**भिवानी।** नटराज कला मंच भिवानी ने अपनी तीन सहयोगी संस्थाओं लायंस क्लब भिवानी सुरभि, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार काउंसिल व आइएमए हरियाणा की राज्य इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अपने 58वें कार्यक्रम इम्युनिटी नामक ऑनलाइन ओपन राज्य स्तरीय गायन प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया है। नटराज कला मंच के संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर करन पूनिया ने बताया कि कोरोना काल में संगीत योद्धा अपने गायन द्वारा समाज, मित्रों व परिवारों को अवसाद व भय से दूर रखते हुए सकारात्मक ऊर्जा देने का काम कर रहे है। मेडिकल अध्ययन में भी प्रमाणित हो चुका है कि प्रसन्नचित प्राणी में हॉरमोन व एंटीबाडी का ज्यादा उत्सर्जन होता है। डॉ तरसेम लाल शर्मा, प्रो श्याम वशिष्ठ, डाक्टर वन्दना पूनिया, मंजीत मारवाह, मंजू अरोड़ा, डाक्टर शिवकांत शर्मा, डाक्टर ज्ञानेन्द्र नाथ त्रिपाठी, डाक्टर गिरीश वर्मा, कुलभूषण शर्मा, धीरज त्रिखा, सुरेन्द्र शर्मा का निर्णयक मण्डल भी लगातार प्रतिभागियों को संवारने के अभियान में शामिल रहते रहे हैं।

## मेयर चुनाव न होने की सजा भुगतने पर मजबूर शहरवासी : छाबड़ा



**सोनीपत।** नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन अशोक छाबड़ा ने कहा कि सोनीपत में मेयर चुनाव नहीं होने से शहरवासी विभिन्न समस्याओं से जूझ रहे हैं। पूर्व चेयरमैन दहिया कॉलोनी व देवीलाल कॉलोनी में क्षेत्रवासियों की समस्या सुन रहे थे।

छाबड़ा ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि शहर में गहराई समस्याओं की असली जिम्मेदार भाजपा सरकार है। भाजपा सरकार अगर समय रहते मेयर के चुनाव करा देती तो आज लोगों की अधिकतर समस्या हल हो जातीं। छाबड़ा ने गठबंधन सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा-जजपा की सरकार आपस में घोटाले करने में मुकाबला करने में लगी है। आए दिन घोटाले सामने आ रहे हैं। गठबंधन सरकार आपस में ही उलझी हुई है। हालात ऐसे हो गए हैं कि शहरवासियों की कई बार शिकायत करने के बाद भी समाधान नहीं होता। उन्होंने कहा कि जब तक मेयर चुनाव नहीं होते तब तक शहरवासियों को निगम अधिकारियों की मनमानी सहन करनी पड़ेगी। प्रदीप गौतम ने कहा कि शहर का विकास करने के लिए मेयर का पद होना बहुत जरूरी है। जब तक मेयर चुनाव नहीं होंगे तब तक निगम का ऐसा ही अड़ियल रवैया रहेगा। नरेंद्र, भूपेन्द्र गहलावत, सीमा गोयल, पूनम, अनुज छाबड़ा, प्रेमनारायण, नरेन्द्र, ओमप्रकाश, कप्तान, प्रवेश दलाल, रमेश, मूलचंद दहिया, कन्हैया लाल आदि मौजूद थे।

## बारिश से सड़क बनी तालाब, लोगों को दिक्कत

पायनियर समाचार सेवा। रादौर



रादौर में टूटे पड़े एसके रोड से गुजरते वाहन।

**क्षेत्र** में सोमवार को हुई भारी बारिश से तापमान में भारी गिरावट आई है। पिछले कई दिनों से क्षेत्र के लोग भंयकर गर्मी की मार झेल रहे थे। बारिश होने से तापमान में 35 डिग्री से घट कर 30 डिग्री पहुंच गया। जिस पर लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं बारिश से किसानों के मुर्झाये चेहेरे खिल उठे हैं। पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बारिश न होने से किसानों में निराशा देखी जा रही थी।

बारिश कम होने के बाद किसान इंद्र देवता से बरसात की दुआ करते नजर आ रहे थे। अब जब घंटों अच्छी बारिश हुई तो किसानों की गन्ने, धान, चेरी व अन्य फसले लहलहा उठी। बारिश से किसानों की फसलों को विशेष लाभ मिला है। उधर बारिश से शहर के एसके रोड पर बरसाती पानी की निकासी न होने से वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा। शहर में एसके रोड के दोनों ओर बरसाती पानी की निकासी न होने से दुकानदारों की दुकानदारी ठप पड़ गई।

वहीं बरसाती पानी के सड़क पर खड़ा होने से सड़क को भारी वाहनों के आने जाने से नुकसान पहुंचा है। शहर के बुबका चौक के पास सड़क पर पानी जमा होने से सड़क टूटकर गड्डों में बदल गई। उधर एसके रोड पर शहर में अनाजमंडी से लेकर वेयरहाऊस के गोदाम तक सड़क पर भारी मात्रा में बरसाती पानी जमा होने से लोग परेशान रहे। शहर में कॉलेज रोड के नाले की सफाई न होने के कारण सड़क पर बरसाती पानी जमा होने से लोगों को दिक्कत उठानी पड़ी।

शहर निवासी रामकुमार, विनोद, बिटटू, बॉबी, प्रेमचंद कांबोज, नरेंश, सन्नी कांबोज आदि ने बताया कि शहर के अधिकतर नालों की नगरपालिका की ओर से मानसून की बरसात को देखते हुए सफाई नहीं करवाई गई। जिस कारण नालों मे फैली गंदगी से बरसाती पानी की निकासी रूक गई है। निकासी रूकने से सड़कों पर पानी जमा हो रहा है। इस बारे नपा सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह ने बताया कि बरसात से पहले शहर के सभी नालों की सफाई करवाई गई थी। इसके बावजूद यदि नालों में गंदगी रह गई है, तो उसे आज ही साफ करवा दिया जायेगा। उधर कृषि विभाग के एडीओ मौजी कांबोज ने बताया कि रादौर क्षेत्र में हुई अच्छी बारिश किसानों के लिए वरदान बनकर आई है। बारिश से गन्ने की फसल में बढ़ोतरी होगी।

वहीं गन्ने की फसल में कीडों व सुंडी लगने की दिक्कत भी बरसात से दूर होगी। बरसात से गन्ने में आने वाली हर प्रकार की बीमारी का सफाया होता है। बरसात धान की फसल के लिए भी उपयोगी साबित होगी। इससे धान की फसल में आने वाली बिमारियां भी नष्ट हो जाती है।

## गुरुग्राम में सोमवार को आए 97 कोरोना केस, 71 ठीक हुए

**गुरुग्राम।** जिले में सोमवार को कोरोना के 97 पॉजिटिव केस आए, जबकि 71 ठीक हुए। अब तक कुल 10360 केस आ चुके हैं, जिनमें से 9510 स्वस्थ हो चुके हैं। अब तक जिले में टेस्टिंग के लिए कुल 138921 लोगों के सेम्पल लिये जा चुके हैं, जिनमें से 126373 नेगेटिव आए हैं। वहीं जिले में कोरोना से अब तक 130 मौत हो चुकी हैं। सोमवार को एक भी मौत न होने से सभी ने चैन की सांस ली।

सोमवार को नगर निगम के जोन-1 में 16 केस, जोन-2 में 27 केस, जोन-3 में 13 केस और जोन-4 में 8 केस पॉजिटिव आए। इसी तरह पटौदी खंड में 18 केस, फर्रूखनगर में 7 व सोहना खंड में 8 नए कोरोना के केस आए। अब यहां कुल पॉजिटिव केसों की संख्या 720 रह गई है। जिले में अभी तक 1 लाख 44 हजार 755 लोगों को सर्विलांस पर लिया गया है।

## आशा वर्करों की सरकार के साथ वार्ता हुई विफल

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**करीब** दो सप्ताह से अपनी मांगों को लेकर आंदोलन कर रही हरियाणा की आशा वर्कर तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के बीच सोमवार को हुई वार्ता विफल हो गई है। वार्ता विफल होने के साथ ही प्रदेश में करीब बीस हजार आशा वर्करों ने प्रदेशव्यापी हड़ताल को 21 अगस्त तक बढ़ाने का फैसला कर लिया है।

आशा वर्कर यूनियन हरियाणा की अध्यक्ष प्रवेश व महासचिव सुरेखा ने वार्ता विफल होने की जानकारी देते हुए बताया कि आशा वर्कर्स यूनियन (सीटू) को वार्ता के लिए सचिवालय में आमंत्रित किया था। वार्ता में स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के निदेशक प्रभजोत सिंह, स्वास्थ्य महानिदेशक

**अब 21 अगस्त तक हड़ताल जारी रखने का ऐलान**

डॉ.सूरजभान कंबोज और प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ.वीरेंद्र बंसल सरकार की ओर से शामिल हुए। यूनियन की तरफ से राज्य प्रधान प्रवेश, महासचिव सुरेखा, सचिव सुनीता, सदस्य सुधा, सरबजीत, मीरा, नीलम, अनीता व अंजू के सीटू महासचिव जय भगवान ने वार्ता में हिस्सा लिया। करीब डेढ़ घंटे तक चली बैठक में किसी भी बात पर कोई ठोस आश्वासन सरकार ने नहीं दिया। 21 जुलाई 2018 को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार आशाओं को सब सेंटर पर अलमारी, स्मार्टफोन एवं एएनएम की भर्ती में वेटेज देने जैसे सरकार के दो साल पहले के निर्णय को भी ठोस रूप में तुरंत लागू करने का भरोसा अधिकारियों द्वारा नहीं दिलाया गया है। केंद्र सरकार से मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों में 50 प्रतिशत की कटौती को बहाल करने पर भी सरकार का रुख सकारात्मक नहीं था, जबकि अतिरिक्त जोखिम भत्ता देने पर सरकार ने चुप्पी साध ली। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार कोविड में ड्यूटी कर रही आशाओं को कोरोना योद्धाओं का नाम दे रही है। आशा वर्कर स्वास्थ्य के ढांचे को मजबूत बनवाने व जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करवाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन सरकार उनकी बात सुनने को तैयार नहीं है। उन्होंने कहा कि वार्ता में बातचीत सिरे नहीं चढ़ने पर आशा वर्करों ने 21 अगस्त तक हड़ताल बढ़ा दी है। बहुत जल्द अगली रणनीति का ऐलान किया जाएगा।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अगस्त 2020



# घर में घुसे बेखौफ बदमाशों का तांडव

## मोरी गेट इलाके की सनसनीखेज घटना, महिलाओं और बच्चों को जमकर पीटा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



घटनास्थल पर जायजा लेती पुलिस और बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग के दौरान टूटा कार का शीशा।

मोरी गेट इलाके में 15-20 बदमाशों ने आधे घंटे तक उपद्रव किया। इस दौरान उन्होंने फायरिंग की और घरों में घुसकर महिलाओं और बच्चों से मारपीट की। कश्मीरी गेट पुलिस हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट और दंगा करने की धारा में एफआईआर दर्ज किया है। इस घटना में चार लोग मामुली रूप से घायल भी हुए हैं। खबर लिखे जाने तक दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोरी गेट के पास रविवार रात करीब एक बजे यह उपद्रव हुआ। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसी गली में रहने वाला ललित नंदू अपने दोस्त के साथ टहल रहा था। तभी माडल टाउन थाने का घोषित बदमाश ललित भी वहां आ धमका। आरोप है कि पुरानी किसी बात पर ललित ने नंदू को पीट दिया। इस पर नंदू के साथ के लड़के वहां पहुंच गए और उन्होंने ललित की पिटाई कर दी।

इसके बाद ललित ने आसपास के अलावा अपने इलाके से लड़कों को बुलाया। करीब दस मिनट में करीब 15 से 20 हथियार बंद लड़के वहां धमक गए। फिर उन्होंने जमकर तांडव किया। गली में खड़ी कारों और मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त किया। घर के बाहर सो रही महिला को चारपाई समेत नीचे गिरा दिया। फिर फायरिंग करते हुए गली में घुसे। उन्होंने तंग गली में अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। गली में खड़ी बाइकों को गिरा दिया। करीब 20 वाहनों को क्षति पहुंचाई।

**दरवाजों को लात मारकर तोड़ा**

बदमाशों ने गली में मौजूद हर दरवाजे को लात मारकर खोलने की कोशिश की। एक दरवाजा टूट गया तो वे घर में घुस गए और 13 साल के बच्चे यथार्थ के गले पर चाकू लगा दिया। बच्चे को बचाने आई उसकी मां से मारपीट की। उन्होंने नंदू और उसके साथियों को तलाशने के लिए करीब आधे घंटे तक गली में उपद्रव किया। एक और घर में घुसकर भी उन्होंने तोड़फोड़ की और सूरज नाम के युवक को पीटा। पुलिस उपायुक्त मोनिका भारद्वाज ने बताया कि सूरज के बयान पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

**मकानों पर गोलियों के निशान**

तंग गली में बदमाश अंधाधुंध फायरिंग की। घटनास्थल से चार कारतूस बरामद किए गए। गली में रहने वाली एक महिला ने बताया कि पहले उन्होंने समझा कि किसी ने पटाखे जलाएं हैं। जब बालकनी से झांका तो नीचे हुड़दंग देखा। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं है। हालांकि इस घटना में एक बच्चे समेत चार लोग मामूली रूप से घायल भी हुए हैं।

## 14 अगस्त को झंडा फहराने पर स्कूल को बीएसए ने भेजा नोटिस

**गाजियाबाद।** प्रेसिडियम स्कूल इंदिरापुरम, गाजियाबाद की प्रिंसिपल द्वारा 14 अगस्त को स्कूल प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराकर मनाए गए स्वतंत्रता दिवस को जिला विद्यालय निरीक्षक ने गंभीरता से लिया है। बीएसए कार्यालय ने इस मामले में स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी कर एक हफ्ते में जवाब मांगा है।

बता दें कि मामले की शिकायत ऑल स्कूल पेरेन्ट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन व राष्ट्रीय महासचिव सचिन सोनी ने जिला विद्यालय निरीक्षक से की थी। शिकायत में एसोसिएशन ने आरोप लगाया था कि प्रेसिडियम स्कूल इंदिरापुरम में भारत के बंटवारे व पाकिस्तान की आजादी के दिन ध्वजारोहण किया गया है। इससे बच्चों को देश की आजादी के प्रति गलत व भ्रामक जानकारी होगी। विषय की गंभीरता को समझते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने नोटिस जारी किया है।

# शाहीन बाग से जुड़े थे भाजपा के तार : आप

## शहजाद व अन्य के शामिल होने पर सौरभ भारद्वाज का आरोप-प्रायोजित था सीएए प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



सीएए के खिलाफ शाहीन बाग का प्रदर्शन एक बार फिर सुर्खियों में है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि भाजपा ने एक रणनीति के तहत इस पूरे विरोध प्रदर्शन को अंजाम दिया। पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज ने दावा किया कि शाहीन बाग में जो कुछ भी हुआ, उसकी स्क्रिप्ट भाजपा ने लिखी थी। शाहीन बाग में प्रदर्शन करने वाले कुछ लोग रविवार को भगवा पार्टी में शामिल हो गए। इसी के बाद आप ने यह आरोप मढ़ा है।

सौरभ भारजद्वाज सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनाव प्रभावित करने के लिए सीएए व एनआरसी के खिलाफ शाहीनबाग में धरना कराया था। उसने पूरा चुनाव शाहीनबाग पर ही लड़ा और पहले सर्वे में जो 18 प्रतिशत वोट मिलना था, जो बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया। जिस शाहीन बाग के बारे में कहा गया कि लोगों ने देश विरोधी, देश के टुकड़े-टुकड़े करने व पाकिस्तान समर्थित आदि के नारे लगाए। उन्हें रविवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने पार्टी में शामिल कराया।

भारद्वाज ने दिल्ली पुलिस निशाना साधते हुए कहा कि पुलिस एक दिन से ज्यादा किसी भी धरने को नहीं टिकने देती है, लेकिन शाहीनबाग का धरना 101 दिनों तक चलने दिया और लाखों लोग परेशान हुए। आप विधायक ने कहा कि भाजपा ने शाहीनबाग पर चुनाव लड़ने के लिए पटकथा तैयार की थी कि कब, किसे और क्या बोलना है। इससे पहले चुनाव बिजली, पानी, सड़क, प्रदूषण के मुद्दे पर लड़ा जाता था, लेकिन इस बार जो भगवा पार्टी शाहीन बाग के मुद्दे पर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव के बाद इतनी नफरत फैलाई गई कि दंगे हुए, जिसमें 53 लोगों की मौत हुई और हजारों करोड़ रुपये की संपत्ति बर्बाद हुई। सवाल यह उठता है कि क्या देश विरोधी नारे लगाने वाले लोग, अब भाजपा में शामिल होंगे।

**आप-कांग्रेस के पर्दाफाश से बौखला गए: निगहत**

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता निगहत अब्बास ने कहा कि जब शाहीन बाग के लोगों को नागरिकता संशोधन कानून समझ आ गया है कि यह कानून किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं, बल्कि नागरिकता देने के लिए है। इसके बाद वहां के अल्पसंख्यक समाज के कुछ लोग भाजपा में शामिल हो रहे हैं। इससे आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी बौखला गई है। उन्होंने आरोप मढ़ा कि शाहीन बाग का प्रदर्शन आप और कांग्रेस पार्टी द्वारा रचा गया था। जिसने मुस्लिम समाज के लोगों को गुमराह किया। अब उन लोगों को समझ आ गया है कि सीएए के विरोध का कोई आधार नहीं था।

# ठेकेदारों के भुगतान से कटौती का आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

● **सफाई कर्मचारियों की हड़ताल पर प्राधिकरण सख्त**

नोएडा में सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं। जिस पर विकास प्राधिकरण ने सख्ती दिखाई है। सफाई कर्मचारियों के ठेकेदारों को मिलने वाले भुगतान से 5 प्रतिशत कटौती करने का आदेश मुख्य कार्यपालक अधिकारी रितु महेश्वरी ने जारी कर दिया है। साथ ही प्राधिकरण की ओर से चेतावनी दी गई है कि कोरोना वायरस संक्रमण के चलते इस वक्त राज्य में हड़ताल नहीं की जा सकती है। अगर जल्दी ही सफाई कर्मचारी काम पर वापस नहीं लौटे तो प्राधिकरण कानूनी कार्रवाई करेगा।

सीईओ के आदेश पर सभी ठेकेदारों के भुगतान में पांच प्रतिशत की कटौती कर दी गई है। जितने दिनों तक सफाईकर्मी काम नहीं करेंगे, उनका वेतन काटा जाएगा। इसके अलावा शासन ने हड़ताल और प्रदर्शन पर रोक लगा रखी है। ऐसे में शासन के आदेशों की अवहेलना की जा रही है।

प्राधिकरण का कहना है कि कर्मचारियों को काम पर लौट आना चाहिए। सफाई कर्मियों की हड़ताल लगातार जारी है। हड़ताल होने से अब सड़कों पर कूड़ा इकठ्ठा होने लगा है। लोगों का कहना है कि अगर जल्द कूड़ा नहीं उठा तो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है। साफ-सफाई का जायजा लेने के लिए प्राधिकरण के ओएसडी इंदू प्रकाश सिंह ने रविवार को शहर के सेक्टर और ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया। प्राधिकरण के अफसरों ने कई बार बातचीत की है, लेकिन संविदा कर्मी वापस काम पर नहीं लौट रहे हैं। ऐसे में सभी ठेकेदारों को दिए जाने वाले भुगतान का पांच प्रतिशत काट दिया गया है।

संविदा कर्मचारी जितने दिन नहीं आएंगे, उनका वेतन काटा जाएगा। शहर में करीब 4500 सफाई कर्मचारी हैं। इनमें से करीब 2000 कर्मचारी ठेकेदार के हैं। इन कर्मचारियों की मांग है कि ठेकेदारी प्रथा बंद की जाए। सफाई कर्मचारियों को विकास प्राधिकरण में नियमित किया जाए।



नोएडा स्टेडियम सेक्टर-21ए पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। फोटो : दीपक

# दिल्ली को हरा-भरा बनाने के लिए अब तक लगाए गए 10 लाख पौधे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली को हराभरा बनाने के मकसद से आम आदमी पार्टी की सरकार ने इस साल अब तक 10 लाख पौधे लगाए हैं। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर के साथ ऑनलाइन बैठक की। इसमें केंद्र सरकार की योजनाओं के तहत मिले पौधारोपण के लक्ष्य के सापेक्ष दिल्ली सरकार की योजना के बारे में बताया।

गोपाल राय ने बताया कि नगर वन योजना के तहत दिल्ली में 12 वन क्षेत्र विकसित हो चुके हैं। चार वन क्षेत्रों पर काम चल रहा है। केंद्र सरकार की स्कूल नर्सरी योजना स्वागत योग्य है। दिल्ली सरकार इस पर कार्य योजना बना रही है जबकि 20 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत केंद्र सरकार ने वर्ष 2020-21 के लिए 15 लाख पौधारोपण का लक्ष्य दिया है, जिसके सापेक्ष केजरीवाल सरकार ने 15 लाख की जगह 31 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। अब तक 10 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं।

प्रकाश जावडेकर ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कई राज्यों के पर्यावरण मंत्रियों से बात कर केंद्र सरकार की पौधारोपण योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली।

## संसद भवन एनेक्सी में लगी आग

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में संसद के एनेक्सी भवन में सोमवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद सात दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। दिल्ली की दमकल सेवा के अधिकारियों ने बताया कि इमारत की छठी मंजिल पर कमरा संख्या 633 में आग लगी थी।

उन्होंने बताया कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ और आग से क्षति भी कमरे तक ही सीमित रही। उन्होंने बताया कि सुबह साढ़े सात बजे आग लगने की जानकारी मिली। ऐसी आशंका है कि शॉर्ट-सर्किट के कारण यह घटना हुई है। दमकल सेवा के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है।

## बच्ची से दुष्कर्म के प्रयास में आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के हिंडन विहार कॉलोनी में रहने वाली एक मासूम के साथ पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने रविवार रात कथित रूप से दुष्कर्म का प्रयास किया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

एसीपी विमल कुमार सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी पांच साल की बेटी को पड़ोस में रहने वाला अनंत मालिक नामक व्यक्ति रविवार की रात बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया। आरोपी उसकी बेटी को निर्वस्त्र कर उसके साथ कथित रूप से अश्लील हरकत कर रहा था।

# बदमाशों ने गार्ड को मारी गोली, हालत गंभीर

● **वारदात के बाद राइफल छीनकर फरार**

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

जनपद में दिन-ब-दिन आपराधिक वारदातों का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। ताजा मामला मुरादनगर का है। जहां हाईवे के पास पेट्रोल पंप पर बदमाशों ने गार्ड को गोली मारकर राइफल छीन ली। घायल गार्ड को गंभीर हालत में शहर में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पेट्रोल पंप कर्मियों के मुताबिक, दो बदमाश रात को आए और पेट्रोल पंप पर लगे वाटर टैंक से पानी पीने लगे। इस बीच उन्होंने गार्ड सर्वेश को बुलाया। सर्वेश जैसे ही उनके पास गया, वैसे ही उन्होंने सर्वेश को गोली मार दी। इसके बाद बदमाशों ने सर्वेश की राइफल छीनी और भाग निकले।

मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कब्जे में ले लिया है साथ हाईवे पर लगे सीसीटीवी भी खंगाल रही है। खबर है कि बदमाशों की बाइक का नंबर पुलिस को मिल चुका है लेकिन अभी तक पुलिस ने इस बात की पुष्टि नहीं की है।



पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से वारदात की जानकारी लेती पुलिस।

# लिफ्ट गिरने के मामले में बिल्डर के खिलाफ कैंडल मार्च

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुरादनगर थाना क्षेत्र की मोती रेजिडेंसी में चार दिन पूर्व लिफ्ट के चेंबर में गिरने से हुई बुजुर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज लोगों ने रविवार रात को कैंडल मार्च निकालकर अपना विरोध प्रदर्शन किया।

हाईवे स्थित मोती रेजिडेसी में राजेश गौड़ अपने परिवार के साथ रहते हैं। चार दिन पूर्व 13 अगस्त को तीसरे माले से नीचे आने के दौरान राजेश के 75 वर्षीय पिता केदारनाथ गौड़ लिफ्ट की तकनीकी खराबी के चलते चैंबर में गिर गए थे। परिणामस्वरूप बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई थी।

मामले में बिल्डर की लापरवाही ठहराते हुए उनके बेटे राजेश ने बिल्डर पलाश अग्रवाल समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कराने के तीन दिन बाद भी दोषियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज सोसायटी के लोगों ने बिल्डर व पुलिस-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द गिरफ्तारी की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार




गणेश अस्पताल की सीएमडी डॉ. अर्चना शर्मा को कोरोना वॉरियर्स अवार्ड प्रमाण पत्र देते आईएमए के पदाधिकारी।

### गणेश अस्पताल को मिला कोरोना वॉरियर्स अवार्ड

**गाजियाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर गणेश अस्पताल को कोरोना वारियर्स अवार्ड से नवाजा गया। ये अवार्ड इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से अस्पताल की सीएमडी डॉ. अर्चना शर्मा को दिया गया। कार्यक्रम राजनगर स्थित आईएमए भवन में किया गया था। सबसे पहले जश्न-ए-आजादी की सालगिरह मनाते हुए आईएमए के प्रेजिडेंट डॉ. वीबी जिंदल ने ध्वजारोहण किया।इसके बाद सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें संगठन द्वारा कोरोना मरीजों का इलाज कर रहे हॉस्पिटल्स और चिकित्सकों को कोरोना वारियर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी कार्यक्रम में आईएमए के प्रेसिडेंट डॉ. वीबी जिंदल से डॉ. अर्चना शर्मा ने सम्मान पत्र ग्रहण किया। शासन से अनुमति मिलने के बाद से गणेश अस्पताल में कोविड-19 के एल-1 और एल-2 मरीजों का इलाज किया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने बताया कि अस्पताल से काफी मरीज अब तक ठीक होकर घर जा चुके हैं।

### प्रोफेसर गिरीश चन्द्र श्रीवास्तव को दी श्रद्धांजलि



प्रोफेसर गिरीशचंद्र श्रीवास्तव

**गाजियाबाद।** सुप्रसिद्ध तबला वादक एवम् लेखक प्रोफेसर गिरीशचंद्र श्रीवास्तव का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से संगीत प्रेमियों के साथ-साथ साहित्य जगत में भी शोक की लहर है। बी एन भातखण्डे संगीत महाविद्यालय में सोमवार को दिवंगत श्रीवास्तव को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। महाविद्यालय के अध्यक्ष व निर्देशक पंडित हरिदत्त शर्मा ने कहा कि गिरीशचन्द्र श्रीवास्तव का जाना ना सिर्फ शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र की बहुत बड़ी हानि है बल्कि साहित्य जगत भी उनके योगदान को भुला नहीं पायेगा। संगीत आचार्य, तालमणी तथा प्रयागश्री आदि उपाधियों से सम्मानित श्रीवास्तव ने कई बहुचर्चित पुस्तकों का भी लेखन व प्रकाशन किया था। प्रसिद्ध तबला वादक एवम् लेखक होने के साथ ही वह एक नेक इंसान भी थे।

### धोखाखड़ी मामलों में फरार निदेशक गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने धोखाधड़ी के मामलों में फरार चल रहे अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक को गिरफ्तार किया है। थाना सेक्टर 20 ने सोमवार को बताया कि निदेशक तीन वर्ष से फरार था। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक आरके सिंह ने बताया कि रविवार रात को एक सूचना के आधार पर पुलिस ने अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के निदेशक रतन विजयवर्गीय को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ थाना सेक्टर 20 में वर्ष 2017 में धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हुए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मालिक अतुल गुप्ता, विकास आदि पहले ही पुलिस द्वारा धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### धूमधाम से मनाई गई भगवान कृष्ण की छठी

**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित निरंजनी अखाडा ब्रम्हचारी कुटी में भगवान कृष्ण की छठी धूमधाम से मनाई गई। आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने बताया कि भगवान कृष्ण की छठी पर कढ़ी चावल का प्रसाद तैयार किया गया इसके बाद विधि विधान से उन्हें भोग अर्पित किया गया।



पूर्व क्रिकेटर व उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री रहे चेतन चौहान को श्रंद्वाजलि देते हुए उत्तर प्रदेश के जल शक्ति विभाग मंत्री बलदेव सिंह औलख।

# ब्रजघाट में राजकीय सम्मान के साथ चेतन चौहान का अंतिम संस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** हापुड़

उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व क्रिकेटर चेतन चौहान का हापुड़ जिले के ब्रजघाट पर सोमवार को पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अमरोहा से दो बार सांसद रहे और उत्तर प्रदेश सरकार के योगी मंत्रिमंडल में कैबिनेट मंत्री चौहान का कोविड-19 संबंधित दिक्कतों और किडनी के काम करना बंद करने के कारण रविवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया था।

चौहान के पार्थिव शरीर को सोमवार की दोपहर अमरोहा से ब्रजघाट लाया गया जहां पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ,जिलाधिकारी अदिति सिंह ,एसपी संजीव सुमन और भाजपा विधायकों एवं नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें सलामी दी गई। चौहान के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण प्रशासन ने सावधानी बरतते हुए तय मापदंडों के तहत अंतिम संस्कार कराया। कैबिनेट मंत्री के शव को उनके पुत्र विनायक चौहान ने मुखाग्नि दी।

अंतिम संस्कार में राज्य सरकार में जलशक्ति विभाग के मंत्री बलदेव सिंह औलख, राष्ट्रीय सह महामन्त्री शिवप्रकाश, हापुड़ विधायक विजयपाल, पालिकाध्यक्ष प्रफुल्ल सारस्वत, प्रदेश अध्यक्ष क्रीड़ा भारती डॉ. विकास अग्रवाल, प्रांत अध्यक्ष संदीप त्यागी, प्रांत मंत्री अनिल शर्मा, उपाध्यक्ष विशाल मित्तल, जिला अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, विभाग संयोजक सुदर्शन त्यागी, मनप्रीत सिंह, मंजीत सिंह, दविंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष उमेश राणा सहित आसपास के कई लोग मौजूद रहे।

## गैंगस्टर सुंदर भाटी का बड़ा भाई गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना सूरजपुर पुलिस ने कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी के बड़े भाई सहदेव भाटी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

अपर उपायुक्त (जोन द्वितीय) अंकुर अग्रवाल ने बताया कि थाना सूरजपुर क्षेत्र में रहने वाले एक ट्रांसपोर्टर से 45 लाख रुपए की रंगदारी मामले में फरार चल रहे कुख्यात अपराधी सुंदर भाटी के बड़े भाई सहदेव को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी दिल्ली के पटपड़गंज के शशि गार्डन क्षेत्र से हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपी शातिर अपराधी है।

# अब एसएमएस से मिलेगी कोरोना जांच रिपोर्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

● **नहीं काटने पड़ेंगे अस्पताल के चक्कर**

अब स्वास्थ्य विभाग कोरोना जांच की रिपोर्ट एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराने की व्यवस्था में जुटा है। इससे रोजाना जिला अस्पताल स्थित आईडीएसपी (इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम) पर लगने वाली भीड़ से जहां मुक्ति मिलेगी, वहीं लोगों को भी घर बैठे रिपोर्ट मिल जाएगी और उन्हें जिला अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

बता दें कि दिल्ली में कोरोना जांच की रिपोर्ट लोगों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के जरिए उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एनके गुप्ता ने बताया आईडीएसपी पर रिपोर्ट लेने पहुंचने वाले लोगों की भीड़ को देखते हुए गाजियाबाद स्वास्थ्य विभाग भी अब एसएमएस के जरिए मोबाइल पर रिपोर्ट उपलब्ध कराने की व्यवस्था करेगा। इस संबंध में उन्होंने इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम की जिम्मेदारी संभाल रहे एडीएम मदन गर्ब्याल से बात की है।

सीएमओ ने बताया जनपद में रोजाना तीन हजार से अधिक जांचें कराई जा रही हैं। जिलाधिकारी ने यह लक्ष्य बढ़ाकर साढ़े चार हजार कराने का दिया है। इन जांचों में एंटीजन किट और आरटी-पीसीआर दोनों तरह की जांचें शामिल हैं। आरटी-पीसीआर जांच के लिए नमूने जनपद से बाहर भी भेजे जाते हैं।

हालांकि जिला एमएमजी अस्पताल में स्थापित की गई आरटी-पीसीआर लैब ने काम शुरू कर दिया है लेकिन इसके बावजूद कोरोना जांच के लिए नमूने जनपद के बाहर भेजे जाते रहेंगे। ऐसे में रिपोर्ट आने के बारे में कई बार स्पष्ट बता पाना संभव नहीं हो पाता। रिपोर्ट के इंतजार में लोग आईडीएसपी के चक्कर काटते रहते हैं।

# कॉलेज के प्रोफेसर ने बनाई सबसे सस्ती कार

## एक बार चार्ज होने पर सौ कि.मी. तक तय करेगी सफर, 80 हजार आई लागत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

अपनी कार से सफर का सपना सभी देखते हैं, लेकिन गाड़ियों की कीमतें अधिकांश लोगों के सपने तोड़ देती हैं। इन्हीं सपनों को देखते हुए प्रोफेसर महिप सिंह ने लखटकिया कार बनाई है। इस पर 80,000 की लागत आई है।

एक बार चार्ज होने पर कार से सौ किलोमीटर का सफर तय किया जा सकता है। कार को घर में प्रयोग होने वाले सामान्य बिजली बोर्ड से चार्ज कर सकते हैं। कार का आकर्षक लुक सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। आइटीएस कॉलेज प्रोफेसर महिप सिंह ने एक सपना देखा था कि कम आय वाले लोग भी अपनी कार से चल सकें। उन्होंने लॉकडाउन में मिले समय का सदुपयोग किया। महिप बताते हैं कि लगभग तीन माह की मेहनत के बाद कार को तैयार किया गया।



**कार की खूबियां**

- छोटे परिवार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए कार को चार सीटर बनाया गया है।
- कार में लिथियम फेरस बैटरी लगाई गई है, जो दो घंटे में पूरी तरह चार्ज हो जाती है।
- कार की अधिकतम गति 40 किलोमीटर प्रतिघंटा है। डिझाइन, कलर, पहिए, लाइट, मीटर आदि से कार को आकर्षक लुक दिया गया है।
- कार में डिजिटल मीटर व डिस्क ब्रेक भी है।
- कार की मोटर क्षमता 1500 वाट है।
- जमीन से कार की ऊंचाई छह इंच व वजन 120 किलो है।
- कार को स्वचालित बनाया गया है।
- एक बार चार्ज होने पर कार से सौ किलोमीटर का सफर तय कर किया जा सकता है।
- मात्र छह सेकेंड में कार 40 किलोमीटर की गति पकड़ सकती है।

**कार के लिए मिले तीन ऑर्डर**

महिप की मानें तो सस्ती कार बनने के साथ ही तीन ऑर्डर भी मिल चुके हैं। बड़ी संख्या में लोग जानकारी मांग रहे हैं। कार ऊपर से खुली है, लेकिन कुछ ने ऊपर से कवर वाली कार मांगी है। जल्द कवर वाली कार तैयार की जाएगी। बता दें कि फिलहाल टाटा नैनो टाटा मोटर्स के द्वारा निर्मित सबसे नवीन कार है। यह विश्व की सबसे सस्ती कार है जिसका दाम एक लाख रुपये रखा गया था, लेकिन 2 लाख रुपये से अधिक है। इसे मीडिया ने लखटकिया कार नाम से ज़्यादातर संबोधित किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# ढाई लाख घरों में से मात्र 97 हजार का हुआ है सर्वे

### हाउसहोल्ड सर्वे को लेकर निगमायुक्त की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

### बैठक में सर्वे कार्य में तेजी लाने के दिए गए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम नगर निगम में हाउसहोल्ड सर्वे को लेकर बैठक लेते नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह।

**गुरुग्राम** में सरकार द्वारा कराए जा रहे हाउसहोल्ड सर्वे का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। नगर निगम गुरुग्राम क्षेत्र के ढाई लाख घरों में से मात्र 97 हजार घरों का भी अभी तक सर्वे पूरा हो पाया है। इसे लेकर सोमवार को नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में निगमायुक्त ने नगर निगम के क्षेत्र में नियुक्त क्षेत्रीय अधिकारियों को सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया कि नगर निगम के क्षेत्र में कुल ढाई लाख घरों में से अब तक 97 हजार घरों का सर्वे हुआ है। नगर निगम क्षेत्र में कुल 600 यूनिट कमेटी बनाई हुई हैं। जोनल कमेटियों के अलावा सेक्टर कमेटी तथा जोनल कमेटियों को यह कार्य सौंपा गया है।

बैठक में जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे सप्ताह में कम से कम दो बार सर्वे कार्य की समीक्षा करें और प्रत्येक यूनिट कमेटी का लक्ष्य निर्धारित करें। यह कार्य मिशन मोड पर किया जाए और परफॉरमेंस को बढ़ाया जाए। बैठक में यह भी बताया गया कि जिन कर्मचारियों की ड्यूटी हाउसहोल्ड सर्वे कार्य में लगाई हुई है और वे अपना कार्य नहीं कर रहे हैं या उनकी परफोर्मेंस सही नहीं है। ऐसे कर्मचारियों के बारे में उनके विभागों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजें। बैठक में निगमायुक्त ने जोनल ऑफिसरों से कहा कि वे लगातार सर्वे कार्य की समीक्षा करते रहें और गंभीरता से कार्य को पूरा कराएं। यूनिट कमेटी को बूथ की लिस्ट मुहैया कराएं, ताकि उन्हें सर्वे में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने आरडब्ल्यूए से भी आह्वान किया कि वे हाउसहोल्ड सर्वे कार्य में सहयोग करें। बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त जसप्रीत कौर, अतिरिक्त उपायुक्त प्रशांत पंवार, संयुक्त आयुक्त जितेन्द्र कुमार एवं हरीओम अत्री, सीनियर टाउन प्लानर संजीव मान, एसई सत्यवान सहित एनआईसी के अधिकारी उपस्थित थे।

## कोरोना काल में गुरुग्राम में 29 को होगी पहली ई-लोक अदालत

**गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण (हालसा) द्वारा कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए पहली बार ई-लोक अदालत लगाए जाने का निर्णय लिया है। यह लोक अदालत 29 अगस्त को होगी। इसमें डिजीटल प्लेटफार्म के माध्यम से विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का निपटारा किया जाएगा। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय और हालसा के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राजीव शर्मा के मार्गदर्शन में ई-लोक अदालत लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया।

जिला एवं सत्र न्यायधीश, जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष एसएम धोंचक ने बताया कि ई-लोक अदालत का उद्देश्य उन सभी लोगों को ऑनलाइन मंच प्रदान करना है, जिनके वैश्विक महामारी के दौरान विभिन्न न्यायालयों में मामले लंबित हैं। उनका समय रहते निपटारा किया जा सके। उन्होंने कहा कि कोरोना वैश्विक महामारी के सोशल डिस्टेंसिंग बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में जरूरी है कि लोगों को डिजीटल प्लेटफार्म उपलब्ध करवाते हुए उनके मामलों का निपटारा किया जाए। ई-राष्ट्रीय लोक अदालत के संचालन के लिए आठ पीठों का गठन किया है। जो विभिन्न मामलों से संबंधित वादों का निपटारा किया जाएगा।

# समाजसेवा के लिए इंदिरा फाउंडेशन का गठन



फरूखनगर में इंदिरा फाउंडेशन के गठन के समय मौजूद प्रतिनिधि व अतिथि।

### समाजसेवी सुखबीर तंवर ने अपने माता-पिता की स्मृति में बनाई संस्था

**फरूखनगर।** गांव गढ़ी नत्थे खां में 74 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाजसेवी सुखबीर तंवर द्वारा अपने माता-पिता की स्मृति में स्वयंसेवी संस्था इंदिरा फाउंडेशन का शुभारंभ किया। संस्था को पंजीकृत भी कराया है। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि कर्नल रणबीर सिंह यादव ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण किया और राष्ट्र की रक्षा सेनाओं के योगदान पर प्रकाश डाला। संस्था के संस्थापक सुखबीर तंवर ने संस्था के उद्देश्यों शिक्षा और स्वास्थ्य का विस्तृत वर्णन करते हुए जीवन के अंतिम क्षण तक समाज सेवा में समर्पित रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर संस्था द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष कैप्टेन सुरेंद्र यादव, जिला परिषद गुरुग्राम के उपाध्यक्ष संजीव यादव, सरपंच एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश काकस, निर्मल यादव अध्यक्ष मन्नत वेलफेयर एसोसिएशन, पवन चौधरी संस्थापक आसरा, सुरेंद्र चौहान नेशनल चीफ इंचार्ज एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया, राजेंद्र सिंह जन चेतना मंच, राव मानसिंह अध्यक्ष किसान क्लब, सोनू ठाकरान जिला युवा अध्यक्ष इनेलो, पूर्व पार्षद राज कुमार चौहान, मास्टर जीतराम यादव, महेंद्र नम्बरदार गढ़ी, बंशी चेयरमैन, विनोद सरपंच खुर्रमपुर, रामनिवास सरपंच खेड़ा, धनपत सरपंच आलमदी, गोरधन सरपंच माजरी, मास्टर धर्मबीर पालड़ी, राज सरपंच ड्रमा, पपली सरपंच पथरेड़ी, दीपक सरपंच हुसैनका, कदीर खान, राज मिलखपुर, नरेंद्र सिंह, उमेद प्रधान महचाना, मुकेश महलावत, मैनेजर आजाद थिरथान एवं झग्गड़ प्रधान जाटोला आदि लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए 21 अगस्त तक करें आवेदन

**गुरुग्राम।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप-निदेशक डा. आत्माराम गोदारा ने बताया कि जिला गुरुग्राम में किसानों के लिए फसल अवशेष प्रबंधन 2020-21 स्कीम के अंतर्गत अनुदान देने के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक किसान इस योजना का लाभ लेने के विभागीय पोर्टल पर 21 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा कृषि यंत्रों जैसे-स्ट्रा बेलर, सुपर स्ट्रा चोपर/मल्चर, रोटरी स्लैशर, रिवर्सेबल एमबी प्लो, सुपर सीडर जीरो टिल ड्रिल रिपर कम बाईंडर पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। पंजीकृत किसान समूहों, किसान उत्पादन संगठनों को कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत व व्यक्तिगत श्रेणी में अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसान का मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। सहायक कृषि अभियंता राजीव पाल ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन के लिए किसान के नाम जिले में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, बैंक खाता तथा आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। इसके अलावा एक किसान विभिन्न प्रकार के अधिकतम 3 कृषि यंत्र ही ले सकता है और जिन किसानों ने पिछले 2 वर्षों में इन कृषि यंत्रों पर अनुदान लिया है वे इस स्कीम में उस कृषि यंत्र पर आवेदन करने का पात्र नहीं होंगे।

### श्रेष्ठ विद्यार्थियों व श्रेष्ठ शिक्षकों का किया सम्मान



**गुरुग्राम।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4/7 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि निगम पार्षद सीमा पाहुजा व विशिष्ट अतिथि के रूप में गुड़गांव विकास मंच के सचिव अजय शर्मा मौजूद रहे। विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण बारहवीं कक्षा की टॉपर छात्रा खुशबू और मुस्कान द्वारा किया गया। विद्यालय की प्राचार्य सुमन शर्मा ने बताया कि बोर्ड परीक्षा 10वीं व 12वीं कक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाने वाले 26 प्राध्यापकों मीनाक्षी, सोनिया, ज्ञानवती, सुनीता, सुरेंद्र, स्वीटी ढुल, गीता शर्मा, रिंकू, सरोज सैनी, श्रीभगवान, रमेश, सुरेंद्र, रचना यादव, ज्योति चुघ, लीना, राकेश, आरके गुलिया, कैलाश, वीरपाल, रविंदर, अमित सोलंकी, रिंकू, नीलू सिंह, तरुण, अंजू व प्रीति को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रांगण में यूथ क्लब सेक्टर-4 के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा व उनकी टीम के द्वारा पौधारोपण भी किया गया। कोरोना नायक के रूप में विनोद कुमार एवं कोरोना नायिका डॉ. रजनी शर्मा जिला परामर्शदाता को विशेष रूप से सम्मानित किया। विद्यालय प्राचार्य सुमन शर्मा द्वारा अपने निजी कोष से टॉपर विद्यार्थी गौरव, मुस्कान, खुशबू और आकाश को नगद पुरस्कार व मेडल देकर सम्मानित किया। सचिव अजय शर्मा ने कहा कि गुरू का दर्जा भगवान के समान होता है। हमें अपने जीवन में गुरु व माता-पिता का हमेशा सम्मान करना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य सुमन शर्मा ने कहा कि एक शिक्षित व्यक्ति ही समाज को सही विकास दे सकता है। हमें शिक्षित होना बहुत जरूरी है।

### रंजिश में की गई थी बबलू की हत्या, आरोपी भेजा जेल

**सोहना।** राजस्थान निवासी बबलू हत्या की हत्या पुरानी रंजिश के चलते की गई थी। दो दिन की पुलिस रिमांड के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। एसआई सुन्दरपाल ने बताया कि रिमांड के दौरान पप्पू उर्फ चूहा ने बताया कि मृतक बबलू और उसके परिवार से उसकी पुरानी रंजिश थी। जिसके चलते उसने बबलू की हत्या कर दी थी। पप्पू ने बताया कि बबलू, उसके दो बेटों और पत्नी ने उसके साथ मारपीट की थी। इस दौरान उसे मकान की छत पर गिरा लिया था। उसने अपने बचाव में पास पड़े चाकू से बबलू के पेट पर दो बार वार किए थे। जांच अधिकारी सुन्दरपाल ने बताया कि बबलू का बेटा अजय करीब डेढ़ साल पहले पप्पू की भतीजी को बहलाकर भगा ले आया था। पप्पू के परिजनों ने सामाजिक दवाब बनाकर उसे वापस करा लिया था। उसके बाद से पप्पू बबलू से रंजिश निकालने के लिए उसकी बेटी का रिश्ता अपने लड़के के लिए मांग रहा था।

### पौधारोपण के वार्षिकोत्सव अभियान के तहत लगाए पौधे



**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाथूपुर में पौधारोपण वार्षिकोत्सव अभियान पखवाड़ा मनाया गया। जिसके तहत विद्यालय में पिछले 15 दिनों में सेंकड़ों की तादाद में छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में समस्त विद्यालय स्टाफ के साथ धर्मेंद्र, मनीष, अंगद, गोपाल, राहुल, उदित, सुमित आदि वॉलिंटियर्स ने भी भागीदारी की। प्राचार्य मंजू अहलावत गत वर्ष एक अगस्त को एक बच्चा एक पौधा अभियान के तहत विद्यालय में लगभग 1000 पौधे लगाए गए थे। जिसकी निरंतरता में पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागृति लाने एवं अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए हर वर्ष एक अगस्त को विद्यालय में पौधारोपण वार्षिक उत्सव अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हम हर उत्सव को पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ साथ प्रकृति से जोड़ कर मनाएं, ताकि पर्यावरण संरक्षण में कुछ योगदान दे सकें। विद्यार्थियों की अनुपस्थिति की वजह से यह कार्यक्रम एक से 15 अगस्त तक चलाया। विद्यालय के एनएसएस प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बताया कि पौधारोपण वार्षिक उत्सव के दौरान कोरोना से बचाव के संबंध में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जारी समस्त निर्देशों का पालन किया।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर दें मजबूती : सुधीर सिंगला



अखिल भारतवर्षीय श्रीचौरासिया ब्राह्मण महासभा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित करते विधायक सुधीर सिंगला।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कोई भी सामाजिक संस्था अपने सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती है। संस्थाओं का यह कर्तव्य भी बनता है कि वे समाज में जागृति लाने के साथ-साथ वंचितों की चिंता करके उनका उत्थान करें। यह बात उन्होंने सोमवार को अखिल भारतवर्षीय श्रीचौरासिया ब्राह्मण महासभा की ओर से महिलाओं को सिलाई वितरण कार्यक्रम में कही। इस मौके पर संस्था की वेबसाइट भी लांच की गई।

सोमवार को अखिल भारतवर्षीय श्रीचौरासिया ब्राह्मण महासभा ने स्थापना दिवस मनाया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुधीर सिंगला पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम पार्षद अश्वनी शर्मा ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेश शर्मा एडवोकेट पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मौजूद थे। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 50 सिलाई मशीनें वितरित की गईं। विधायक ने अपने संबोधन में आगे कहा कि संस्था ने जो यह पुनीत कार्य किया है, इसकी वे प्रशंसा करते हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह अच्छा कदम है। डीडी शर्मा अध्यक्ष, ब्राह्मण वेलफेयर एसो. अध्यक्ष अजय शर्मा, स्नेह लता शर्मा, महामंत्री प्रदीप शर्मा, राजकुमार शर्मा, डॉ. चंद्रसेन शर्मा मौजूद रहे।

# वीर सावरकर से प्रभावित हो आजादी आंदोलन में कूदे थे ढींगरा : लारोइया

### 25 वर्ष की उम्र में हुए थे शहीद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के सेक्टर-10 में शहीद मदन लाल ढींगरा को श्रद्धांजलि देते लोग।

**क्रांतिकारी** मदन लाल ढींगरा के बलिदान दिवस पर सोमवार को सेक्टर-10 में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। यहां शहीद मदन लाल ढींगरा प्रवेश द्वार के पास श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर समाजसेवी एमआर लारोइया ने बताया कि अमृतसर के एक भरे-पूरे परिवार में होने के बावजूद इनमें देश भक्ति की भावना जागृत हुई। इंग्लैंड में पढ़ाई के दौरान वीर सावरकर जी से प्रभावित होकर उनमें क्रांति की चिंगारी जगी। वे भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के अप्रतिम क्रांतिकारी थे। भारतीय स्वतंत्रता की चिंगारी को अग्नि में बदलने का श्रेय महान शहीद मदन लाल धींगरा को ही जाता है। भले ही मदन लाल ढींगरा के परिवार में राष्ट्रभक्ति की कोई ऐसी परंपरा नहीं थी, किंतु वह खुद से ही देश भक्ति के रंग में रंगे गए थे। वे इग्लैण्ड में अध्ययन कर रहे थे, जहां उन्होंने विलियम हट कर्जन वायली नामक एक ब्रिटिश अधिकारी की गोली मारकर हत्या कर दी। कर्जन वायली की हत्या के आरोप में उन पर 22 जुलाई 1909 का अभियोग चलाया गया। मदन लाल ढींगरा ने अदालत में खुले शब्दों में कहा कि- मुझे गर्व है कि मैं अपना जीवन समर्पित कर रहा हूं। यह घटना बीसवीं शताब्दी में भारतीय स्वतन्त्रता आन्दोलन की कुछेक प्रथम घटनाओं में से एक है।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुख्य तौर पर भाजपा महामंत्री ललित कुमार शमी, गोबिन्द चांदना, डॉक्टर गुरबख्श मल्होत्रा, केएस चुघ, मनीष कोछड, महेंद्र अरोड़ा, श्रीमहलवाल, आरडब्ल्यूए प्रधान कमांडर उदयवीर सिंह, ताराचंद, कमांडर लाल चन्द यादव, कैप्टन किशन लाल यादव, रामपाल यादव, सतीश कायल, यशपाल ग्रोवर, पार्षद अश्वनी शर्मा, यशपाल अदलखा एवं उनकी पत्नी, सुरेन्द्र आलूवालिया, आरडब्ल्यूए पूर्व अध्यक्ष शिवचरण गुप्ता, अशोक विज आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## नूंह शहर में 20 अगस्त को चलेगा अतिक्रमण हटाओ अभियान

**नूंह।** शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए 20 अगस्त को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा। जिसमें ड्यूटी मजिस्ट्रेट व भारी पुलिस बल होगा। एसडीएम ने दुकानदारों व रेहडी वालों को 19 अगस्त तक अपना सामान स्वयं हटाने का आदेश दिया है। वरना 20 अगस्त को जिला प्रशासन पुलिस के साथ अतिक्रमण हटाएगा। जिसमें भारी जुर्माना भी लगाया जा सकता है और कमेटी द्वारा माल भी जब्त किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि शहर के अड़बर चौक के चारों तरफ सड़क के दोनों और दुकानदारों, रेहडी साथ ही पटरी पर दुकान लगाने वालों द्वारा किए गए अतिक्रमण के कारण सड़क तंग बनकर रह गई है। सरकार के निर्देशानुसार कोई भी व्यक्ति सड़क के आस-पास अतिक्रमण नहीं करे क्योंकि इससे वाहनों की आवाजाही में परेशानी होती है और जाम की स्थिति बन जाती है। एसडीएम ने नगरपालिका सचिव को अतिक्रमण वाली सड़कों पर मुनादी के आदेश दिए हैं।

# स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग को प्रशासन सक्रिय

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

### 2019 के सर्वेक्षण में तावडू को नॉर्थ जोन में मिला था 442वीं रैंक

**स्वच्छता** सर्वेक्षण 2021 की कवायद शुरू हो चुकी है। नूंह जिले के सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग को लेकर जिला प्रशासन व स्थानीय निकाय विभाग ने कमर कस ली है। केंद्र सरकार की ओर से नियुक्त स्वच्छ भारत मिशन की टीम पूरे वर्ष के तय खाके को मूर्तरूप देने को लेकर रोडमैप बनाने में जुट गई है।

नपा प्रशासन के अनुरूप पूरे शहर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता सर्वेक्षण में 2019 से बेहतर परफोर्मेंस की तैयारी शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार द्वारा जारी स्वच्छता सर्वेक्षण रैंकिंग 2019 में नूंह जिले की फिरोजपुर झिरका व तावडू नगरपालिका का प्रदर्शन काफी बेहतर रहा था। बता दें कि 2020 सर्वेक्षण का रिजल्ट गत मार्च-अप्रैल में आना था लेकिन लॉकडाउन की वजह से रिजल्ट नहीं आ सका। विभाग की मानें तो अब कभी भी यह रिजल्ट घोषित हो सकता है। इस बार 6 हजार अंकों का सर्वेक्षण है, जिसमें तीन तिमाही की रिपोर्ट प्रेषित की जानी है।

**12 कंपोनेंट पर होगा सर्वेक्षण :** जो रिपोर्ट नगरपालिका प्रशासन प्रेषित करेगा उसकी मूल धरातल पर सच्चाई जानने को लेकर केंद्र सरकार की सर्वेक्षण टीम पब्लिक से जानकारी हासिल करेगी। उस आधार पर नंबर व रैंकिंग तय होगी। डोर टू डोर कूड़े का उठान, कूड़े का सूखे व गीले के आधार पर पृथक्करण, आइसीटी बेस्ड मॉनिटरिंग मैकेनिज्म, कूड़ा फेंकने वालों पर कार्रवाई, पॉलीथिन व प्लास्टिक पर प्रतिबंध के अलावा कई अन्य पहलुओं पर सर्वेक्षण होगा।





**क्या कहते हैं अधिकारी :** स्वच्छ भारत मिशन नूंह की टीम लीडर नीतू सिन्हा के मुताबिक स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा इस संदर्भ में नपा प्रशासन व लोगों को विस्तृत रूप से जानकारी दी जा रही है। इस बार 6 हजार अंकों का स्वच्छता सर्वेक्षण है। इस बार यह सर्वेक्षण 6 हजार अंकों का होगा, जिसमें 2400 अंक विभागीय सेवाओं के व 1800 अंक शहर में स्वच्छता को लेकर लोगों की राय के होंगे। नगर पालिका सचिव विनय कुमार का कहना है कि एसबीएम टीम ने नपा प्रशासन को इस सर्वेक्षण की पूरी डिटेल्स से अवगत कराया है। अब जल्द ही पार्षदों की इस संदर्भ में मीटिंग ली जाएगी। 2021 में बेहतर परफोर्मेंस को लेकर लोग नपा का सहयोग करें।


# हरियाणवी साहित्य युग की अपेक्षाओं के अनुरूप

**गुरुग्राम।** लोकभाषा हरियाणवी की बोलियां व उनका साहित्य विषय पर अखिल भारतीय साहित्य परिषद हरियाणा प्रान्त की रोहतक व गुरुग्राम इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप सेऑनलाइन विचार गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए परिषद के प्रान्तीय अध्यक्ष प्रो. रामसजन पांडेय ने कहा कि हरियाणवी रचनाकार अपनी रचनाओं का सृजन लोकहित व युग की अपेक्षानुसार कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणवी साहित्य तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है।

पं. रामेश्वर दयाल शास्त्री ने जहां रामचरितमानस की हरियाणवी रचना की, वहीं आज उनके सुपुत्र रूपकृष्ण शर्मा ने भगवद्गीता को हरियाणवी में आमजन के लिए रचित किया है। परिषद के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराडकर की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रान्तीय मार्गदर्शक डॉ. शिवकुमार खंडेलवाल व डॉ. पूर्णमल गौड़ का सान्निध्य प्राप्त हुआ। गुरुग्राम इकाई की महामंत्री मोनिका शर्मा ने संचालन किया। परिषद के अध्यक्ष प्रो. कुमुद शर्मा ने विचार गोष्ठी के विषय पर प्रकाश डाला।

# दुनियाभर के विशेषज्ञों ने एचआर एवं कारोबार के बदलते माहौल पर की चर्चा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



### पीपुल मैटर्स टेकएचआर 2020 ऑनलाइन कॉन्फ्रेंस से जुड़े 5,000 से ज्यादा एचआर एवं बिजनेस लीडर

**कोविड-19** के कारण बने हालात में एचआर और वर्कटेक की दुनिया में बहुत बड़ा बदलाव हो रहा है। इस समय इस मुश्किल वक्त में अवसर तलाशना और नई बातों को अपनाते हुए आगे बढ़ना ही सही है। इसी लक्ष्य के साथ हाल ही में 5 दिवसीय पीपुल मैटर्स टेकएचआर 2020 का आयोजन किया गया।

एशिया के इस सबसे बड़े एचआर एवं वर्कटेक कॉन्फ्रेंस से 42 देशों के 5,000 से ज्यादा एचआर एवं बिजनेस लीडर्स, 90 ग्लोबल स्पीकर जुड़े और 104 कंटेंट सेशन का आयोजन किया गया। इतना ही नहीं, इस दौरान 12,747 कारोबारी संपर्क स्थापित हुए, 33,543 कारोबारी चर्चाएं हुई और 1,128 वर्चुअल बैठकों का खाका भी तैयार किया गया। सोशल मीडिया पर 5.6 करोड़ लोग इससे जुड़े। इस क्षेत्र के दिग्गज लोगों ने कहा कि इस समय व्यापक बदलाव हो रहा है। लाखों रोजगार जा रहे हैं और लाखों नए किस्म के रोजगार के अवसर बन भी रहे हैं। इस वक्त पूरी संरचना को नए सिरे से तैयार करने की जरूरत है। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन के मुताबिक कोविड-19 महामारी और चौथी औद्योगिक क्रांति के कारण हो रहे बदलावों से करीब 50 फीसद लोगों पर रोजगार या आजीविका संबंधी प्रभाव पड़ेगा। इन परिस्थितियों में पीपुल मैटर्स टेकएचआर 2020 समाधान खोजने का एक बेहतरीन मंच बनकर सामने आया है। साल दर साल पीपुल मैटर्स टेकएचआर का एजेंडा इस क्षेत्र में आ रही चुनौतियों पर ध्यान देना और उनका समाधान तलाशना ही रहा है।

पीपुल मैटर्स के सीईओ एवं एडिटर इन चीफ एस्टर मार्टिनेज ने कहा, इस समय हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती है। कोई किताब नहीं है, जिसके हिसाब से हम आगे बढ़ सकते हैं, न रास्ता दिखाने के लिए कोई विशेषज्ञ और न ही कोई जांचा-परखा तरीका है। इसलिए इस समय कारोबारियों को नई व्यवस्थाएं अपनाने के लिए तैयार रहना होगा। इस बार पीपुल मैटर्स टेकएचआर में हमारा प्रयास रहा कि लोगों को नई बातें और नए तरीके अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

# आशा कार्यकर्ताओं का धरना 10वें दिन भी जारी रहा



सोहना के नागरिक अस्पताल में 10वें दिन धरने पर बैठीं आशा कार्यकर्ता।

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


**आशा** कार्यकर्ताओं का अपनी मांगों को लेकर चला आ रहा धरना 10वें दिन भी जारी रहा। आशा कार्यकर्ताओं ने धरना मंगलवार तक बढ़ा दिया है।

ब्लॉक कॉआर्डिनेटर सुनीता ने बताया कि अभी तक उन्हें यूनियन के अधिकारियों से धरना समाप्त करने का कोई संदेश नहीं मिला है। जब तक उन्हें यूनियन का आदेश नहीं मिलेगा वे धरने पर बैठी रहेंगी। सुदेश शर्मा ने कहा कि मांगें पूरी नहीं होने तक धरना जारी रखने के इरादे से यूनियन चल रही है। उन्होंने कहा कि उनके साथ सीटीयू, सर्व कर्मचारी संघ राष्ट्रीय स्तर की यूनियनें साथ हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को सबसे पहले आशा कार्यकर्ताओं को पक्का करना होगा। उसके बाद उनका रुका हुआ वेतन जारी करना होगा।

# 'वर्चुअल जन गण मन' राष्ट्रगान को दिया स्वतंत्रता दिवस भारतबाला ने नया रूप

### प्रसार भारती की एक पहल, गूगल द्वारा संचालित, भारतबाला और वर्चुअल भारत द्वारा निर्मित

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**वर्चअल** राष्ट्रगान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गूगल सर्च, यूट्यूब मास्टहेड और दूरदर्शन पर पदार्पण किया। जब इसे 74वें स्वतंत्रता दिवस पर लॉन्च किया गया तब यह अरुणाचल प्रदेश के पहाड़ों से लेकर थार रेगिस्तान तक पूरे भारत के लोगों की आवाज को एक साथ लाने वाला अवसर था।

2020 भारत में सामाजिक दूरी वाला वर्ष रहा है। ऐसा वर्ष भारतीय एक-दूसरे से दूर रहे हैं। यह फिल्म भावनाओं से भर देती है, जब हम सभी भारतीय एक साथ राष्ट्रगान गाते हैं। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा जुटाई गई इन अवाजों से पहली बार भारतबाला और वर्चुअल भारत द्वारा 'जन गण मन' को एक सिनेमा की दृष्टि से नया रूप दिया गया है।

भारतबाला ने कहा कि ऐसे समय में जब हम सब इतने दूर रहे हैं -तब भारत के लोगों को वर्चुअल एक साथ लाना-मूल रूप से वर्चुअल भारत बनाना है। इस विचार पर साझेदारी करने का यही कारण था। मेरी सोच का भारत - वर्चुअल भारत का मतलब भारत के लोगों को वर्चुअली साथ लाना है - भारत के लोगों को सभी जगहों की संस्कृति को शॉर्ट फिल्म के माध्यम से साथ लाना है। इसलिए यह प्राकृतिक रूप से सभी पहलुओं को देखते हुए यह बिल्कुल सही मेल है। हालांकि यह अपने आप में पहली तरह की टेक्नोलॉजी है, जो विभिन्न आवाजों को एक साथ ला रही है, इसलिए एआई म्युजिक एक्सपीरियंस बनाने के लिए इसमें रचनात्मक स्तर पर कई चुनौतियां भी थीं। टेक्नोलॉजी का अहसास करवाए बिना मानवीय अहसास के साथ हम कैसे भारतीय आवाजों को एक साथ उपयोग कर सकते हैं? इस सबसे ऊपर विश्व के सबसे बेहतरीन राष्ट्रगान में हम कैसे वास्तविकता और गहराई का समायोजन कर सकते हैं।

## कहां जाएं गरीब

# बाहर आवारा पशुओं का आतंक अस्पताल में इंजेक्शन का अभाव

### 28 जुलाई से समाप्त हैं रैबीज के इंजेक्शन, परेशान हैं मरीज

**कविता।** फरीदाबाद

**कोरोना** महामारी के बीच आवारा पशुओं यानी कि कुत्तों और बंदरों का आतंक जिले में बढ़ गया है। लॉकडाउन के बाद से आवारा पशुओं की प्रवृति हिंसक हो चली है। ऐसे में शहर के बादशाह खान सिविल अस्पताल में आवारा पशुओं खास कर का कुत्तों का शिकार बनने के बाद भारी संख्या में लोग रेबिज के इंजेक्शन लगवाने पहुंच रहे है। लेकिन यहां पिछले 20 दिनों से इंजेक्शन ही समाप्त है। ऐसे में यहां यहां लगे नोटिस बोर्डों को देखकर मरीजों की परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे मरीजों को परेशान होकर यहां से लौटना पड़ रहा है। अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही के कारण आवारा पशुओं का शिकार होने वाले लोगों को बाजार से महंगे दामों में इंजेक्शन खरीदने पड़ रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक गत 28 जुलाई को बीके सिविल अस्पताल में रेबिज के इंजेक्शन समाप्त हो गए थे। जिसके बाद यहां तैनात फार्मासिस्टों ने अधिकारियों को सूचना देते हुए डिमांड भेज दी थी, लेकिन 17 अगस्त तक भी अस्पताल में इंजेक्शन नहीं पहुंच पाए हैं। तब से अब तक करीब हजारों की संख्या में मरीजों को यहां से खाली हाथ लौटाया जा चुका है। इससे मरीजों को परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ रहा है। यहां आमतौर पर आवारा पशुओं का शिकार होने वाले 70 से 100 मरीजों को रोजाना इंजेक्शन लगाऐ जा रहे थे। इस बात का पता प्रत्येक माह आने वाले मरीजों से ही लगाया जा सकता है। यहां जनवरी के बाद से ही इंजेक्शन समय समय पर समाप्त हो रहे है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अथवा अस्पताल प्रबंधन की तरफ से इंजेक्शन मंगवाने के लिए किसी तरह का कोई विशेष प्रयत्न नहीं किया गया है, ऐसे में यहां आने वाले लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ रही है। बीके अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में इंजेक्शन बीपीएल कार्ड धारकों को नि: शुल्क और अन्य सामान्य वर्ग के लोगों को सौ रुपये में लगाया जाता है। जबकि बाजार में एक इंजेक्शन की कीमत 300 रुपये से ज्यादा है। प्रत्येक मरीज को आमतौर पर तीन इंजेक्शन लगाने की जरूरत होती है।



ओपीडी में रूम के बाहर लगा रेबिज के इंजेक्शन समाप्त होने का नोटिस

**जनवरी से अब तक के आंकड़े**

| माह | मरीज | बीपीएल | पैसे देने वाले |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 250 | 14 | 236 |
| फरवरी | 970 | 28 | 942 |
| मार्च | 1330 | 42 | 1288 |
| अप्रैल | 826 | 31 | 795 |
| मई | 927 | 38 | 889 |
| जून | 800 | 47 | 753 |
| जुलाई | 600 | 65 | 753 |
| अगस्त | 0 | 0 | 0 |

## कोरोना: एक मौत, 107 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 11,135 पर

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिले** में एक तरफ कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ रही है। वहीं दूसरी तरफ कोरोना से ठीक होने वालों का रिकवरी रेट सोमवार को 91.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। पिछले 24 घंटे में 149 मरीजों ने कोरोना को मात देने में सफलता हासिल की। लेकिन वहीं दूसरी तरफ मरीजों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। 107 पॉजिटिव सामने आने से आंकड़ा 11,135 पर पहुंच गया तो वहीं एक मौत से मृतकों की संख्या का आंकड़ा 153 पर पहुंच गया है।

**मृतक और पॉजिटिव**

पिछले 24 घंटे में कोरोना पॉजिटिव सेक्टर-16 निवासी 76 वर्षीय एक बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 153 हो गया। वहीं 107 पॉजिटिव में सेक्टर-23 से 11, सेक्टर-16ए से 8, जवाहर कालोनी से 4, एनआईटी-तीन से पांच, एनएच-दो से 7, एनएच-एक से 1, चावला कालोनी से 2, सेक्टर-22 से 3, सेक्टर-29 से 3, सेक्टर-30 से 2, सेक्टर-19 से 3, सेक्टर-3 से 4, सेक्टर-8 से 5, सेक्टर-18 से 1, ग्रीन फिल्ड कालोनी से 1, सेक्टर-82 से 2, सेक्टर-15 से 2, सेक्टर-14 से 1, सेक्टर-2 से 1, सेक्टर-25 से 1, सेक्टर-7 से 1, राम कालोनी से 1, खेड़ी पुल से 2, पर्वतिया कालोनी से 1, सिही से 1, जीवन नगर से 3, बड़खल मोड़ से 1, सेक्टर-23 से 1, चार्मवुड विलेज से 1, आदर्श नगर से 1, सेक्टर-9 से 1, तिलपत से 1, अमर नगर से 3, सेक्टर-31 से 3, राजा गर्डन ओल्ड से 1, न्यू कालोनी से 2, सेक्टर-32 से 1, सेक्टर-11 से 1, मवई से 1, पाली से 1, सेक्टर-28 से 1, मुजेसर से 1, ई-ब्लॉक फरीदाबाद से 1, विनोद कालोनी से 1, अन्य एरियों से आठ मरीज शामिल है।



**यह है आंकड़ा**

| | |
|---|---|
| जांच को भेजे सैम्पल | 104075 |
| रिपोर्ट आई नेगेटिव | 92320 |
| रिपोर्ट आनी शेष बाकी | 620 |
| अब तक पॉजिटिव आए | 11135 |
| मरीज हुए ठीक | 10183 |
| अब तक कुल मौते | 153 |
| क्रिटिकल हालत में भर्ती | 30 |
| आईसीयू में है भर्ती | 05 |

## संक्षिप्त समाचार

### जूनियर रेडक्रॉस और गाइड का पौधरोपण अभियान



**फरीदाबाद।** एनएच-तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की सेंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड, जूनियर रेडक्रॉस और गाइडस ने ब्रिगेड अधिकारी और विद्यालय के प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के निर्देशानुसार पौधरोपण अभियान में छायादार पौधे लगाए। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने बताया कि इस से पूर्व में भी वन महोत्सव के दौरान विद्यालय में एक सौ पचास पौधे लगाए जा चुके हैं और आज जामुन और पापड़ी के पौधे लगाए गए। प्राचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि पौधे हमारे जीवन के आभूषण है ये धरती मां का श्रृंगार हैं जितने अधिक पौधे हम रोपित करेंगे धरती मां के लिए, उतना ही ज्यादा अच्छा रहेगा। मनचन्दा ने विद्यालय की प्राध्यापिका ललिता, पूनम, जसनीत, अध्यापकों प्रेमदेव यादव, संजय मिश्रा, रेणु, अमृत कौर, को शिवम् वधवा, रामकृपाल तथा तिलकराज सहित अन्य सभी अध्यापकों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने पौधरोपण में सहयोग करने के लिए अपने सभी अध्यापकों तथा दीपिका भाटिया तथा आशा भाटिया का विशेष आभार व्यक्त किया।

### घर से निकाले बुजुर्ग को दिया सहारा



**फरीदाबाद।** बच्चों द्वारा घर से निकाले गए बुजुर्ग पिता को नवजन मोर्चा समिति ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम 2डी-ब्लॉक ब्लॉक ने सहारा देकर सराहनीय काम किया है। आश्रम के संचालक किशन लाल बजाज को पैनल एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता (डालसा) ने फोन कर बताया कि बाटा चौक पुल के नीचे एक बुजुर्ग लावारिस हालत में बैठा हुआ है। किशन लाल बजाज तुरंत अपनी टीम जिसमें सत्यपाल चौहान, सूरज आर्य तथा स्वर्णलता बजाज के साथ मौके पर पहुंचे और एडवोकेट रविन्द्र गुप्ता, राजेन्द्र गौतम, एडवोकेट रामवीर तंवर तथा एडवोकेट ओमप्रकाश सैनी की मौजूदगी में बुजुर्ग का बीके अस्पताल से कोरोना टेस्ट कराकर अपने साथ आश्रम लेकर आए। पूछताछ करने पर वृद्ध ने अपना नाम सुरेन्द्र उम्र 60 वर्ष बताया। उसने बताया कि बच्चों ने उसे घर से निकाल दिया है। भटक-भटककर वह इस जगह पहुंच गया। किशन लाल बजाज ने वृद्ध को आश्वासन दिया कि वह आश्रम को ही अपना घर समझें। जब तक चाहे वह यहां रह सकता है और उसके खाने पीने और पहनने का सारा इंतजाम नवजन मोर्चा समिति की देखरेख में किया जाएगा। किशन लाल बजाज ने बताया कि इसकी लिखित सूचना निकट की पुलिस चौकी में दे दी जाएगी।

### भाजपा नेता के भतीजे पर चाकू से जानलेवा हमला

**फरीदाबाद।** बीजेपी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामेश्वर प्रजापति के भतीजे पर महिला समेत तीन लोगों ने चाकू और पत्थर से हमला कर घायल कर दिया। घायल को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है पुलिस के मुताबिक आदर्श नगर में रहने वाला 29 वर्षीय देवेंद्र सिंह एचपी गैस एजेंसी पर मैनेजर है। रविवार रात को उसका दोस्त पवनेश कुमार उसके घर पर आया हुआ था। रात को करीब 11 बजे देवेंद्र सिंह अपने दोस्त को अपनी वैगनआर कार में बैठाकर उसके घर यादव चौक वाली गली में छोड़ने जा रहा था। जब उनकी कार छन्नूराम स्कूल रोड पर पहुंची, तभी उसकी कार के आगे दो युवक व एक महिला आकर खड़ी हो गई। जिस पर देवेंद्र सिंह ने कार को रोक लिया। आरोप है कि कार रूकते ही उन लोगों ने देवेंद्र पर थूकने का आरोप लगाते हुए धमकी दी और महिला ने उसके ऊपर पत्थर दे मारा। पत्थर लगते ही वह लहूलुहान हो गया। तभी एक युवक ने उसे पकड़ लिया और दूसरे ने उस पर चाकू से वार कर दिया। चाकू लगने से वह घायल हो गया। उसे अस्पताल में पहुंचाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए उसे सर्वोदय अस्पताल के आईसीयू में रखा गया है। बीजेपी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव रामेश्वर प्रजापति का आरोप है कि हमलावरों ने उसके भतीजे से सोने की चेन व 10-12 हजार रुपये भी छीने हैं। जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर धर्मवीर सिंह ने बताया कि मामले में आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी पहचान व तलाश की जा रही है।

### दो साल की लावारिश बच्ची को मां से मिलवाया

**फरीदाबाद।** 1098 पर 15 अगस्त को सूचना मिली कि विष्णु कॉलोनी आदर्शनगर में एक 2 साल की बच्ची लावारिश हालात में मिली है। सूचना पकार चाइल्ड हेल्प लाइन टीम से रविंद्र व सिपाही वीरेंद्र मिसिंग सेल फरीदाबाद मौके पर पहुंचे। उसके बाद बच्ची से मिले, बच्ची की उम्र ज्यादा छोटी होने के कारण वो अपने बारे में कुछ नही बता रही थी उसके बाद टीम वह बच्ची की आदर्श नगर थाने में डीडी कराकर व बच्ची का मेडिकल कराकर बाल कल्याण समिति के आदेश से बच्ची को आश्रम में छोड़ा उसके बाद टीम ने सभी सभी थानों चौकी में इसकी सूचना दी और टीम ने बच्ची का फोटो लेकर सेक्टर-56 बल्लबगढ़ बस स्टैंड पर व सुभाष कॉलोनी आस पास पता किया तो तब जाकर बच्ची के माता का पता चला। बच्ची की फोटो देखकर उसकी मां के आंखों में आंसू आ गए। 17 अगस्त को बच्ची का घर तलाश किया, तो पता चला कि बच्ची के माता पिता का आपसी मतभेद चल रहा है। दोनो अलग रहते हैं। बच्ची की माँ भावना किसी कम्पनी में काम करती है। भावना जब कम्पनी गई थी तो पीछे से बच्ची घर से निकल गई थी और रास्ता भटकते हुए विष्णु कॉलोनी आ गई। वहां उसको रोते हुए लोगों ने देखा तो उन्होंने 1098 पर इस केस की सूचना दे दी थी।

## किसानों को दिया जा रहा 80 प्रतिशत अनुदान

**फरीदाबाद।** कृषि विभाग की ओर से फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम के तहत किसानों को कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। उप कृषि निदेशक डॉ. अनिल ने बताया की फसल अवशेषों को खेत में मिलाने व अन्य प्रबंधन करने के लिए व्यक्तिगत श्रेणी में किसानों को 50 प्रतिशत तथा सेंटर स्थापित करने के लिए 80 प्रतिशत अनुदान पर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जमीन की उर्वरा शक्ति बनाये रखने तथा पर्यावरण प्रदुषण को कम करने के मद्देनजर केंद्र सरकार द्वारा फसल अवशेषों खासकर धान फसल के अवशेषों को खेतो में या खेतो से बाहर मशीनों द्वारा प्रबंधन के लिए किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध किये जा रहे हैं। इसमें 9 प्रकार के कृषि यंत्र व मशीनें, जिसमें सामान्य जाति के किसानो को दो सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट, सामान्य जाति की पांच व अनुसूचित जाति के लिए दो स्ट्रा बेलर, सामान्य जाति के लिए दो ट्रेक्टर माउन्टिंग कोर्प, रिपर कम बाइंडर आदि शामिल है।

## वार्ता विफल, अब 21 तक जारी रहेगा प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**आशा** वर्करर्स की हरियाणा सरकार से वार्ता हुई विफल। यूनियन ने 21 अगस्त तक हड़ताल को आगे बढ़ाया। आशा वर्करों का कहना है कि जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मान लेती तब तक वह प्रदर्शन जारी रखेंगी।



गौरतलब रहे हरियाणा में 20000 आशा वर्कर्स 7 अगस्त से स्वास्थ्य के ढांचे को मजबूत करने, न्यूनतम वेतन, कोविड के दौरान अतिरिक्त जोखिम भत्ते एवं कटी हुई प्रोत्साहन राशियों की बहाली की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। राज्य सरकार ने मांगों पर बातचीत के लिए सोमवार को आशा वर्करर्स यूनियन हरियाणा (सीटू) को वार्ता के लिए, चंडीगढ़ सचिवालय में आमन्त्रित किया था। वार्ता में अतिरिक्त मुख्य सचिव स्वास्थ्य विभाग, राजीव अरोड़ा, एनएचएम निदेशक प्रभजोत सिंह, स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ कंबोज, प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ वीरेंद्र बंसल शामिल थे। जबकि यूनियन कि ओर से राज्य प्रधान प्रवेश महासचिव सुरेखा राज्य सचिव सुनीता सीटू राज्य महासचिव जय भगवान शामिल रहे। इस अवसर पर यूनियन राज्य पदाधिकारी सुधा, सरबजीत, मीरा नीलम, अनीता एवं अंजू उपस्थित रहे। करीब डेढ़ घंटे तक किसी भी बात पर कोई ठोस आश्वासन सरकार नहीं दिया। जिस पर यूनियन ने प्रदर्शन को जारी रखने के निर्देश दिए है। जिस पर जिला प्रधान हेमलता और सचिव सुधा ने कहा कि सरकार के इस असंवेदनशील रुख के खिलाफ यूनियन ने हड़ताल को 21 अगस्त तक जारी रखने का फैसला किया है। हम सरकार से मांग करते हैं कि हमारी मांगो व समस्याओं का सम्मानजनक समाधान करें।

## कैदियों को प्रताड़ित करने का आरोप लगा कर किया जेल पर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**नीमका** गांव स्थित जिला जेल में बंद दो कैदियों के परिजनों ने सोमवार को जेल के बाहर प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों का जेल प्रशासन पर दो कैदियों को प्रताड़ित करने और अन्य कई गंभीर आरोप लगाए है। हंगामे की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। जेल अधिकारियों और पुलिस ने परिजनों की मुलाकात दोनों कैदियों से करवाई। जिसके बाद परिजन शांत होकर लौट गए।

जानकारी के मुताबिक फरीदपुर गांव निवासी नीरज शर्मा व घुघसन गांव निवासी कुलदीप त्यागी नीमका जेल में बंद हैं। दोनों बंदियों के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मामले दर्ज हैं। नीरज शर्मा के खिलाफ हत्या व जानलेवा हमले सहित 10 मामले दर्ज हैं। जबकि कुलदीप त्यागी के खिलाफ भी मारपीट, छीना झपटी व जानलेवा हमले करने के दर्जन भर मामले दर्ज हैं। यह दोनों कैदी काफी समय से जेल में बंद हैं। नीरज का संबंध कौशल गैंग से है। सोमवार दोपहर को नीरज व कुलदीप के परिजन इकट्ठे होकर जेल पहुंच गए। परिजनों ने नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि नीरज व कुलदीप त्यागी को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्हें तीन दिन से अच्छा खाना नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने जेल प्रशासन पर कैदियों से मारपीट करने व अवैध वसूली का आरोप भी लगाया।

उनका कहना था कि उन्हें इस बात की सूचना दोनों कैदियों ने जेल के फोन पर दी है। सूचना मिलने पर थाना शहर बल्लभगढ़, तिगांव थाना व सदर थाना से भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। एसीपी तिगांव पृथ्वी सिंह भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शन करने वाले लोगों को शांत करने का प्रयास किया। लेकिन वह चुप नहीं हुए। इस दौरान पुलिस और महिलाओं की झड़प भी हो गई। काफी देर बाद मामला शांत हो सका। जिसके बाद दोनों कैदियों के चार परिजनों को जेल के अंदर बुलाया गया।

वहां पर उन्हें बताया कि दोनों कैदियों से 15 अगस्त को मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। दोनों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया गया है। जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर का कहना था बंदियों के परिजनों की ओर से लगाए जा रहे आरोप पूरी तरह गलत हैं। थाना सदर प्रभारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि यदि जेल प्रशासन की तरफ से शिकायत मिलेगी तो जेल परिसर में घुसकर प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा।

## पीड़ितों को एक करोड और नौकरी के लिए सड़क पर उतरने की चेतावनी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**गांव** साहुपुरा में हुए परसराम बाल्मीकि हत्याकांड के पीड़ित परिवारजनों को न्याय दिलाने के लिए बहुजन समाज पार्टी ने सड़क पर उतरने की चेतावनी दी है। रविवार को गांव के सामुदायिक भवन में हुई बहुजन समाज की महा पंचायत में बसपा के हरियाणा प्रभारी डॉ. महेश कुमार ने भाजपा सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा यदि 3 दिन में हत्यारोपियों को जेल और पीड़ित परिवार के बच्चों को 20 लाख प्रति बच्चे के हिसाब से 1 करोड 20 लाख और परसराम की पत्नी को सरकारी नौकरी नहीं दी गई, तो बहुजन समाज पार्टी चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा महापंचायत 3 दिन बाद जो भी फैसला लेगी, उसके हिसाब से आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। महापंचायत में बसपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक संदीप बाल्मीकि ने पीड़ितों को सांत्वना दी। बसपा हरियाणा महासचिव डॉ. श्यामलाल, एडवोकेट नेतराम, आर.एस. गौतम, जिला अध्यक्ष मनोज चौधरी, सुरेन्द्र वशिष्ठ, करनाल से बसपा कार्यकर्ता सतीश बाल्मीकि, बीवीएफ कमांडर विजय दुधौला, सुरेन्द्र यादव सहित गांव के सैकडों लोग मौजूद थे।



हरियाणा बसपा प्रभारी ने मनुवादी मानसिकता के लोगों पर प्रहार करते हुए कहा हरियाणा में ही नहीं पूरे भारत में बहुजन समाज के लोगों पर अत्याचार हो रहे हैं। जो लोग एक कमजोर आदमी को घेर कर मारते हैं, वो दबंग नहीं बल्कि कायर हैं। वो लोग दिमांगी बीमार हैं, और उनकी इन हरकतों को सहन नहीं किया जाएगा। हरियाणा में पहले कांग्रेस और भाजपा की सरकार में लगातार बहुजन समाज के लोगों के घर जलाए जा रहे हैं, उनको मौत के घाट उतारा जा रहा है। जबकि क्षेत्र के विधायक, सांसद और सरकार के मंत्री चुप बैठे तमाशा देखते हैं। उन्होंने कहा मिर्चपुर कांड, सुनपेड कांड, रमन बाल्मीकि हत्याकांड, घरोडा कांड, दुलीना कांड, गोहाना कांड, सहारनपुर कांड जैसे न जाने कितने कांड हैं जो इन मनुवादियों ने कराएं हैं।

## खर्चे का ब्यौरा न देने पर दायर की प्रथम अपील

**फरीदाबाद।** हरियाणा अभिभावक एकता मंच ने सीबीएसई में आरटीआई लगाकर फरीदाबाद के प्राइवेट स्कूलों द्वारा जनवरी से लेकर जून 2020 तक अभिभावकों से हर प्रकार से वसूली गई फीस, स्कूल की अन्य आमदनी, स्कूल के पास मौजूद रिजर्व व सरप्लस फंड की तथा अध्यापकों को दी गई तनख्वाह व अन्य मदों में किए गए खर्च के ब्योरे की जानकारी मांगी थी। निर्धारित समय पर जानकारी न मिलने पर मंच ने अब सीबीएसई के प्रथम अपील अधिकारी के पास प्रथम अपील दायर की है। मंच के प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि प्रथम अपील के बाद भी अगर मांगी गई, जानकारी ठीक प्रकार से नहीं दी गई, तो केंद्रीय सूचना आयोग नई दिल्ली में द्वितीय अपील दायर की जाएगी। कैलाश शर्मा ने बताया कि मंच की ओर से उन्होंने 24 जून को सीबीएसई कार्यालय प्रीत विहार दिल्ली में आरटीआई लगाकर 4 पॉइंट्स में उपरोक्त जानकारी मांगी गई थी।

## मंत्री ने किया गलियों को बनाने के कार्य का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के परिवहन एवं खनन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ मलेरना रोड पर आदर्श नगर वार्ड 38 की तीन गलियों को बनाने के कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर वार्ड 38 के पार्षद के अलावा 40 व 39 के पार्षद भी मौजूद रहे। हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री श्री मूलचंद शर्मा ने 18 लाख की लागत से बनने वाली 3 गलियों का नारियल यहां के स्थानीय पार्षद व कॉलोनी वासियों के हाथों से तुड़वाकर शुभारंभ किया। यह गलियां लगभग एक हफ्ते में बनकर तैयार हो जाएंगी खास बात तो यह कि यह गलियां नाली मुक्त होंगी। यहां के स्थानीय लोगों ने अपने कनेक्शन सीवर लाइन में करा कर नाली मुक्त करने का फैसला लिया है। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा का स्थानीय लोगों ने पगड़ी पहनाकर जोरदार स्वागत किया। मंत्री शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ के विकास के लिए हरियाणा की मनोहर लाल की सरकार ने पैसे की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि रूके हुए सभी विकास कार्य शुरू हो चुके हैं, उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा में विकास की कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि आज बल्लभगढ़ शहर की कालोनियों में लाइटें, पक्की सड़कें, सीवर जैसी सुविधाएं लोगों को सरकार द्वारा दी गई है। उन्होंने बल्लभगढ़ में हुए रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्यों के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी धन्यवाद किया।



## बीट सिस्टम को पूर्ण रूप से लागू करने के आदेश

### नागरिकों की सुरक्षा होगी पुलिस की प्राथमिकता: ओपी सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** कमिश्नर ओपी सिंह ने सेक्टर-21सी स्थित अपने कार्यालय में सभी डीसीपी, एसीपी के साथ मीटिंग कर बीट सिस्टम, कानून व्यवस्था, पेंडिंग केस के बारे में आवश्यक कार्यवाही को दिशा-निर्देश दिए हैं। मीटिंग के दौरान पुलिस कमिश्नर ने कहा कि बीट सिस्टम का कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ाया जाए। रोजाना वह खुद किसी न किसी बीट का दौरा करेंगे। इस दौरान उन्होंने तीनों जोन के डीसीपी को भी हिदायत दी है कि वह भी अपने अपने एरिया का दौरा करके बीट इंचार्ज और सह-पुलिस कर्मियों के साथ बातचीत करें तथा उन्हें आने वाली समस्याओं के बारे में सुनवाई करें ताकि पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़े और वह और अच्छे से अपने बीट एरिया में कार्य कर सके। पुलिस कमिश्नर ने आगे बताया कि एसीपी अपने एरिया में आने वाली प्रत्येक बीट के लिए जिम्मेदार होंगे और अपने बीट के पुलिसकर्मियों को समय-समय पर आवश्यक निर्देश देते रहेंगे। पुलिस कमिश्नर के निर्देशों के अनुसार सभी बीट इंचार्ज और पुलिसकर्मी साइकिल और पैदल गश्त करेंगे और अपने बीट में रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करेंगे। गश्त करने के अलावा प्रत्येक बीट पुलिस ऑफिसर अपने अपने एरिया में रहने वाले लोगों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाएगा और व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से अपने एरिया में क्या चल रहा है उसकी जानकारी हासिल करेगा।




पुलिस कमिश्नर ने नागरिकों की सुरक्षा के बारे में बताते हुए कहा कि नागरिकों की सुरक्षा देना फरीदाबाद पुलिस की प्राथमिकता होगी, जिसके चलते वह गश्त और पेट्रोलिंग को बढ़ावा दे रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ने बताया कि फरीदाबाद जिले में क्राइम पर कंट्रोल करने और कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए फरीदाबाद पुलिस को 51 सब इंस्पेक्टर मिले हैं जोकि अभी ट्रेनिंग पास आउट होकर आए हैं। उपरोक्त पुलिसकर्मियों को फील्ड में तैनात किया जाएगा ताकि उनको बीट सिस्टम के बारे में भी जानकारी हो सकें। ऐसा करने से भविष्य में उन्हें तफ्तीश करने में मदद करेगी।

मीटिंग के दौरान सभी एसएचओ को निर्देश दिए गए हैं कि शिकायतकर्ता से अच्छे से बात की जाए और उनकी समस्याओं को सुना जाए और उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। पुलिस कमिश्नर ने सभी एसएचओ को निर्देश दिए हैं कि जघन्य अपराध के मुकदमों में देरी ना करें, समय पर कार्यवाही करें।

## बैठक में बनी पेंडिंग कार्यों की लिस्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** के पूर्व मंत्री के पुत्र एवं एनआईटी-86 के विधायक नीरज शर्मा ने गांवों के विकास के लिए खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में मीटिंग ली और गांवों के विकास के मुद्दे पर चर्चा की। मीटिंग में बीडीपीओ नवनीत कौर, गांवों के सरपंच, ब्लॉक मेंबर, जिला परिषद उपस्थित थे। मीटिंग के दौरान ब्लॉक समिति सदस्यों व सरपंचों ने अपने क्षेत्रों में पेंडिंग पड़े विकास कार्यों के बारे में विधायकजी को जानकारी दी। उन्होंने गांवों में ओपन जिम लगाने, सड़कें, चारदीवारी करने, गलियों व नालियों को बनाने व अन्य पेंडिंग पड़े कामों के बारे में बताया। विधायक ने बताया कि सरकार ने गांवों के विकास के लिए कुछ फंड आया है, जिससे गांवों में विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने सभी सदस्यों से अपने-अपने गांव में कराए जाने वाले निर्माण कार्यों के बारे में जानकारी मांगी। ताकि बजट का पैसा उनमें बांट कर विकास कार्यों को पूरा कराया जा सके। विधायक ने एनआईटी-86 के सभी गांवों के सरपंचों को निर्देश देते हुए कहा कि आप अपने-अपने गांवों का एक नक्शा बनवाएं। जिसमें सड़कें, नाली, गलियों के रास्ते और जो भी काम होने वाले उनका संपूर्ण विवरण हो और इसके साथ-साथ उन्होंने किसान खेत योजना के तहत खेतों तक बनने वाले रास्ते का एस्टीमेट बनवाने के भी निर्देश दिए ताकि सभी गांवों का संपूर्ण विकास हो सकें। एनआईटी-86 के सरपंच, ब्लॉक मेंबर, जिला परिषद ने बताया कि वर्ष 2014 में जब स्व. पं. शिवचरन लाल शर्मा चुनाव जीते थे और उन्होंने हरियाणा का मंत्री बनाया गया तो पंडित ने एनआईटी-86 के सभी गांवों व शहरों में भरपूर विकास कार्य करवाए थे।



## प्रधानमंत्री का संबोधन

### आत्मनिर्भरता पर जोर

**चौहत्तरवें** स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते समय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोरोना वायरस वैश्विक महामारी का यथार्थ अच्छी तरह समझ रहे थे। अपने भाषण में उन्होंने पहले की अनेक घोषणाओं के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर भी दिया। उन्होंने राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की घोषणा के साथ ही जम्मू कश्मीर में चुनावों के संकेत दिए। अपने भाषण में उन्होंने सरकार के प्रदर्शन का आंकलन करने के साथ ही महामारी-पश्चात बदली दुनिया के लिए नए रोडमैप के भी संकेत दिए। उन्होंने बार-बार जोर दिया कि कोरोनावायरस भारत की आत्मनिर्भरता के रास्ते में बाधा नहीं बन सकता है। इस प्रकार उन्होंने अर्थव्यवस्था व राष्ट्रीय जीवन के सभी क्षेत्रों के लिए आत्मनिर्भरता को परिवर्तनकारी सिद्धान्त की तरह पेश किया। उन्होंने 'मेक इन इंडिया' को 'मेक फार द वर्ड' से जोड़ते हुए उल्लेख किया कि अब भारत पीपीई किटों, दवाओं व वेंटीलेटरों का निर्यात कर रहा है, जबकि महामारी शुरु होने के समय इनकी भारी कमी थी। उन्होंने यह भी कहा कि परस्पर जुड़ी दुनिया की परस्पर-निर्भरता पर सवाल उठाए बिना भारत वैश्विक निर्यातों में अपना हिस्सा बढ़ा सकता है। विनिर्माण तथा उसके मानक बढ़ाने को प्रोत्साहन के साथ उन्होंने दुनिया की सर्वोत्तम तकनीक के साथ सहयोग कर उसके भारतीयकरण तथा वैश्विक प्रतियोगिता का सामना करने की बात कही। इस प्रकार भारत भविष्य में दुनिया की फैक्ट्री बन सकता है। भारत में डिजिटल क्रांति का लाभ उठाते हुए उन्होंने अगले 1000 दिनों में देश के सभी छह लाख गांवों को आप्टिकल फाइबर से जोड़ने की घोषणा के साथ ही आयुष्मान भारत के बाद दूसरा बड़ा कदम उठाया। अब हर नागरिक को एक हेल्थ आईडी मिलेगी जिसमें उसकी केस हिस्ट्री के साथ ट्रीटमेंट प्रोटोकाल का उल्लेख हर बार डाक्टर या फार्मेसी में जाने पर पर्दे पर दिखेगा। डिजिटल हेल्थ




मिशन हमारे टेली-मेडिसिन नेटवर्क को मजबूत कर खतरनाक संकेतों की जल्दी पहचान कर सकता है। आंकड़ों को चोरी से बचाने के लिए केवल कार्ड धारक ही डाक्टर के पास जाने पर ये विस्तृत विवरण खोल सकेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैक्सीन आने पर सभी नागरिकों तक इसे कम से कम समय में पहुंचाने का रोडमैप तैयार है। उन्होंने किसानों हेतु ढांचागत संरचना विकसित करने के लिए एक लाख करोड़ रुपये के फंड की घोषणा याद दिलाई। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर ढांचागत संरचना का विस्तार करने के लिए 110 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कश्मीर के बारे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि परिसीमन पूरा होने के बाद चुनाव कराए जाएंगे। कम से कम यह सरकार की ओर से राजनीतिक संवाद का संकेत है। लेकिन उन्होंने घाटी के लिए किसी बड़ी योजना की घोषणा नहीं की तथा महिलाओं, दलितों, और शरणार्थियों के सरोकारों पर ध्यान देने की बात कही। इसके साथ ही उन्होंने लद्दाख के लिए सौर ऊर्जा व आर्गेनिक परियोजनाओं का विशेष उल्लेख किया। सुरक्षा के मुद्दे पर उन्होंने चीन का नाम नहीं लिया। उन्होंने गलवान में शहीदों की प्रंशसा करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि हमारे सैनिक आतंकवाद और विस्तारवाद का मुंहतोड़ जवाब देंगे। हिंद महासागर क्षेत्र में अपने 1,300 द्वीपों के 'विकास' से उन्होंने समुद्र में चीन की रणनीतिक उपस्थिति का जवाब देने के संकेत दिए। जेंडर समानता का पक्ष लेते हुए उन्होंने एक समिति की घोषणा की बात कही जो लड़कियों के विवाह के लिए न्यूनतम आयु का निर्धारण करेगी। इस प्रकार उन्होंने भारत में महिलाओं की समस्याओं पर ध्यान देने की प्रतिबद्धता भी प्रकट की। उन्होंने एक रुपये में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का आश्वासन दे कर मासिक धर्म स्वास्थ्य पर भी जोर दिया। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में राम मंदिर के लिए भूमि पूजन का उल्लेख भी किया। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण विवादों के समाधान तथा शांति लाकर इसने भविष्य का रास्ता दिखाया है।

# कट्टरपंथियों को नकारे मुस्लिम समाज

**मुस्लिम समाज का प्रतिनिधित्व उदारवादी व संतुलित सोच वाले मुसलमानों को करना चाहिए। उनको धर्म के साथ इतिहास का ज्ञान भी होना चाहिए। ऐसा न होने पर हम भटक सकते हैं।**



**फ़ीरोज़ बख्त अहमद**
(लेखक मौलाना आज़ाद के प्रपौत्र हैं)



1947 के बाद से नदियों में बहुत पानी बह गया है। पुरानी दिल्ली में जामा मस्जिद की सीढ़ियों से मौलाना अबुल कलाम आजाद के आह्वान पर 200 मिलियन से अधिक भारतीय मुसलमानों ने पाकिस्तान जाने का विचार छोड़ दिया था। संभवत: यह निर्णय सही था। आज भी पुरानी दिल्ली में रहने वाले अनेक भारतीय मुसलमानों के रिश्तेदार सीमापार पाकिस्तान में हैं। भारत और दुनिया में कट्टरपंथ ने किसी समुदाय का भला नहीं किया है। प्रख्यात मुस्लिम विचारक ए.जी. नूरानी के अनुसार 'द्विराष्ट्र सिद्धान्त' वास्तव में दोनों समुदायों के बीच लगातार टकराव का नतीजा था और संयोग से जिन्ना को इससे मुसलमानों में लोकप्रियता मिल गई थी। हिंदू मुस्लिम समुदायों के बीच बढ़ती घृणा के कारण 1947 में देश का विभाजन हुआ।

बुर्जुग लोग विभाजन की विभीषिका से परिचित हैं, जब पाकिस्तान से मृत व अंग भंग हिंदुओं से भरी ट्रेनें भारत और भारत से इसी प्रकार मुसलमानों से भरी ट्रेनें पाकिस्तान पहुंचीं। इनको 'खूनी ट्रेनें' कहा गया। सीमा के दोनों ओर हजारों लोगों के घर जला दिए गए तथा उनकी संपत्ति लूट ली गई, महिलाओं से बलात्कार हुआ तथा मां-बाप के सामने बच्चों की हत्यायें हुईं। कुछ महिलायें अपनी इज्जत बचाने के लिए नदियों और कुंओं में कूद गईं तथा कुछ लोगों ने स्वयं बेइज्जती से बचाने के लिए अपनी पत्नियों व बेटियों को मार डाला। मुसलमानों की ओर से जिन्ना और उनके विरोध में नेहरू ने भारत की संप्रभुता की रक्षा करने के बजाय नए उभरते राज्यों का शासक बनने का सपना संजोया। कांग्रेस ने मौलाना आजाद को पूरी तरह अनदेखा किया क्योंकि वे नेहरू और जिन्ना को विभाजन के लिए जिम्मेदार खलनायक मानते थे। उन्होंने नए देश का पहला प्रधानमंत्री बनने की इच्छा रखने वाले नेहरू का अवसरवाद अच्छी तरह समझ लिया था।

मौलाना आजाद विभाजन से बहुत दुखी थे और उन्होंने लेडी एडविना माउंटबेटन पर नेहरू को विभाजन के लिए ललचाने का आरोप लगाया था। डा. सईद आलम द्वारा लिखित 'मौलाना आजाद' नाटक में भूमिका निभाने वाले टाम आल्टर कहते हैं, 'लोग कहते हैं और ठीक ही कहते होंगे कि जवाहर लाल को बटवारे पर राजी करने में उस आकर्षक महिला का बहुत बड़ा हाथ था।' आज के मुस्लिम नेतृत्व में मौलाना आजाद व डा. जाकिर हुसेन जैसे विचारकों का अभाव है। हर चुनाव में सत्ता के भूखे नेता वोटबैंक राजनीति करते हुए स्वयं राज्य का संरक्षण प्राप्त करते हैं तथा आम मुसलमानों को भगवान की दया पर छोड़ देते हैं।

मुसलमान भ्रमित हैं और इसी कारण वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरी तरह विश्वास नहीं करते हैं। 6 जून, 2015 को अपने आवास पर प्रख्यात मुस्लिम धर्मगुरुओं व बुद्धिजीवियों के साथ बैठक में मोदी ने कहा था कि वे हर मुसलमान के हाथ में पवित्र कुरान और कंप्यूटर देखना चाहते हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था, 'मुसलमान हमारे बच्चों की तरह हैं। हम उनके साथ दूसरों की तरह समानता का व्यवहार करना चाहते हैं।' लेकिन समुदाय के शायद ही किसी व्यक्ति ने उनकी प्रशंसा की हो। यह विरोधी सोच मुसलमानों के मुख्यधारा में समाहित होने में सबसे बड़ी बाधा है। संकुचित सोच वाले अल्पज्ञानी धर्मगुरुओं तथा हल्की सोच वाले नौजवानों की लोकप्रिय लफ्फाजी व उकसावे वाली गरम बातों से देश के सभ्य व उच्च क्षमताओं वाले अल्पसंख्यक एक दोराहे पर खड़े हैं। पुरातनपंथी दृष्टिकोण के कारण वे समुदाय को अज्ञान के उस अंधकार में धकेल रहे हैं जैसा अरब देशों में इस्लाम के आने से पहले था। इसके साथ ही वे अपना घर भरने में लगे हैं और ऐसा संकुचित व गैर-जिम्मेदार विमर्श पेश कर रहे हैं जो एकदम असंगत तथा यथार्थ से दूर है। ऐसे नेताओं की कोई दिलचस्पी समुदाय की मुख्य समस्याओं के समाधान में नहीं है। मुस्लिम नेता और छुद्र राजनेता दिन पर दिन अमीर होते जाते हैं, जबकि उनकी समर्थक जनता मलिन बस्तियों में जीवन काट रही है।

घेरेबंदी की इस स्थिति में राजनीतिक बिचौलिये स्वयं को समुदाय के प्रवक्ताओं की तरह पेश कर संवेदनशील मुद्दे उठाते हैं ताकि अज्ञानी लोगों पर पकड़ मजबूत कर उनका ध्यान रोजी-रोटी व शिक्षा के असली मुद्दों से हटा सकें। शाहबानो, जामिया मिलिया, एएमयू का अल्पसंख्यक चरित्र, तसलीमा नसरीन, सलमान रश्दी, आदि मुद्दे बन जाते हैं। लेकिन इनमें से कोई भी मुसलमानों की असली समस्या नहीं है। शिक्षा में पिछड़ापन, महिलाओं की शिक्षा, सामाजिक गतिरोध, पुलिस बलों का सांप्रदायीकरण तथा मुख्यधारा में अनुपस्थिति जैसे मुद्दों की चर्चा ये स्वघोषित प्रवक्ता कभी नहीं करते हैं। वे इन मुद्दों पर उतना जोर नहीं देते हैं जितना बाबरी मस्जिद पर देते हैं। ऐसे ही नेतृत्व के कारण मुस्लिम स्वतंत्रता के 73 साल बाद भी अनेक अवसर गंवा रहे हैं।

भारतीय मुसलमानों की मुख्य समस्या घेरेबंदी वाली मानसिकता है। इसीलिए वे जानबूझ कर स्वयं को 'मुस्लिम भारतीय' कहते हैं, हालांकि यह भी मानते हैं कि पाकिस्तान धरती पर नर्क बन गया है। लेकिन वे स्वीकार नहीं करते हैं कि सुरक्षा और संरक्षा के दृष्टिकोण से भारत में उनकी स्थिति पाकिस्तान से बेहतर है। कराची में मेरे एक रिश्तेदार ने बताया कि सूरज डूबने के बार शहर की सारी सड़कों पर सन्नाटा फैल जाता है। मैं अपने भारतीय सहधर्मियों से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएएस, भाजपा और मोदी को गाली देकर उनको क्या लाभ होता है? क्या लगातार धर्म के आधार पर आरक्षण मांगने से उनकी छवि खराब नहीं होती है?

तथाकथित बुद्धिजीवी व धर्मगुरु टीवी बहसों में अपने विरोधियों से झगड़ा क्यों करते हैं? इन सबसे भारत में मुसलमानों की नकारात्मक छवि बनी है। मुझे चिन्ता है कि यदि इन सवालों का समुचित जवाब न मिला तो हिंदू-मुस्लिम संबंध और खराब हो सकते हैं। कम से कम शिक्षित मुसलमानों की ओर से इन सवालों के जवाब आने चाहिए। समुदाय का प्रतिनिधित्व ऐसे उदारवादी व संतुलित मुसलमानों के हाथ में होना चाहिए जो धार्मिक आस्था के साथ इतिहास का ज्ञान रखते हों।

लेकिन घेरेबंदी वाली सोच के कारण मुस्लिम समुदाय की स्थिति संकटग्रस्त है और वे एआईएमपीएलबी व शरीया अदालतों के माध्यम से समानान्तर व्यवस्था चलाने का प्रयास करते हैं। ओवैसी बंधुओं, आजम खान और ऐसे ही टीवी बहसों में दिखने वाले नेता उनका प्रतिनिधित्व करते हैं। उनकी जहरीली टिप्पणियों से से यह समझ बनती है कि देश के सारे मुसलमान एक जैसे हैं, जबकि यह सच नहीं है। आधे से अधिक मुसलमानों के दिमाग में भारत का प्रगतिशील विचार है। लेकिन वे अपना मुंह बंद रखते हैं तथा खुलेआम इस सरकार का समर्थन नहीं करते हैं। उनको डर है कि ऐसा करने पर आरएसएस या भाजपा-समर्थक बता कर उनका सामाजिक बहिष्कार होगा। आज के मुसलमान पैगंबर हजरत मुहम्मद की शिक्षाओं का पालन नहीं करते हैं और इस्लाम से भी दूर हो गए हैं। इस्लाम अपने चारों ओर की सामाजिक व राजनीतिक स्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढाल लेता है। मुस्लिम पर्सनल कानून या शरीया अपरिवर्तनीय नहीं हैं। तीन तलाक पर प्रतिबंध इसका उदाहरण है। इस्लाम में केवल कुरान तथा पैगंबर साहब की परंपरायें अपरिवर्तनीय हैं। मोदी, शाह, विधि मंत्री रविशंकर प्रसाद तथा उनके सथियों ने क्रूर कानून में बदलाव के साथ ही पुराना मस्जिद-मंदिर विवाद भी हल कर दिया है।

हालांकि, पूरे भारत में अनेक समस्याओं के बावजूद मुस्लिम समुदाय प्रगति कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस ने भारी बदलाव किया था। अब ज्यादातर लोग शिक्षा पर ध्यान दे रहे हैं। 9 नवंबर को यह समस्या सद्भावनापूर्वक हल हो गई और एआईएमपीएलबी या ओवैसी बंधुओं के अलावा किसी मुसलमान ने इसका विरोध नहीं किया। आज छोटे से छोटे कस्बों में ज्यादा से ज्यादा मुस्लिम महिलायें शिक्षा पा रही हैं। हालांकि असम में एक, तेलंगाना में एक तथा उत्तर प्रदेश में दो मुस्लिम पार्टियां बनी हैं, पर अधिकांश मुस्लिम सेक्युलर राष्ट्रीय पार्टियों के साथ हैं। मुसलमानों को समझना चाहिए कि आरएसएस एक यथार्थ है और प्रधानमंत्री मोदी ने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का वादा किया है। समय की आवश्यकता है कि सभी मुसलमान स्वयं को जिम्मेदार मानते हुए यह सुनिश्चित करें कि वे भारत के बहुलतावादी विचार के प्रति प्रतिबद्ध रहेंगे।

# हानिकारक है वास्तविकताओं की अनदेखी

> हो सकता है राजनीतिक शब्दाडंबर समझने योग्य हो लेकिन जब वह पूर्ण रूप से जीवन के यथार्थ को अनदेखा करता है तो इससे संकट और बढ़ जाता है।

**विनयशील गौतम**
(लेखक जने-माने प्रबंध परामर्शदाता हैं)



सकारात्मक बने रहने का अर्थ दीवाल पर लिखी इबारत पढ़ने में असमर्थ होना नहीं है। सकारात्मक होना उतना ही आवश्यक है जितना कि जीवन के लिए आक्सीजन। लेकिन वास्तविकता को न समझ पाना तथा स्वाभाविक दशा की अनदेखी करना अवरोध का कारण बन सकता है। स्वास्थ्य को लेकर व्याप्त व्याकुलता एवं आय तथा अवसरों के सीमांतों का क्षरण होने जैसे स्थानिक माहौल में स्थिति पहले से और भी बिगड़ जाती है।

इसका उल्लेख करना आवश्यक होता है क्योंकि यदि कर्ज पुनर्भुगतान मध्यस्थ वित्तीय संस्थाओं की उत्तरजीविता के लिए आवश्यक हों, तो कम्पनियों को कंगाली की हालत में पहुंचा देने वाले दृष्टिकोण समान रूप से खतरनाक हो सकते हैं। ऐसी परिस्थितियों में, समझ में आने योग्य किंतु हासिल न होने योग्य सामाजिक ध्येयों को लेकर चलने से भ्रम और बढ़ जाता है। 100 से कम कर्मचारियों वाले लघु तथा मध्यम उपक्रमों को पूरा वेतन दिए जाने के आदेश की स्थिति पर विचार करें। देखने में तो, यह सराहनीय दृष्टिकोण प्रतीत होता है, फिर भी उसका बुरा पक्ष भी है। ये छोटे उद्यम भुगतान करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे जब वे स्वयं ही कुछ कमा नहीं रहे हैं? यदि वे कंगाल हो जाते हैं, तो कर्मचारियों को घटी दरों पर भुगतान भी नहीं मिल पाएगा। यह अर्थशास्त्र नहीं, सामान्य समझ की बात है।

यदि वास्तविकता निराशाजनक हो, विरोध अथवा गत्यात्मकता की अपील करने से स्थिति प्रतिध्वनित होगी। अपनी आवाज ही बार-बार सुनाई देगी और कुछ भी नहीं बदलेगा। आवश्यकता हे संकट से पार पाने की वो भी विकल्प विकसित करने की वास्तविक क्षमता के साथ। ऐसी स्थिति की कल्पना करें जहां यह सबकुछ एक प्रशासनिक माहौल में स्थापित हो जाता है जहां अभी भी और अधिक कठोर कर व्यवस्था लाने तक प्रक्रिया को आगे और कड़ा कर दिया जाए।

शासन, कहीं भी हो, कई पहियों पर काम करता है। उनमें से एक है समितियों का कार्य। कोविड के दौर में समितियों की कोई कमी नहीं है जहां बहुत से समूहों के सदस्य सत्ता के गलियारों में व्यस्त हैं। प्रत्यक्ष रूप से एक कोविड-19 आर्थिक कार्य बल है। यदि उसने अभी तक धरती हिला देने वाली सिफारिशें नहीं की हैं, तो वे श्रेष्ठ रूप से रखी गई प्रशासनिक गोपनीयताएं हैं। स्तम्भों एवं चर्चाओं में मिलती हैं शब्द रचनाएं जैसे कि, ''परिवर्तनकारी आर्थिक अवसर'' अथवा सार्थक एवं प्रभावी कार्रवाई पर बल दिया जाना। इन सबसे क्या होता हे? एक कम्पास, जिसमें एक सुई हो और उत्तर का चिन्ह न हो, एक सामान्य प्रक्रिया नहीं है। यह मार्ग पाने का सामान्य तरीका नहीं होता।

बैंकों के विलय की घोषणा बड़े जोर-शोर से की गई थी, हालांकि, इसके कारगर होने के लिए, उनके ढांचे के पुन: प्रारूपण की सजगतापूर्ण तैयारी होनी चाहिए थी। आवश्यकता थी एक संदर्भ कार्यतंत्र की। शायद एक गतिविधि जिसके लिए किसी के पास समय नहीं है और हर कोई जल्दी में है। एक अच्छे सुझाव को बट्टे खाते में डाल देने के बहुत से तरीके होते हैं, जिसे कोई समझ नहीं सकता और उसे सैद्धांतिक, बौद्धिक या अवास्तविक कहना उचित होगा। कोविड दौर ने बहुत सी चीजों को बदला होगा लेकिन जिस क्षेत्र में उसे अभी भी प्रभाव डालना बाकी है वह है घिसी-पिटी प्रतिक्रियाएं।

आर्थिक गतिविधियों में व्यवधान की गंभीरता पर ध्यान देने के लिए, बैंकों के लिए मांग के झटके अथवा आपूर्ति के आघात को झेलना कठिन होता है। जब दोनों एक साथ आते हैं, तो सत्ता में बैठे लोग, जिनके पास स्थिति के परिणामों को समझने की क्षमता सीमित होती है, वे गलती कर सकते हैं। यह महसूस करने के लिए एक कुशल प्रशासक चाहिए जो बहुत सक्रिय हो, एक स्थल पर उछल कूद करता हो लेकिन कहीं जाने की संभावना नहीं होती।

एक रिपोर्ट में कोविड-19 की वजह से आने वाली स्थिति को आर्थिक श्वासावरोधन की संज्ञा दी गई। यह वित्त से संबंधित संस्थाओं के लिए खासतौर से एक कठिन दौर है। कई अंतरराष्ट्रीय रेटिंगों ने भारत के दृष्टिकोण को पतनशील आंका है। एक महीने पूर्व फिच रेटिंग्स खासतौर से विनाशकारी है। इसके साथ-साथ भारत पर उच्च सार्वजनिक कर्ज का बोझ है। एक चीज के लिए, साप्ताहिक खेल से निबटने के लिए, ईंधन की कीमतें बढ़ाने का काम किया जा चुका है। इसकी उपेक्षा की जा सकतर है किसी बिंदु तक लेकिन यह दो दशकों में भारत के लिए निम्नतम निवेश स्तर है। धन प्राप्त करने में विदेशी मुद्रा जारी करने की डिफाल्ट रेटिंग एक महत्वपूर्ण संकेतक हो सकती है।

सरकारी क्षेत्र में प्रभाव के एक पहचाने हुए प्रभाव मित्र ने तर्क दिया कि ऐसी रेटिंगें रेड हेयरिंग्स हैं, क्योंकि सामान्य समय के संकेतकों का इस्तेमाल कोविड दौर जैसे असामान्य काल खंडों के लिए नहीं किया जा सकता। इस तरह की बहस रोचक है लेकिन आर्थिक स्थिति के लिए मददगार नहीं होती। इस बीच कम समझा गया जनता कारक वस्तुओं के दामों, लोकरंजक दान के द्वारा बढ़ते खर्चों एवं घटजे राजकोषीय राजस्व के यथार्थ के बीच बोझ से दबता जा रहा है। समाधान संभवत: दृष्टिकोणों के पैकेज में निहित हैं जिनमें सार्वजनिक शब्दाडंबर को कम करना, आर्थिक उतार-चढ़ावों को पहचानना शामिल है जो राजनीतिक उपलब्धियों व हानियों से संबंधित नहीं है, यह महसूस करना एक सार्वभौमिक महामारी की स्थिति में अधिकतर आर्थिक तबकों को अपनी जीवन स्रोत रणनीतियों को पुन: परिभाषित करना पड़ेगा। हो सकता है राजनीतिक शब्दाडंबर समझने योग्य हो लेकिन जब वह पूर्ण रूप से जीवन के यथार्थ को अनदेखा करता है तो इससे संकट और बढ़ जाता है।

## आप की बात

### शीघ्र चालू हों बसें

**देश** प्रदेश में पांच महीनों से बसों के पहिए थमे हुए हैं। बस सार्वजनिक परिवहन का एक महत्वपूर्ण साधन है। आंचलिक क्षेत्रों एवं दूरस्थ ग्रामीण इलाकों की यात्रा करने वाले लोगों को परिवहन का कोई साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंतरराज्यीय बसें बंद होने होने से व्यापारियों एवं नौकरी पेशा लोगों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अत्यावश्यक कार्य होने पर प्राइवेट वाहन से यात्रा करना लोगों की जेब पर भारी पड़ रहा है। बस मालिक अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि महीनों से बसें बंद होने के कारण बस मालिकों, चालकों और परिचालकों का आर्थिक संतुलन गड़बड़ा गया है। सरकार और बस मालिकों को समस्या का सर्वसम्मति से वार्ता द्वारा कोई हल निकालकर शीघ्र बसों का परिचालन प्रारंभ करना चाहिए ताकि लोगों की परेशानी दूर हो और बस मालिकों का आर्थिक प्रवाह भी प्रारंभ हो सके। टैक्स आदि में बस मालिकों को कुछ छूट अवश्य दी जाना चाहिए। चालकों परिचालकों के आर्थिक उन्नयन हेतु भी कोई नीति तय की जाना चाहिए। कोरोना से बचाव हेतु शासन द्वारा बसों के परिचालन के संबंध में गाइडलाइन भी जारी की जाना चाहिए।

– **ललित महलकारी**, इंदौर

### नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन

**अभी** कोरोनावायरस के काल में हम देख रहे हैं कि सबसे जरूरी हमारी स्वास्थ है।अभी के समय में सभी लोगों की यह पहली प्राथमिकता है कि वह अपने स्वास्थ्य का ध्यान कैसे रखें। ऐसे में सरकार ने एक बहुत ही बड़ा कदम उठाया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से लगातार सातवीं बार देश को संबोधित किया और कई बातों का जिक्र दिया। जिनमें से एक नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन था। कोरोनावायरस महामारी से मिली सबसे बड़ी सीट करार देते हुए इस अभियान की घोषणा की। यह एक बहुत ही सही कदम भी है क्योंकि हम देख रहे थे कि हमारे देश की स्वास्थ्य व्यवस्था में लगातार बिगड़ती ही जा रही थी।ऐसे में जरूरत थी एक ऐसी योजना की जो कि सभी स्वास्थ्य सेवाओं के आगे तक चल सके। ऐसे में यह कदम बहुत ही ज्यादा सराहनीय है। इसी योजना के तहत प्रधानमंत्री ने बताया कि हर भारतवासी का अपना एक यूनिक आइडेंटिटी नंबर होगा। इस नंबर के अंतर्गत अपने स्वास्थ्य से जुड़ी सभी जानकारियां कोई भी देशवासी अपनी स्वास्थ्य से जुड़ी सभी सुविधाएं उनको पहचान पाएगा।इस मिशन के तहत एक विशेष कार्ड जारी किया जाएगा यह आधार कार्ड की तरह ही होगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### राजीव त्यागी का दुःखद निधन

**आज** तक पर डिबेट के बाद कांग्रेस प्रवक्ता राजीव त्यागी जी की हृदय गति रुक जाने से मृत्यु के बाद भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा पर कांग्रेसी द्वारा विभिन्न स्थानों पर एफआईआर दर्ज कराई है, जो बहुत ही सही कदम है। टीवी चैनलों पर कुछ लोग बोलने के मामले में सारी सीमाएं लांघ जाते हैं। इसके लिए केवल संबित पात्रा ही नहीं चैनल आज तक, एंकर रोहित सरदाना भी बराबर के जिम्मेदार है। इन पर भी एफआईआर दर्ज करवा कर कानूनी कार्रवाई की जाना चाहिए। कहीं न कहीं राजीव त्यागी मानसिक प्रताड़ना के शिकार हुए जिसके कारण हृदयाघात हुआ। यहां तक की धारा 306 गैर इरादतन हत्या के तहत कानून कार्रवाई होना चाहिए। बड़बोले, जो मन में आए वह बोले, अपने आप को सबसे बड़ा देश भक्त व जैसे केवल इनके कंधे पर ही देश का सारा बोझ है, यह समझने वाले संबित पात्रा को तो कानूनी विशेषज्ञों द्वारा हर जगह घसीटना चाहिए। ताकि अपने आप को महान समझने वाला संबित पात्रा ना केवल जमीन पर आ जाए बल्कि सत्ता के नशे की सारी हेकड़ी भूल जाए।

– **विषधर खरा**, उज्जैन

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**निहित** स्वार्थों ने शांति के लाभांशों का दुरुपयोग किया है तथा उन्हें उत्तर-पूर्वी राज्यों की जनता तक पहुंचने नहीं दिया।

– **आर एन रवि**
नागालैंड के राज्यपाल



**यह** अमेरिका है, देशभक्त बनें। अपने नागरिकों का रक्षण करें, कदम बढ़ाएं। सही काम करें। सभी अमेरिकियों को मास्क पहनना चाहिए।

– **जो बिडेन**
पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति



**बिडेन** सभी अमेरिकियों को अंत में तहखाने के भीतर बंद कर देने के पक्ष में हैं। मैं उनसे कहूंगा कि वायरस के साथ राजनीति करना बंद करें।

– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अगस्त, 2020



# योगी से मिला दक्षिण कोरियाई प्रतिनिधिमंडल

● इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट लगायेगी कोरियाई कम्पनी

● प्रथम चरण में 500 से 700 द्वितीय चरण में 1000 से 1500 तथा तृतीय चरण में 2000 से 3000 करोड़ का होगा निवेश



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**दक्षिण** कोरियाई कम्पनी एडिसन मोटर्स ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक व्हीकल प्लांट लगाने की इच्छा जतायी है। कम्पनी के प्रबंध निदेशक वाईण्केण्ली के नेतृत्व में आये प्रतिनिधि मण्डल ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात करके राज्य में पूंजी निवेश के प्रस्ताव रखा। सीएम योगी ने कोरियाई प्रतिनिधि मण्डल को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेशकों को हर सम्भव सहायता प्रदान की जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि निवेशकों की सुविधा के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल पालिसी को पुनरीक्षित करके और अधिक आकर्षक बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता की दृष्टि से यूपी देश मे सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है। प्रदेश में सबसे अधिक एक्सप्रेस.वे और हाइवे हैं। निवेशकों के लिए निवेश मित्र पोर्टल संचालित हैं। श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश का दक्षिण कोरिया के साथ बहुत पुराना संबंध है। इसको और आगे बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश और दक्षिण कोरिया के बीच व्यापारिक गतिविधियों के आदान.प्रदान से दोनों देशों के संबंध प्रगाढ़ होंगे और प्रदेश में औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलेगा।

इस मौके पर कोरियाई कम्पनी के प्रबंध निदेशक वाईण्केण्ली ने मुख्यमंत्री को कम्पनी के इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एडिसन मोटर्स द्वारा प्रथम चरण में 500 से 700 करोड़ए द्वितीय चरण में 1000–1500 करोड तथा तृतीय चरण में 2000–3000 करोड़ का निवेश किया जायेगा। इससे क्रमशः प्रथम चरण में 2000, द्वितीय चरण में 3000 तथा तृतीय चरण के निवेश में लगभग 5000 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। श्री ली ने यह भी अवगत कराया कि एडिसन मोटर्स द्वारा 90 प्रतिशत से अधिक कलपुर्जे उत्तर प्रदेश में बनाये जायेंगे। इससे यहां की सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाइयों को भी लाभ होगा।

उन्होंने बताया कि प्लांट लगाने के लिए लखनऊ के आस.पास तथा यमुना एक्प्रेस वे के निकट भूमि के चयन की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि उनके द्वारा दिये गये आश्वासन से वे पूरी तरह संतुष्ट है और उनकी कंपनी उत्तर प्रदेश में ही निवेश करेगी। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम डॉ. नवनीत सहगल, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन एवं स्थानीय निवेशकर्ता विवेक लधानी मौजूद थे।

# पीड़ितों को नहीं करना होगा लंबा इंतजार: आपदा राहत आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बाढ़** से होने वाले नुकसान की भरपाई के लिये पीडितों को अब केन्द्र से मिलने वाले विशेष राहत पैकेज की धनराशि का इंतजार नही करना होगा। इन्हे योगी सरकार नुकसान की धनराशि अपने खजाने से उपलब्ध करायेगी। सरकार के निर्णय के मद्देनजर राज्य में बाढ से नुकसान का आंकलन का काम शुरू हो गया है ताकि पीडित किसानों को सरकारी मदद समय पर मुहैया करायी जा सके।

आपदा राहत आयुक्त ने सभी जिलों को शासकीय पत्र लिखकर बाढ जनहानि के अलावा पशुहानिए मकान क्षति अथवा अन्य क्षाति का ब्योरा मांगा है। विदित हो कि राज्य के करीब 40 जिले बाढ से प्रभावित हैं। अभी तक इन जिलों के एक हजार से अधिक गांव बाढ की चपेट में बुरी तरह आये है और जनहानि तथा पशुहानि के साथ.साथ किसानों का भारी नुकसान हुआ है। बडी संख्या में किसानों के घर बाढ में समा गये है। प्रभावित जिलों में अयोध्या, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बस्ती, देवरिया, गोण्ड गोरखपुर, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, मऊ तथा सीतापुर सहित अन्य है। अभी तक बाढ या अन्य आपदा में किसी की मौत तथा तात्कालिक जरूरतों की मदद राज्य आपदा मोचक निधि से उपलब्ध करायी जाती थी तथा अन्य नुकसान के लिये केन्द्र सरकार को मेमोरेन्डम भेजकर विशेष राहत पैकेज मांगा जाता था। जिसके स्वीकार होने पर केन्द्रीय टीम प्रभावित जिलों का दौरा करके गृह मंत्रालय को अपनी रिपोर्ट देती थी और केन्द्र सरकार राहत पैकेज के धनराशि राज्य सरकार को उपलब्ध कराती थी। इस प्रक्रिय में पीडितों को नुकसान की धनराशि मिलने में तीन से चार माह का समय लग जाता था। ऐसे में राहत धनराशि के नयी फसल में उपयोग नही कर पाते थे। पहले से चली आ रही व्यवस्था में राज्य सरकार ने बदलाव करके पीडित परिवारों को नुकसान की धनराशि का भुगतान कराने पहले भुगतान कराने के निर्णय लिया है। अधिकारिक सूत्रों का कहना है कि राज्य आपदा मोचक निधि तथा राज्य सरकार के खजाने से नुकसान की धनराशि का भुगतना किया जाएगा तथा केन्द्र के विशेष राहत पैकेज के रूप में मिलनेवाली धनराशि के इसका समायोजना किया जाएगा।

# अस्पतालों में बेड व दवाओं की मारामारी, फिर भी सरकार का बड़बोलापन जारी: अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में कोरोना और कानून व्यवस्था के संकट से लोग बुरी तरह पीड़ित और आतंकित है। प्रदेश में दो मंत्रियों की कोरोना से दुखद मौत हो चुकी है। विधायक भी इसके शिकार हैं। डॉक्टरए सीएमओ का निधन भी इस बीमारी में हो चुका है। भाजपा सरकार में अपराधिक घटनाएं भी थम नहीं रही है। पुलिस बेगुनाहोंए लाचार लोगों पर हाथ उठाने लगी है क्योंकि बाहुबली नेताओं और गुण्डों के आगे वह असहाय बन जाती है। अपराध और शासन के गठजोड़ ने पूरे प्रदेश को बदनाम कर दिया है। अखिलेश ने कहा कि कोरोना का कहर जारी है। अस्पतालों में बेड और दवाओं की मारामारी है। फ्रि भी सरकार का बड़बोलापन जारी है। राजधानी लखनऊ में शनिवारए रविवार को 1485 लोगों को संक्रमण हुआ और 25 मरीजों ने दम तोड़ दिया। उत्तर प्रदेश में रविवार तक कोरोना मरीजों की संख्या 1 लाख 54 हजार 515 हो गई। कल तक कुल 2449 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। इस महामारी से लोगों के दिलों में डर पैदा हो चला है। बाजार में कामकाज भी गति नहीं पकड़ सका है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि स्थितियां दिन प्रतिदिन गम्भीर होती जा रही हैं। सरकार का घटनाओं पर मूकदर्शक बने रहना खतरनाक है। कोरोना संक्रमण थम नहीं रहा है। स्वयं स्वास्थ्यकर्मी भी उसकी चपेट में आ रहे हैं। जांच रिपोर्टों को लेकर अक्सर विवाद होते हैं। कोरोना पॉजिटिव मरीजों के इलाज की अभी तक कोई सुचारू व्यवस्था नहीं बन पाई है। प्रदेश में जो हालात है उसमें मुख्यमंत्री तो सिर्फ बयान देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। उनकी टीम.इलेवन का भी अब अता–पता नहीं रहता है। कोरोना और अपराध दोनों को रोकने में भाजपा सरकार अक्षम है। इस सत्य को सरकार को स्वीकार करना चाहिए।

**निधन पर शोक जताया:** अखिलेश यादव ने जनपद बांदा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा उर्फ दिन्ना व उनके छोटे भाई जितेन्द्र शर्मा का इलाज के दौरान कानपुर में निधन होने पर गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की है। यादव ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

# बीमा से पहले ब्राह्मणों को मान सम्मान व सुरक्षा की गारंटी दे सरकार: मायावती



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में विकास दुबे इनकाउंटर के बाद ब्राह्मण वोट बैंक के नाम पर राजनीति थमने का नाम नही ले रही है। समाजवादी और बहुजन समाज पार्टी में परशुराम की मूर्ति को लेकर चल रही राजनीति के बीच सोमवार को बीजेपी के नेता उमेश द्विवेदी के बयान से राजनीति और गर्म हो गई। इस मामले में बसपा सुप्रीमो मायावती ने हमला बोलते हुए कहा है कि ब्राह्मण समाज को वास्तव में बीमा से पहले उन्हें सरकार से अपने मान–सम्मान व पूरी सुरक्षा की गारण्टी चाहिए। सरकार इस ओर ध्यान दे तो बेहतर है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ट्वीट करते हुए लिखा कि यूपी भाजपा सरकार द्वारा गरीब ब्राह्मणों का बीमा कराने की बात इस वर्ग के प्रति केवल अपनी कमियों पर पर्दा डालने के लिए ही लगता हैए जबकि ब्राह्मण समाज को वास्तव में बीमा से पहले उन्हें सरकार से अपने मान–सम्मान व पूरी सुरक्षा की गारण्टी चाहिए। सरकार इस ओर ध्यान दे तो बेहतर है। बता दें कि भाजपा नेता ने अपने बयान में कहा था कि सरकार ने गरीब ब्राह्मणों के मेडिकल इश्योरेंस के विषय मे सोचना शुरू कर दिया है।

# महिलाओं को सुरक्षा देने में प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल: प्रियंका



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● कानून व्यवस्था को लेकर फर्जी आंकड़े तैयार करना ही योगी की टीम 11 का काम: लल्लू

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि पहले बुलंदशहर, हापुड़, लखीमपुर–खीरी, और अब गोरखपुर, लगातार इस तरह की घटनाओं से ये साबित होता है कि महिलाओं को सुरक्षा देने में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी तरह विफल रही है। अपराधियों के मन में कानून का कोई डर नहीं है। उसी का परिणाम है कि महिलाओं के खिलाफअपराध की वीभत्स से वीभत्स घटनाएं घटती ही जा रही हैं। प्रियंका ने सोमवार को ट्वीट कर कहा कि उसी का परिणाम है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध की वीभत्स से वीभत्स घटनाएं घटती ही जा रही हैं।

पुलिस और प्रशासन न तो सुरक्षा दे पा रहे हैं और न ही उचित कार्रवाई कर पा रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था की समीक्षा करे और महिलाओं की सुरक्षा सम्बंधित हर कदम गंभीरता से उठाए। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने भी प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अपराधी मनबढ़ हो चले हैं। कानून व्यवस्था दम तोड़ चुकी है। प्रदेश का गृह विभाग जो योगी जी के पास है लकवाग्रत हो चुका है। पुलिस और प्रशासन न तो सुरक्षा दे पा रहा है और न ही कोई ठोस न्याय संगत कार्यवाही ही कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी ने कानून व्यवस्था दुरुस्त करने और कड़े फैसले लेने के बजाय टीम 11 बना रखी है जो मुख्य रूप से कानून व्यवस्था को लेकर फर्ज़ी आंकड़े जुटाती है और जनता को गुमराह करने का काम करती है। पुलिस और प्रशासन न तो सुरक्षा दे पा रहे हैं और न ही उचित कार्रवाई कर पा रहे हैं। उन्होंने योगी सरकार को सलाह देते हुए कहा कि योगी उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था की समीक्षा करे और महिलाओं की सुरक्षा सम्बंधित हर कदम गंभीरता से उठाए। ताकि बलात्कार का हब बन चूका प्रदेश में क़ानून का भय पैदा हो और ऐसी घटनाएं रुक सके।

# संक्रमण के दलदल में फंसी पुरानी पूंजी निवेश की गाड़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** में पूंजी निवेश की गाड़ी कोरोना संक्रमण के दलदल में फंस गई है। इन्वेस्टर समिट में जिन निवेशकों ने पूंजी निवेश के लिये राज्य सरकार के साथ एमओयू किया था वे अभी अपनी परियोजनाओं को जमीन पर नही उतारना चाहते। इन्हे कोरोना संक्रमण के थमने का इंतजार है। निवेशकों के रूख को देखते हुये फिलहाल सरकार ने भी अपने कदम रोक लिये है। हालांकि नये निवेशकों का लाने के लिये योगी सरकार पूरी तरह सक्रिय है। सत्ता की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते फरवरी 2018 में इन्वेस्टर समिट का आयोजन करके देश–दुनियां का ध्यान यूपी की तरफ खींचा था। समिट में देशी–विदेशी करीब 1050 कम्पनियों ने साढे चार लाख करोड धनराशि के पूंजी निवेश के एमओयू किये थे। यूपी के इतिहास में पूंजी निवेश का नया रिकार्ड था। इतनी बडी संख्या में पूंजी निवेश के एमओयू होने से राज्य के विकास और नये रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीदे जागी थी। निवेशकों की दिलचस्पी को देखते हुये योगी सरकार ने इन्हे हाथों–हाथ लिया और इनके अनुरूप विभिन्न विभागों की नीतियों को तैयार किया गया था। पहले साठ हजार करोड और फिर पचास हजार करोड धनराशि की परियोजनाओं की ग्राउंड सेरेमनी कराके योगी सरकार निवेशकों का बडा संदेश देने में सफल भी हो गई थी। महज दो सालों के अन्दर एक लाख दस हजार करोड की परियोजनाओं के ग्राउंड सेरेमनी सम्पन्न होने से निवेशकों के बीच सकारात्मक संदेश गया था और माना जा रहा था कि बडी संख्या में नये निवेशक आएंगे। इसके लिये सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट कराने की तैयारी भी शुरू कर दी थी लेकिन इस बीच कोरोना संक्रमण ने सरकार तथा निवेशकों के कदमों पर ब्रेक लगा दिया है। इन्वेस्टर समिट में साढे चार लाख करोड से ज्यादा के जो एमओयू हुये थे उनमे साढे तीन लाख करोड के एमओयू के अभी जमीन पर उतरने का इंतजार है। अधिकारियों का कहना है कि बचे एमओयू की ग्राउंड सेरेमनी पर फिलहाल अभी कुछ भी नहीं कहा जा सकता क्योंकि निवेशकों को कोरोना संक्रमण के सामान्य होने का इंतजार है। हांलाकि इसके विपरीत योगी सरकार आपदा को अवसर में बदलकर नये निवेश को लाने में रात–दिन जुटी है। सरकार के मंत्रियों की एक टीम पिछले दो महीने से इस पर काम कर रही है। दरअसल कोरोना के कारण दुनियां भर में चीन की छबि खराब हुई है और अनेकों कम्पनियां चीन से अपना कारोबार समेटना या फिर कम करना चाहती है।

# यूपीएसईई प्रवेश परीक्षा 2020 को लेकर एकेटीयू की तैयारी अंतिम दौर में

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**इंजीनियरिंग** और मैनेजमेंट कालेजों में प्रवेश को लेकर आगामी 20 सितम्बर को प्रस्तावित यूपीएसईई प्रवेश परीक्षा 2020 को लेकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 20 सितम्बर को बीटेक की प्रवेश परीक्षा के साथ ही बीफार्मा, एमबीए, एमसीए समेत अन्य कोर्सों में दाखिले के लिए भी प्रवेश परीक्षा होगी। इस बार यूपीएसईई प्रवेश परीक्षा 2020 को लेकर 1.70 लाख छात्रों ने आवेदन किए हैं। कोविड के दौर में सोशल डिस्टेंसिंग को लेकर विवि प्रशासन सेंटर निर्धारण को लेकर होमवर्क कर रहा है। प्रवेश परीक्षा के राज्य समन्वयक डॉ विनीत कंसल ने बताया कि इस बार सेंटर अधिक बनेंगे। सेंटर निर्धारण को लेकर प्रक्रिया फाइनल दौर में है। उन्होने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों का थर्मल स्कैनर के माध्यम से स्क्रीनिंग किये जाने के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। द्वत्तीवर वाले अभ्यर्थियों के लिए अलग व्यवस्था रहेगी। वही परीक्षा केंद्रों को भी सेनिटाइज किया जाएगा।

# रालोद नेताओं ने ग्रहण की कांग्रेस की सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राष्ट्रीय** लोकदल के प्रदेश महासचिव एवं मीडिया प्रभारी जावेद अहमद व प्रदेश महासचिव एवं मीडिया पैनलिस्ट युवा राष्ट्रीय लोकदल अभिषेक बाजपेयी के नेतृत्व में रायबरेली और लखनऊ के नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए लल्लू ने कहा कि देश व प्रदेश में सत्तासीन भाजपा की नीतियों और गैर कांग्रेसी दलों की नीतियों से लोगों का मोह पूरी तरह भंग हो चुका है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार की तानाशाही और विफ्लताओं को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते हुए कहा कि आप लोगों के पार्टी में आने से पार्टी के संघर्ष को और अधिक बल मिलेगा। सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय लोकदल छोड़कर जावेद अहमद एवं अभिषेक बाजपेयी के अलावा युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष मो. चांद खां, युवा राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश महासचिव अनिल पटेल एवं आरपी राजन, सै. मेंहदी हसन, अनिल कुमार यादव, अभिषेक कुमार, मो. शरीफ, सुनील कुमार यादव, हाजी खुर्शीद आलम, मो. शफीक उर्फ गज्जन बाबा, शशी कपूर, मो. जावेद, सर्वज्ञ बाजपेयी, नवल सिंह, मोनू बाजपेयी, मुकुल बाजपेयी, अजय पाल, विजय वर्मा, विजय यादव, अंकुश पटेल एवं राम निवास शामिल रहे।

# कोविड की निगेटिव रिपोर्ट वालों की होगी टीबी की जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● सारी व आईएलआई के तहत चिन्हित निगेटिव रिपोर्ट वालों की बनेगी सूची और होगी जांच

**प्रदेश** के सभी जिलों में सीवियर एक्यूट रेस्परेटरी इलनेस और इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस के रोगी जो कोविड–19 जांच में निगेटिव पाए गए हैं, उनकी क्षय रोग (टीबी) की जांच करायी जायेगी। इस सम्बन्ध में शासन स्तर पर सभी जिला क्षय रोग अधिकारियों को पत्र भेजा गया है। पत्र में जनपद के जिला सर्विलेंस अधिकारी से कोविड.19 निगेटिव एसएआरआई और आईएलआई की सूची प्राप्त कर उनकी टीबी की जांच सुनिश्चित कराने को कहा गया है। महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. डीएस नेगी का कहना है कि कोविड–19 और क्षय रोग के कई लक्षण सामान होते हैं। प्रदेश के कोविड–19 पोर्टल के अनुसार 31 जुलाई 2020 तक प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित सीवियर एक्यूट रेस्परेटरी इलनेस के 38,324 और इंफ्लूएंजा लाइक इलनेस के 65,595 के रोगी कोविड–19 जाँच में निगेटिव पाए गए हैं। इनमें कई संभावित क्षय रोगी भी हो सकते हैं जिनकी जनपद स्तर पर टीबी की जांच कराना आवश्यक है। पत्र में कहा गया है कि सारी के निगेटिव रिपोर्ट वालों की सूची प्रत्येक सप्ताह जिला सर्विलेंस अधिकारी से लेकर ऐसे रोगियों की बलगम की सीबीनाट से क्षय रोग की जांच करायी जाए। जरूरत पड़ने पर चेस्ट एक्स–रे व अन्य जांच भी कराई जा सकती है। इसके अलावा आईएलआई के जिन मरीजों की रिपोर्ट निगेटिव आई है। उनके घर सम्बंधित टीबी यूनिट के कर्मचारियों द्वारा भ्रमण कर वर्तमान में क्षय रोग के लक्षण (बुखार, खांसी, वजन कम होना, रात्रि में पसीना आना) कान्टेक्ट हिस्ट्री आदि की जानकारी प्राप्त की जाए।

# हॉस्पिटल फार्मेसी लागू हो तो मिलें सस्ती दवाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के चिकित्सालयों में वर्तमान समय में सैनिटाइजर, हाइपो सलूशन, क्लोरीन वाटर, ब्लीचिंग सॉलुशन, आदि की बहुत ज्यादा मात्रा में आवश्यकता पड़ रही है और यह महंगे दामों पर मजबूरी में खरीदना पड़ रहा है। जबकि यदि कच्चा माल उपलब्ध हो जाए तो प्रत्येक चिकित्सालय में हॉस्पिटल फार्मेसी के द्वारा फार्मेसिस्ट बहुत आसानी से यह सभी सामग्रियां तैयार कर सकते हैं। इसलिए हॉस्पिटल फार्मेसी का कांसेप्ट एक बार फिर से प्रारंभ किया जाना चाहिए। उक्त विचार सोमवार को स्वतंत्रता के 73 वर्ष एवं फार्मेसिस्ट के अधिकार विषय पर राजकीय फार्मासिस्ट महासंघ द्वारा आयोजित गूगल मीट पर एक वेबीनार के बीच से उभर कर सामने आई।

वेबिनार की अध्यक्षता करते हुए स्टेट फार्मेसी काउंसिल उत्तर प्रदेश के पूर्व चेयरमैन एवं राजकीय फार्मासिस्ट महासंघ के अध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि आजादी के 73 वर्ष बीत जाने के बाद भी फार्मासिस्ट संवर्ग अभी तक आजाद नहीं हो सका है। ना तो फार्मेसी का अलग निदेशालय है ना ही फार्मेसी संवर्ग के अधिकार उन्हें प्राप्त हो सके हैं। अनेक संवर्गो के पदनाम बदले गए हैं। इसी आधार पर फार्मेसिस्ट का पदनाम फार्मेसी ऑफिसर किया जाना चाहिए। बैठक में फार्मेसिस्टों का वेतन ग्रेड पे 4600 फार्मेसी एक्ट 1948 तथा प्रैक्टिस आफ फार्मेसी रेगुलेशन 2015 का पूरी तरह परिपालन कराए जाने की मांग के साथ ही फार्मेसिस्ट का पद नाम बदलनेए जहां औषधि वहां फार्मेसिस्ट के अनुपालन हेतु पदों का सृजन किए जाने तथा सभी वेटरनरी हॉस्पिटल की फार्मेसी में डिप्लोमा इन फार्मेसी या बेचलर फार्मेसिस्ट की नियुक्ति किए जानेए एलोपैथ के साथ ही आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक, वेटेनरी आदि विधाओं में भी पदोन्नति के पद सृजित किए जाने तथा संविदा के फार्मेसिस्टों को समान कार्य समान वेतन के आधार पर उनका वेतन बढ़ाए जाने तथा उनका भविष्य सुरक्षित किए जाने के 8 सूत्री मांग पत्र पर भी चर्चा हुई।

# विधायकों की सुविधा के लिए सत्र के दौरान होगी कोरोना टेस्टिंग की सुविधा

**लखनऊ।** विधान मंडल के मानसून सत्र को लेकर विधान सभा और विधान परिषद के कर्मचारी और अधिकारियों का कोरोना टेस्ट कराया जा रहा है। सोमवार को हुए कोरोना टेस्ट में 20 कर्मचारियों का टेस्ट पाजीटिव निकला है। यह टेस्ट सिर्फ दोनों सदनों के ही विधायी एवं संसदीय विभाग के कार्मिक व अधिकारियों का हो रहा है। विधान भवन परिसर में स्थित अन्य कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों का नहीं किया जा रहा है। मंगलवार को महामारी से बचने के लिए विधायकों का टेस्ट किए जाने के लिए बैठक होगी जिसमें विधान सभा अध्यक्ष समेत दलीय नेता भी मौजूद रहेंगे। कोरोना संक्रमण के खतरे को देखते हुए इस बार विधानसभा व विधान परिषद सदस्यों के लिए कोरोना टेस्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए विधान भवन परिसर में तीनों तरह के टेस्ट की सुविधा होगी। कोरोना संकट के चलते सत्र की बैठकें केवल तीन दिन होंगी।

# ब्राह्मणों को लेकर सत्ताधारी दल के विधायक मानसून सत्र में उठाएंगे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में जातिगत सियासत को लेकर विपक्ष तो सरकार पर आक्रामक हो ही रही है इस बीच सत्ताधारी दल के विधायक ने भी इस मामले पर सवाल उठा कर सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है। सुल्तानपुर के भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी ने 20 अगस्त से शुरू होने वाले विधानसभा सत्र के लिए एक सवाल उठाकर अपनी ही पार्टी और योगी आदित्यनाथ सरकार को शर्मिंदा कर दिया है। उन्होंने पिछले तीन वर्षों में मारे गए ब्राह्मणों की सं या को लेकर सवाल किया है। यह सवाल मानसून सत्र की बैठक की कार्य सूची का हिस्सा है या नहीं लेकिन इससे पहले सोशल मीडिया पर उनका यह पत्र वायरल हो गया है। उन्होंने इस मामले को विधानसभा में उठाए जाने की सूचना सोमवार को संसदीय अनुभाग में दे दी। सूचना में सवाल किया गया है कि योगी सरकार के पिछले तीन साल के कार्यकाल में कितने ब्राह्मणों की हत्याएं हुई और कितने पकड़े गए। साथ ही ब्राह्मणों के हत्यारों में कितनों को पुलिस सजा दिलवाने में कामयाब रही। देवमणि दुबे ने यह प्रश्न मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किया है। वह इसलिए क्योंकि मुख्यमंत्री के पास ही इससमय गृह विभाग है। इसलिए उन्होंने गृह मंत्री को स बोधित करते हुए यह भी सवाल किया कि सरकार ने ब्राह्मणों की सुरक्षा के लिए क्या रणनीति तैयार की है। उन्होंने सवाल किया कि ब्राह्मणों की सुरक्षा के लिए क्या सरकार ने कोई ऐसे इंतजाम किए हैं जिससे उनको शस्त्र लाइसेंस में प्राथमिकता दी जाए। यह भी सवाल किया है कि कितने ब्राह्मणों ने शस्त्र लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र दिया और कितनों को शस्त्र लाइसेंस दिए गए हैं। विधायी इतिहास में यह संभवत: पहली बार हुआ है कि किसी विधायक ने ऐसा सवाल किया है जो पूरी तरह जातिवादी है।

# राज्यसभा के लिए जय प्रकाश निषाद निर्विरोध निर्वाचित



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सभा में उत्तर प्रदेश की रिक्त हुई एक सीट पर हुए उपचुनाव में जय प्रकाश निषाद को निर्विरोध रूप से निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव अधिकारी एवं विशेष सचिव विधान सभा बृज भूषण दुबे ने विधान सभा स्थित टण्डन हाल में जय प्रकाश निषाद को राज्य सभा निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा। बृज भूषण दुबे ने बताया कि वेनी प्रसाद वर्मा के निधन के उपरान्त राज्य सभा में उत्तर प्रदेश की रिक्त हुई एक सीट के लिए निर्वाचन के लिए नाम वापसी की सोमवार को अपराह्न 3 बजे तक अन्तिम तिथि थी। अन्तिम तिथि तक कोई अन्य उम्मीदवार न होने के कारण श्री निषाद को निर्विरोध रूप से निवार्चित घोषित कर दिया गया है।

# कांग्रेस में काबिल नेताओं पर सवालिया निशान खड़ा किया जाता है: सिंधिया

**भाषा।** इंदौर (मध्य प्रदेश)

**कांग्रेस नेतृत्व** पर हमले जारी रखते हुए राज्यसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि कांग्रेस में काबिल नेताओं पर सवालिया निशान खड़ा किया जाता है और उनके पूर्व दलीय सहयोगी सचिन पायलट ने भी हाल ही में यही स्थिति झेली है। कांग्रेस का दामन छोड़कर पांच महीने पहले भाजपा में शामिल होने वाले सिंधिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, पायलट मेरे मित्र हैं। उन्होंने जो पीड़ा झेली है, उससे सब लोग वाकिफ हैं। कांग्रेस किस तरह इतने विलंब के बाद अपना घर दुरुस्त करने की कोशिश कर रही है, इस बात से भी सब वाकिफ हैं।


यह दु:ख की बात है कि कांग्रेस में काबिलियत पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया जाता है। यही स्थिति मेरे पूर्व सहयोगी (पायलट) ने भी झेली है। सिंधिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया है, अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास किया गया है और चीन को ईंट का जवाब पत्थर से दिया गया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मोदी सरकार के इन अहम कदमों के बाद कांग्रेस अब पूरी तरह विफलता की राह पर जा रही है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट की पृष्ठभूमि में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर फेसबुक तथा व्हाट्सएप का इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए फर्जी खबरें फैलाने का आरोप लगाया है। इस आरोप को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर सिंधिया ने कहा, इंटरनेट एक स्वतंत्र माध्यम है। लेकिन जनता का विश्वास खोने वाले लोगों के पास जब कहने को कुछ नहीं होता है, तो इन मुद्दों को पकड़ा जाता है। सिंधिया ने हालांकि कहा, मैं इस बात का पक्षधर हूं कि फेसबुक, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कही जाने वाली आपत्तिजनक बातों पर सख्ती से लगाम लगाई जानी चाहिए।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी द्वारा वर्ष 1985 में अयोध्या में राम मंदिर का ताला खुलवाए जाने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ के एक कथन से जुड़े सवाल पर सिंधिया ने दावा किया कि इसी पार्टी के नेता शशि थरूर राम मंदिर मुद्दे पर इसके विरोधाभासी बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस (राम मंदिर मुद्दे पर) अपने आप में उलझ रही है। इस पार्टी को नहीं पता कि उसके नेताओं ने क्या किया है और क्या नहीं?

## सीवीसी ने सरकारी विभागों से भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जांच रिपोर्ट समय पर भेजने को कहा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सतर्कता आयोग ने केंद्र सरकार के सभी विभागों से कहा है कि भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच रिपोर्ट वे समय पर दें, साथ ही चेतावनी दी कि तय समय-सीमा का पालन नहीं करने को गंभीरता से लिया जाएगा। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने मुख्य सतर्कता अधिकारियों (सीवीओ) से ए रिपोर्ट मांगी। सीवीओ केंद्र सरकार के विभागों, संगठनों के खिलाफ मिलने वाली भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करते हैं। ऐसे मामलों की शिकायत मिलने पर सीवीओ को तीन महीने के भीतर जांच रिपोर्ट जमा करनी होती है। सीवीसी ने कहा, आयोग को पता चला है कि विभागासंगठन तय समयसीमा का पालन नहीं कर रहे हैं जिसकी वजह से मामलों में बेवजह देरी हो रही है तथा शिकायत पर समयबद्ध कार्वाई नहीं हो पा रही। आयोग ने वर्तमान निर्देशों की समीक्षा के बाद कहा कि विभागों/संगठनों के सीवीओ तीन महीने की समयसीमा का ध्यान रखें।



रांची-कुंती सीमा पर दो युवकों के नदी में डूबने के बाद बचाव कार्य के दौरान कांची नदी के किनारे इकट्ठा लोग।

# कोरोना से संक्रमित तृणमूल कांग्रेस के विधायक समरेश दास की मौत

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** की एगरा विधानसभा सीट से तृणमूल कांग्रेस विधायक समरेश दास की सोमवार को पूर्वी मिदनापुर के एक अस्पताल में मौत हो गई। कुछ दिन पहले ही उनके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि हुई थी। वह 76 साल के थे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि एगरा विधानसभा से तीन बार विधायक चुने जा चुके दास को कुछ दिन पहले कोरोना वायरस संक्रमण और हृदय तथा गुर्दे संबंधी दिक्कतों के चलते अस्पताल में भर्ती किया गया था।

पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि उनकी आज सुबह मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने एक संदेश में उनकी मौत पर संवेदना प्रकट की है। बनर्जी ने कहा कि विधायक की मौत से राज्य की राजनीति में एक शून्य पैदा हो गया है।

दास जिले में तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे और वह एगरा विधानसभा से पहली बार 2009 के उप चुनाव में विधायक निर्वाचित हुए थे। इसके बाद वह 2011 और 2016 में विधायक बने। दास राज्य में तीसरे ऐसे उल्लेखनीय नेता हैं , जिनकी मौत कोरोना वायरस से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद हुई है। इससे पहले जून में तृणमूल कांग्रेस के विधायक तमोनाश घोष की मौत हो गई थी। वहीं माकपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद श्यामल चक्रबर्ती की मौत इस महीने की शुरुआत में कोरोना वायरस संक्रमण की वजह से हो गई थी।

बिधाननगर नगर निगम के तृणमूल कांग्रेस के पार्षद सुभाष बोस की मौत इस महीने संक्रमण की वजह से हो गई। इसके अलावा पानीहाटी नगरपालिका बोर्ड के प्रशासक स्वप्न घोष की मौत एक अस्पताल में पिछले सप्ताह संक्रमण से हो गई।

## उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास तभी पहुंचेगा जब बुद्धिजीवी लोग वहां रहें: रावत

**देहरादून।** उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में जमीन खरीदने के बाद मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने सोमवार को कहा कि प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में विकास तभी पहुंचेगा जब पढ़ेलिखे और बुद्धिजीवी लोग वहां रहें। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, एक कोशिश की है कि पलायन किए गए लोगों की वापसी हो। जो लोग अपने गांव से बाहर हैं, वे अपने प्रदेश की ओर आएं। दूरस्थ क्षेत्रों में विकास तभी पहुंचेगा जब पढेलिखे, बुद्धिजीवी और जागरूक लोग वहां पर रहें। विकास के लिए बहुत जरूरी है कि वहां निवेशक हों और स्थानीय लोगों के पास पैसा हो। अगर लोग पैसा लेकर बाहर चले जाते हैं तो वहां विकास कैसे होगा। गैरसैंण में जमीन खरीदने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने एक कोशिश की है कि लोगों का ध्यान आकर्षित हो। दूरस्थ क्षेत्रों में विकास और रोजगार की अपार संभावनाएं होने का जिक्र करते हुए रावत ने कहा, जो हम देहरादून में करना चाहते हैं वह दूरस्थ क्षेत्रों में नहीं हो सकता। वहां की परिस्थितियां और वहां के प्राकृतिक उत्पादों का अगर हम दोहन करें और उनका सदुपयोग करें तो विकास की पर्याप्त संभावनाएं हैं और इससे रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। गैरसैंण में जमीन के उपयोग के बारे में पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वह वहां आवास बनाएंगे। जब जेब में कुछ व्यवस्था होगी, तो आवास बनाएंगे। हमारी कोशिश होगी कि कुछ और लोग भी वहां आएं। मुख्यमंत्री ने कल रविवार को सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी साझा की थी कि उन्होंने गैरसैंण में जमीन खरीदी है।

# मोदी सरकार के प्रयासों के कारण कोरोना के बड़े प्रभाव को रोका जा सका: नकवी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय अल्पसंख्यक** कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने सोमवार को कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि देश में कोरोना वायरस संक्रमण के बड़े असर को रोका जा सका और भारत स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम (एनएमडीएफसी) द्वारा नई दिल्ली के होली फैमिली अस्पताल को प्रदान किए गए मोबाइल क्लीनिक को हरी झंडी दिखाने के अवसर पर नकवी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में लोगों की जिंदगी में परिवर्तन, कार्य संस्कृति में बदलाव एवं देश और समाज की ओर जिम्मेदारी के प्रति नई ऊर्जा पैदा हुई है।

उन्होंने कहा, इस संकट के समय लोगों के सकारात्मक संकल्प और मोदी सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का नतीजा रहा कि भारत, स्वास्थ्य के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के पायदान पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। एन-95 मास्क, पीपीई किट, वेंटीलेटर एवं अन्य स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों के उत्पादन में भारत आत्मनिर्भर भी बना और दूसरे देशों की भी मदद की। आज कोरोना के अस्पतालों की संख्या 1054 हो गई है।

नकवी ने कहा, कोरोना महामारी की शुरुआत के समय हमारे देश में सिर्फ एक टेस्टिंग लैब थी, आज 1400 लैब का नेटवर्क है। जब कोरोना का संकट आया तो एक दिन में सिर्फ 300 टेस्ट हो पाते थे, आज हर दिन 7 लाख से ज्यादा टेस्ट हो रहे हैं। प्रत्एक भारतीय को स्वास्थ्य पहचानपत्र देने के लिए राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य मिशन शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पिछले 6 वर्षों में मोदी सरकार के प्रयासों का नतीजा है कि इतनी बड़ी आबादी वाले देश में कोरोना संकट के बड़े प्रभाव को रोका जा सका। मंत्री ने बताया कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के कौशल विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित 1500 से ज्यादा स्वास्थ्य सहायक, कोरोना से प्रभावित लोगों की सेवा में लगे हैं। इन प्रशिक्षित स्वास्थ्य सहायकों में 50 प्रतिशत लड़कियां हैं। इस वर्ष 2000 से ज्यादा अन्य स्वास्थ्य सहायकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## क्विक न्यूज

### पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी नाजुक: अस्पताल

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर है। सेना के रिसर्च एंड रेफरल अस्पताल सोमवार को यह जानकारी दी। मुखर्जी का इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि उन पर नजदीक से निगाह रखी जा रही है। मुखर्जी (84) को 10 अगस्त को यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उनकी मस्तिष्क की सर्जरी की गई थी। तभी से वह कोमा में है और उनकी हालत गंभीर है। इससे पहले कोविड-19 जांच में उनके संक्रमित होने की भी पुष्टि हुई थी। श्री प्रणब मुखर्जी की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। हालांकि उनके सभी महत्वपूर्ण पैरामीटर स्थिर है और वह जीवनरक्षक प्रणाली पर हैं और उन पर करीब से उनकी निगरानी की जा रही है। वही मुखर्जी के परिवार के अनुसार सर्जरी के बाद से उनकी हालत में थोड़ा सुधार आया है। मुखर्जी 2012 से 2017 तक राष्ट्रपति पद पर रहे। वह देश के 13 वे राष्ट्रपति हैं।

### शरद पवार के आवास के चार कर्मी कोरोना से संक्रमित

**मुंबई।** राकांपा प्रमुख शरद पवार के दक्षिण मुंबई स्थित आवास के चार कर्मी कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए है। हालांकि जांच रिपोर्ट में पवार के संक्रमण रहित होने की पुष्टि हुई है। महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने सोमवार को यह जानकारी दी। टोपे ने संवाददाताओं को बताया कि पवार हालांकि संक्रमित नही है लेकिन उन्हें अगले कुछ दिन तक किसी दौरे पर नही जाने की सलाह दी जाएगी। मंत्री ने बताया, पवार के सिल्वर ओक आवास में काम करने वाला एक खानसामा, दो सुरक्षाकर्मी समेत चार लोग कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं। उन्होंने बताया कि पवार को जांच के लिए रविवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल ले जाया गया था और रिपोर्ट में उनके संक्रमित नही होने की पुष्टि हुई है। टोपे ने कहा, वह स्वस्थ है, भलेचंगे है...लेकिन उनसे अगले कुछ दिन तक राज्य के दौरे पर नही जाने का आग्रह किया जाएगा। मानक प्रक्रिया के मुताबिक रसाई तथा सुरक्षाकर्मियों के संपर्क में आने वाले लोगों का पता लगाने के प्रयास चल रहे है। राकांपा प्रमुख हाल में सातारा जिले की कराड़ तहसील के दौरे से लौटे है जहां उन्होंने राज्य के सहकारिता मंत्री एवं राकांपा नेता बालासाहेब पाटिल से मुलाकात की थी। पाटिल शुक्रवार को कोविड-19 से संक्रमित पाए गए थे।

### जम्मू-कश्मीर में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल हुए सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील वीडियो के मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस वीडियो के विरोध में चेनाब घाटी क्षेत्र सोमवार को बंद रहा और लोगों ने प्रदर्शन भी किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समूचे जम्मू क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति कुल मिलाकर नियंत्रण में है। सभी समुदायो के धार्मिक नेताओं और प्रबुद्ध नागरिकों ने रविवार को सोशल मीडिया पर लोगों से सांप्रदायिक सौहार्द कायम रखने का अनुरोध किया। सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील वीडियो के मामले में पक्का डांगा इलाके के निवासी रोहित शर्मा को गिरफ्तार किया गया है और यह इस मामले में तीसरी गिरफ्तारी है। एक धर्म विशेष के बारे में अपमानजनक टिप्पणी से संबंधित वीडियो के रविवार को वायरल होने के बाद इस मामले में मुख्य आरोपी सतपाल शर्मा और उसके सहयोगी दीपक को पहले ही शहर से गिरफ्तार किया जा चुका है। पक्का डांगा पुलिस थाने में इस सिलसिले में प्रासंगिक धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने लोगों को इस वीडियो को साझा नही करने की सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि दोषी पाए जाने वालो के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी।

### विधायक की पत्नी ने महिला पर दर्ज किया ब्लैकमेलिंग का केस

**देहरादून।** उत्तराखंड में सत्ताधारी भाजपा के विधायक महेश नेगी पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाकर प्रदेश की सियासत को गर्मा दिया है। महिला ने यहां नेहरू कॉलोनी पुलिस थाने में दी अपनी तहरीर में आरोप लगाया है कि विधायक ने वर्ष 2016 से उसके साथ नैनीताल, दिल्ली, मसूरी तथा देहरादून आदि अलगअलग स्थानो पर कथित तौर पर दुष्कर्म किया। महिला ने दावा किया कि विधायक से उसकी एक बच्ची भी है और उसका डीएनए टेस्ट कर सत्यता का पता लगाया जा सकता है। महिला ने कहा है कि वह अपनी मां की बीमारी के इलाज के सिलसिले में विधायक से मिली थी। इससे पहले, विधायक की पत्नी रीता नेगी ने भी महिला पर अपने पति को ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए नेहरू कॉलोनी पुलिस थाने में एक मुकदमा दर्ज कराया है। रीता ने आरोप लगाया है कि महिला उनके पति को बदनाम कर रही है। विधायक की पत्नी ने अपनी शिकायत में कहा है कि महिला और उसका परिवार उनके पति को ब्लैकमेल कर पांच करोड रू मांग रहा है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक, कानून एवं व्यवस्था, अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच शुरू कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने भी मामले को गंभीर बताते हुए आरोप लगाने वाली महिला की बच्ची का डीएनए टेस्ट कराने की मांग की है और कहा है कि इससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। सिंह ने कहा, यह विषय बहुत गंभीर है कि एक विधायक पर एक महिला शारीरिक शोषण का आरोप लगा रही है और इस दरम्यान एक बच्ची का भी जन्म हुआ है। बच्ची का डीएनए टेस्ट कराया जाना चाहिए जिससे मामले की तह तक पहुंचा जा सके।



इंडोनेशिया के उत्तरी सुमात्रा में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मास्क पहनकर कार्यक्रम में हिस्सा लेती महिलाएं

# आठ माह बाद लापता जवान का शव बरामद

**भाषा।** देहरादून

**कश्मीर घाटी** में आठ महीने पहले भारत-पाकिस्तान सीमा पर गश्त के दौरान लापता हुए सेना के हवलदार राजेंद्र सिंह नेगी का शव बरामद हो गया है। उनके परिजनों ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। नेगी के चचेरे भाई दिनेश नेगी ने बताया कि जवान का शव मिलने की जानकारी उनकी बटालियन के एक अधिकारी ने उनकी पत्नी को दी है। उन्होंने बताया कि दिवंगत जवान का शव उनके लापता होने के आठ महीने के बाद शनिवार को कश्मीर के गुलमर्ग के जंगलों में बरामद हुआ। इससे पहले माना जा रहा था कि 11 वीं गढवाल राइफल्स में तैनात नेगी आठ जनवरी को आए बर्फीले तूफान के दौरान फिसलकर पाकिस्तान की तरफ गिर गए। सेना ने नेगी का पता लगाने का काफी प्रयास किया, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिलने पर इस साल मई में उन्हें शहीद का दर्जा देते हुए मृत घोषित कर दिया गया।

शनिवार को गुलमर्ग क्षेत्र से एक शव बरामद हुआ जिसकी पहचान हवलदार राजेंद्र सिंह नेगी के रूप में हुई। नेगी मूल रूप से चमोली जिले के आदिबद्री तहसील के पजियाणा गांव के रहने वाले थे। परिजनों ने बताया कि दिवंगत नेगी के शव की कोविड-19 जांच सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं और 18 या 19 अगस्त तक उनका शव देहरादून पहुंचेगा। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने रविवार की देर रात सोशल मीडिया पर किए गए पोस्ट में जवान को श्रद्धांजलि दी और कहा कि वह उन्हें सैल्यूट करते हैं। रावत ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि भगवान परिवार को इस कठिन समय को सहन करने की शक्ति दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उनके परिजनों के साथ खड़ी है।

# देवेगौड़ा ने नगा शांति वार्ता के कठिन दौर पर चिंता जताई

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा ने नगा समस्या के समाधान के लिए केन्द्र और एनएससीएन (आईएम) के बीच चल रही वार्ता के कठिन दौर में पहुंचने पर चिंता जाहिर करते हुए सोमवार को कहा कि अविश्वास को किनारे रखकर जल्द से जल्द शांति समझौता अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए। समाचार पत्रों में आ रही खबरें संकेत दे रही हैं कि केन्द्र सरकार की एनएएसीएन (आईएम) के साथ चल रही वार्ता कठिन दौर में पहुंच गई है। इस वार्ता में शामिल लोगों के हालिया बयानों से दोनों पक्षों के बीच अविश्वास झलकता है।

देवेगौड़ा ने कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते फरवरी 1997 में नगा नेताओं आइजक चिशि स्वू और थुइनंगलेंग मुइवा से ज्यूरिक में मुलाकात की थी, जिसके बाद उसी साल संघर्ष विराम समझौता हुआ था जो रचनात्मक कूटनीति का परिणाम था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि 23 वर्षों में विभिन्न सरकारों ने जो प्रयास किए, वे बेकार न जाएं। हमें संविधान और 2015 की रूपरेखा समझौते की मदद से समाधान की ओर बढ़ना चाहिए।

एनएससीएन (आईएम) ने रविवार को नगालैंड के राज्यपाल और नगा शांति वार्ता के लिए वार्ताकार आर एन रवि पर निशाना साधते हुए उन पर राजनीतिक मुद्दे को कानून-व्यवस्था की समस्या में बदलने और कपटी रवैया अपनाने का आरोप लगाया। पिछले 23 वर्षों से केंद्र के साथ शांति वार्ता में शामिल एनएससीएन (आईएम) ने एक बयान में यह आरोप भी लगाया कि रवि 3 अगस्त, 2015 को हस्ताक्षर किए गए समझौते को लेकर नगा लोगों को विभाजित करने की कोशिश कर रहे हैं। साथ ही केंद्र सरकार तथा एक संसदीय स्थाई समिति को गुमराह कर रहे हैं। देवेगौड़ा ने कहा कि उन्हें पूरी उम्मीद है कि अविश्वास को किनारे रखकर बातचीत जारी रहेगी।

# कोर्ट में राजस्थान में बसपा के छह विधायकों के कांग्रेस में विलय के खिलाफ सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी के छह विधायकों का कांग्रेस में विलय की अनुमति देने के विधान सभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ भाजपा विधायक की याचिका पर सोमवार को सुनवाई 24 अगस्त के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति अरूण कुमार, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी की पीठ को इस मामले की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान सूचति किया गया कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील इस मामले की सुनवाई कर रहा राजस्थान उच्च न्यायालय बुधवार तक बंद है।

उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश कोविड-19 से संक्रमित पाए गए हैं और इसलिए उच्च न्यायालय का कामकाज 19 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। पीठ ने अधिवक्ता सुनील फर्नाण्डीज के इस कथन का संज्ञान लिया कि इस विवाद में उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को आदेश लिखवाना शुरू किया था लेकिन इसे पूरा नही किया जा सका। इसके बाद, शीर्ष अदालत ने भाजपा विधायक मदन दिलावर की याचिका पर सुनवाई 24 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी।

न्यायालय ने, इससे पहले, 13 अगस्त को इस मामले में विधान सभा अध्यक्ष के फैसले के खिलाफ भाजपा विधायक की अपील पर कोई अंतरिम राहत देने से इंकार कर दिया था क्योंकि 14 अगस्त को उच्च न्यायालय में इस पर सुनवाई होनी थी। भाजपा विधायक ने इन छह विधायकों को कांग्रेस विधायक के रूप में काम करने से रोकने से इंकार करने के उच्च न्यायालय के छह अगस्त के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दे रखी है। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने राजस्थान के इन छह विधायकों को उनके खिलाफ उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाएं अपने यहां स्थानांतरित करने के लिए दायर याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी थी।

मदन दिलावर की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा था कि यह मामला उच्च न्यायालय जा सकता है लेकिन सवाल यह है कि इस बीच क्या करना होगा। उन्होंने बसपा विधायकों के विलय के बारे में पिछले साल सितंबर के विधान सभा अध्यक्ष के आदेश का जिक्र करते हुए कहा था कि बहुत ही विचित्र स्थिति पैदा हो गई है क्योंकि बसपा का कहना है कि उसका विलय नहीं हुआ है। दूसरी ओर, बसपा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सतीश चंद्र मिश्रा का कहना था कि उसके छह विधायक अध्यक्ष के पास गए और कहा कि वे विलय करना चाहते हैं और अध्यक्ष ने सीधे विलय का आदेश पारित कर दिया। विधान सभा मे ए विधायक बसपा के व्हिप का पालन नहीं कर रहे हैं और चूंकि बसपा राष्ट्रीय दल है, इसलिए यदि कोई विभाजन है, तो यह राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए।

# सीएएमपीए कोष का इस्तेमाल वनरोपण के लिए करें: जावड़ेकर

**नई दिल्ली।** ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने के लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने सोमवार को राज्यों से अनुरोध किया कि वे सीएएमपीए कोष का इस्तेमाल खास तौर पर वनरोपण के लिए करें न कि वेतन के भुगतान के लिए। राज्यों के वन मंत्रियों के साथ एक डिजिटल बैठक में जावड़ेकर ने कहा कि क्षतिपूरक वनीकरण प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (सीएएमपीए) कोष का 80 प्रतिशत सिर्फ वनरोपण और पौधरोपण के लिए इस्तेमाल किया जाएगा जबकि शेष का इस्तेमाल क्षमता निर्माण के लिए किया जाएगा।

बैठक का विवरण साझा करते हुए जावड़ेकर ने कहा, राज्यों के वन मंत्रियों की बैठक में एक बार फिर जोर दिया कि राज्यों को सीएएमपीए कोष का इस्तेमाल विशिष्ट रूप से वनरोपण और पौधरोपण के लिए करना चाहिए। सीएएमपीए कोष का इस्तेमाल वेतन के भुगतान, यात्रा भत्तों, चिकित्सा खर्चों आदि के लिए नहीं किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा, सीएएमपीए कोष की 80 प्रतिशत रकम का इस्तेमाल वनरोपण और पौधरोपण के लिए किया जाना चाहिए। शेष 20 प्रतिशत का इस्तेमाल क्षमता निर्माण आदि के लिए हो।

राज्यों के साथ बैठक में पर्यावरण मंत्री ने कहा कि सरकार बनों की गुणवत्ता और वृक्ष आच्छादन बढ़ाने पर ध्यान दे रही है जिससे कार्बन स्टॉक (वातावरण से कार्बन को समेटने की क्षमता) को बढ़ाया जा सके। इसके लिए नीतियों और कार्यक्रमों में व्यापक बदलाव करने होंगे। जावड़ेकर ने कहा कि मंत्रालय ने कई पहल की हैं जिनमें बड़े पैमाने पर पौधरोपण, नगर वन योजना के तहत शहरी क्षेत्र में वनावरण बढ़ाना आदि शामिल है। जावड़ेकर ने कहा, मंत्रालय जल्द ही स्कूल नर्सरी योजना को लागू करने की घोषणा करने जा रहा है।

## कर्नाटक सरकार क्लेम कमिश्नर की नियुक्ति के लिए करेगी उच्च न्यायालय का रुख

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शहर में पिछले सप्ताह की हिंसा के दौरान संपत्ति को हुए नुकसान के आकलन और दोषियों से नुकसान की भरपाई के संबंध में क्लेम कमिश्नर की नियुक्ति के लिए उच्च न्यायालय का रुख करने का फैसला किया है। राज्य सरकार ने कहा है कि हिंसक घटनाओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्वाई शुरू की गई है और गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) भी लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने गृहमंत्री बसवराज बोम्मई और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सोमवार को बैठक की। एदि ने ट्वीट किया, हमारी सरकार ने केजी हल्ली और डीजी हल्ली में हिंसक घटनाओं में निजी और सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान का आकलन कराने और दोषियों से नुकसान की भरपाई करने का फैसला किया है। डीजे हल्ली और केजी हल्ली में हिंसक घटनाओं के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई शुरू कर दी गई है।

# छत्तीसगढ़ में बनेगी सेना और अर्धसैनिक बलों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट

**भाषा।** रायपुर





**छत्तीसगढ़** में सेना तथा अर्धसैनिक बलों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट का उत्पादन किया जाएगा। राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में सोमवार को छत्तीसगढ़ में रक्षा श्रेणी के उद्योग की पहली उत्पादन इकाई की स्थापना के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

यह औद्योगिक इकाई भारत सरकार के विभिन्न सशस्त्र बलों जैसे थल सेना, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) तथा राज्य सरकार के सशस्त्र बलों के लिए बुलेटप्रूफ जैकेट और हेलमेट का उत्पादन करेगी। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में छत्तीसगढ़ शासन के उद्योग विभाग और रक्षा उत्पादों की औद्योगिक इकाई स्थापित करने वाली कंपनी मेसर्स एटमास्टको लिमिटेड, दुर्ग के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।

उन्होंने बताया कि रक्षा उत्पादों की यह इकाई छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के बिरेभांठ गांव में स्थापित की जाएगी। इस इकाई में कंपनी द्वारा लगभग 87.50 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश किया जाएगा। इस उद्योग के माध्यम से लगभग 150 लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रथम चरण में रक्षा उत्पादों की यह औद्योगिक इकाई एक-एक लाख बुलेटप्रूफ जैकेट तथा हेलमेट का उत्पादन करेगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने इस इकाई की स्थापना के लिए कंपनी और उद्योग विभाग के अधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं। अधिकारियों ने बताया कि एमओयू में उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव मनोज कुमार पिंगुआ और कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) एस स्वामीनाथन ने हस्ताक्षर किया। प्रमुख सचिव पिंगुआ ने बताया कि राज्य सरकार की नई औद्योगिक नीति में रक्षा श्रेणी के उद्योगों को उच्च प्राथमिकता श्रेणी में रखा गया है।

छत्तीसगढ़ में स्थापित होने वाली इस प्रथम इकाई के लिए डीआरडीओ से तकनीक के लिए अनुबंध किया गया है। स्वामीनाथन ने बताया कि इकाई में नवंबर तक उत्पादन प्रारंभ हो जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी द्वारा लाइसेंस और एग्रीमेंट के तहत रक्षा प्रौद्योगिकी के लिए भारत सरकार से 25 मार्च 2019 को अनुबंध किया गया है। इस अवसर पर भूपेश बघेल मंत्रिमंडल के सदस्य, मुख्य सचिव आरपी मंडल और अन्य अधिकारी मौजूद थे।



अहमदाबाद में हिंदू धर्मावलंबी श्रावण मास के अंतिम सोमवार पर भगवान शिव मंदिर में पूजा-अर्चना करते भक्तगण

# एनआईए ने उच्च न्यायालय में सुधा भारद्वाज की जमानत याचिका का किया विरोध

**भाषा।** मुंबई

**एल्गार मामला**

**एल्गार** परिषद-कोरेगांव भीमा मामले में गिरफ्तार कार्यकर्ता सुधा भारद्वाज की जमानत याचिका का विरोध करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को बंबई उच्च न्यायालय में कहा कि उनकी बीमारी गंभीर प्रकृति की नहीं हैं। एनआईए ने यह भी कहा कि भायखला जेल के अधिकारी भारद्वाज की चिकित्सा जरूरतों को देखने के लिए सक्षम हैं।

एनआईए और भारद्वाज के वकील की दलील सुनने के बाद अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को निर्देश दिया कि वह कार्यकर्ता की नवीनतम स्वास्थ्य रिपोर्ट पेश करे। एनआईए की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सॉलीसीटर जनरल (एएसजी) अनिल सिंह ने न्यायमूर्ति अमजद सैयद की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया कि पूर्व में मामले की विशेषताओं के आधार पर भारद्वाज की जमानत याचिकाएं खारिज की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि भारद्वाज (58) की जेल में उनके कोरोना वायरस से संक्रमित हो जाने की आशंका जाहिर करने के आधार पर उन्हें अदालत द्वारा जमानत नहीं दी जानी चाहिए।

भारद्वाज की वकील रागिनी आहूजा ने इससे पहले अदालत को बताया था कि कार्यकर्ता दो साल से भी ज्यादा समय से जेल में है। आहूजा ने कहा कि भारद्वाज कई अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त हैं जिससे उनके वायरस से संक्रमित होने का जोखिम ज्यादा है। अदालत ने सरकार से एक हफ्ते के अंदर भारद्वाज की नवीनतम स्वास्थ्य रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा है।

# तिरंगा यात्रा में कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर हरीश रावत के खिलाफ केस

**भाषा।** हरिद्वार



**उत्तराखंड** में राष्ट्रीय राजमार्ग-58 की बदहाली व अन्य जनसमस्याओं को लेकर हरिद्वार जिले में निकाली गई तिरंगा यात्रा में कोविड-19 संबंधी दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के आरोप में कांग्रेस महासचिव हरीश रावत और तीन विधायकों सहित 150 से ज्यादा कांग्रेसियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रावत ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिले के भगवानपुर की विधायक ममता राकेश, मंगलौर के विधायक काजी निजामुद्दीन और पिरान कलियर के विधायक फुरकान अहमद तथा अन्य कार्यकर्ताओं के साथ राज्य सरकार के विरोध में ढंडेरा से लंढौरा तक बैलगाड़ी पर तिरंगा यात्रा निकाली थी। पुलिस का कहना है कि इस दौरान कोरोना महामारी को लेकर जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया और शारीरिक दूरी के नियम की धज्जियां उड़ाई गईं।

इस पर पुलिस ने रावत और तीनों विधायकों समेत 16 कांग्रेसियों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया। इसके अलावा, अज्ञात कांग्रेसियों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है। हरिद्वार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेंथिल अबूदई कृष्णराज एस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा में शामिल कांग्रेसियों को पुलिस वीडियो और फोटो के आधार पर चिह्नित किया जा रहा है।

## कर्नाटक में तीन साल में 16 विवि और 34 संस्थान खोले जाएंगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार तीन साल में 16 विश्वविद्यालय और 34 स्वायत्त शिक्षण संस्थानों की स्थापना करेगी। राज्य के उपमुख्यमंत्री तथा उच्च शिक्षा मंत्री डॉक्टर सी एन अश्वत्थ नारायण ने सोमवार को यह जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नए संस्थानों की स्थापना का उद्देश्य 2030 तक नई शिक्षा नीति के लक्ष्य हासिल करना है। नारायण ने कहा, कर्नाटक सरकार तीन साल में छह अनुसंधान केन्द्रित विश्वविद्यालयों, दस अध्यापन केन्द्रित विश्वविद्यालयों और 34 स्वायत्त शिक्षण संस्थानों की स्थापना करेगी।

# ओड़िशा सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोप में एक अधिकारी की अनिवार्य सेवानिवृति का दिया आदेश दिया

**भुवनेश्वर।** भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने के तहत ओड़िशा सरकार ने सोमवार को कोरापुट के पूर्व मुख्य जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार मोहंती की अनिवार्य सेवानिवृति का आदेश दिया। एक अधिकारी ने बताया कि उपनिदेशक (कृषि) मोहंती को भ्रष्टाचार के आरोपों में तत्काल प्रभाव से अनिवार्य रूप से सेवानिवृत कर दिया गया है। सरकार की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, अनैतिकता, अकार्यकुशलता या बेईमानी की किसी भी हरकत को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति पर सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद पी के मोहंती को तत्काल प्रभाव से अनिवार्य रूप से सेवानिवृत किया गया है। राज्य सतर्कता विभाग ने दो जुलाई को भुवनेश्वर जा रहे मोहंती का वाहन रोका था और उनके पास से 11 लाख से अधिक रूपए जब्त किए थे। उसी दिन इन अधिकारी को गिरफ्तार किया गया था क्योंकि वह स्पष्ट नहीं कर पाए थे कि वह इतनी बड़ी राशि लेकर क्यों चल रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी के बाद मोहंती को निलंबित कर दिया गया था। सतर्कता विभाग ने मोहंती की कुल चल-अचल संपत्ति करीब साढ़े तीन करोड़ की होने का अनुमान लगाया था। राज्य सरकार ने इसी तरह एक विशेष सचिव स्तर के अधिकारी को यौन उत्पीड़न के मामले में गिरफ्तार किए जाने और जेल भेजे जाने के बाद उनकी अनिवार्य सेवानिवृति का 13 अगस्त को आदेश दिया था।

# कोरोना के चलते टेरर फंडिंग के मामले में गिरफ्तारी पर रोक दस सितंबर तक बढ़ी

**भाषा।** रांची



**कोरोना** संक्रमण के संकट को देखते हुए झारखंड उच्च न्यायालय ने सोमवार को टेरर फंडिंग सहित सभी ऐसे मामलों में अंतरिम राहत की अवधि दस सितंबर तक बढ़ा दी है जिनमें आरोपियों को पहले अदालत से राहत मिल चुकी है। मुख्य न्यायाधीश डॉ. रवि रंजन और न्यायमूर्ति एसएन प्रसाद की पीठ ने टेरर फंडिंग के मामले में सुनवाई करते हुए दस सितंबर तक यह अंतरिम राहत बढ़ाने का निर्देश दिया। इन मामलों में राहत की अवधि आज ही समाप्त हो रही थी।

उच्च न्यायालय ने इस वर्ष दस फरवरी को आरोपियों की याचिका पर एनआइए की किसी भी दंडात्मक कार्वाई: पर रोक लगा दी थी। अदालत ने नक्सली संगठनों को धन मुहैया कराने से जुड़े टेरर फंडिंग के इन तीनों आरोपियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए इनको दी गई राहत को बरकरार रखा और उसकी अवधि दस सितंबर तक बढ़ा दी। आधुनिक पॉवर लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक(एमडी) महेश अग्रवाल, ट्रासंपोर्टर विनीत व सोनू अग्रवाल ने उच्च न्यायालय में इस मामले में याचिका दाखिल की थी।

इस मामले की जांच वर्ष 2018 से राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) कर रही है। इस मामले में तीनों आरोपियों ने चार फरवरी, 2020 को उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। टेरर फंडिंग समेत तमाम ऐसे मामलों में कोरोना संक्रमण को देखते हुए फिलहाल किसी दंडात्मक कार्वाई पर उच्च न्यायालय ने सात अप्रैल को रोक लगा दी थी जिसे पहले जुलाई अंत तक और अब दस सितंबर तक बढ़ा दिया गया है।

# विश्वविद्यालय के पौष मेला मैदान में किसी भी तरह का निर्माण नहीं चाहती: ममता

**भाषा।** कोलकाता



**पश्चिम** बंगाल के बीरभूम जिले में सोमवार को विश्व भारती विश्वविद्यालय परिसर के पौष मेला मैदान में चारदीवारी के निर्माण के विरोध को लेकर हुए हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि वह वहां किसी भी तरह का निर्माण नहीं चाहती हैं। साथ ही पुलिस को इस संबंध में सभी पक्षकारों की बैठक बुलाने का निर्देश दिया। विश्व भारती को केंद्रीय विश्वविद्यालय बताते हुए बनर्जी ने कहा कि पौष मेला मैदान पर हिंसा को लेकर सोमवार को उनकी राज्यपाल से बात हुई और उन्होंने राज्यपाल को बताया कि इस मामले में राज्य सरकार की सीमित भूमिका थी। सूत्रों ने बताया कि शरद ऋतु में इस मैदान में सालाना पौष मेला आयोजित होता है और विश्वविद्यालय प्रशासन ने यहां चारदीवारी निर्माण का निर्णय लिया था जो आज सुबह शुरू हुआ। सूत्रों ने बताया कि करीब 4,000 लोग शांति निकेतन परिसर के पास पहुंचे और अचानक अंदर दाखिल हो गए। उन्होंने संपत्ति को नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया और जेसीबी की मदद से विश्वविद्यालय के एक दरवाजे को गिराना शुरू कर दिया। बनर्जी ने कहा, राज्यपाल ने मुझे फोन किया था। मैदान पर हुई हिंसा को लेकर हमारी चर्चा हुई थी। मैंने उन्हें कहा कि नोबेल पुरस्कार विजेता रबींद्रनाथ टैगोर ने विभिन्न त्योहार मनाने के लिए इसकी स्थापना की थी। मैंने उन्हें यह भी बताया कि मैं उस मैदान पर किसी भी तरह का निर्माण नहीं चाहती हूं। वहीं, कोविड-19 महामारी से निपटने के प्रयासों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने महामारी से लड़ते हुए बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के सम्मान में पश्चिम बंगाल में हर साल एक सितंबर को पुलिस दिवस मनाए जाने की घोषणा की।

# पुलिस की बर्बरता सिक्के का एक पहलू है

## बंबई उच्च न्यायालय ने कोविड 19 लॉकडाउन पर कहा

**भाषा।** मुंबई



**बंबई** उच्च न्यायालय ने सोमवार को कहा कि लॉकडाउन के दौरान पुलिस की बर्बरता सिक्के का एक पहलू है और यह उल्लेख किया कि कोविड-19 महामारी को फैलने से रोकने के लिए लागू प्रतिबंधों का कई नागरिक अनुपालन नहीं कर रहे हैं।

मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और नयायमूर्ति अनुज प्रभुदेसाई की खंड पीठ ने कहा, हर जगह ब्लैक शीप (गलत तरह के लोग) मिल जाते हैं। उन्होंने अधिवक्ता फिरदौस ईरानी की एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। याचिका में लॉकडाउन के दौरान पुलिस की बर्बरता पर चिंता प्रकट की गई है। ईरानी के अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने अदालत से सोमवार को कहा कि उनके पास 13 वीडियो हैं जिनमें लॉकडाउन के दिशानिर्देशों का अनुपालन कराने के दौरान लोगों पर पुलिस की ज्यादती दिख रही है। उन्होंने कहा, पुलिसकर्मी यात्रा का कारण पूछे बगैर लोगों को लाठियों से मारते या थप्पड़ मारते दिख रहे हैं। हालांकि, अदालत ने कहा कि इस कहानी के दो पहलू हैं।

मुख्य न्यायाधीश दत्ता ने कहा, पुलिस की बर्बरता सिक्के का एक ही पहलू है। सच्चाई यह है कि हमारे बीच ऐसे कई लोग हैं जो लॉकडाउन के दिशानिर्देशों की परवाह नहीं करते और पाबंदियों का अनुपालन नहीं करते। हर जगह ब्लैक शीप है। शंकरनारायणन ने दलील दी कि यदि लॉकडाडन की पाबंदियों का लोगों ने उल्लंघन भी किया है तो यह पुलिस को किसी व्यक्ति को पीटने का अधिकार नहीं देता। इस पर, अदालत ने कहा कि वह यह फैसला करने के लिए नहीं बैठी है कि किस मामले में या परिस्थिति में लाठी, आंसू गैस या बल प्रयोग करने की जरूरत हो सकती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, हर मामले या स्थिति को एक जैसा ही नहीं माना जा सकता। अदालत ने कहा कि यदि लोग कानून का उल्लंघन करते हैं तो उन्हें सख्त कार्वाई का सामना करना पड़ेगा। न्यायमूर्ति दत्ता ने कहा, पुलिस को आम आदमी के हितों की हिफाजत का काम सौंपा गया है।

ऐसी स्थिति में, कुछ पुलिसकर्मी सिर्फ यह सोचते हैं कि उनके पास लाठी है जिसका वे इस्तेमाल कर सकते है। पीठ ने याचिकाकर्ता को इस बारे में अपना सुझाव देने को कहा कि पुलिस को इस तरह के उल्लंघनकर्ता से कैसे निपटना चाहिए। अदालत ने कहा, उसके बाद हम विचार करेंगे कि क्या पुलिस को सुझावों का पालन करने को कहा जा सकता है। बहरहाल, अदालत ने याचिका की अगली सुनवाई 21 सितंबर के लिए निर्धारित कर दी।

# जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों का विकास नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्रीय** मंत्री जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि जम्मू कश्मीर, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों का विकास नरेंद्र मोदी सरकार की प्राथमिकता है। जितेंद्र सिंह ने मणिपुर में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों के शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही।

इस डिजिटल कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 3000 करोड़ रूपए की राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिलाएं रखीं। इस मौके पर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह भी मौजूद थे। जितेंद्र सिंह ने कहा कि कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभालने के शीघ्र बाद नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सीमावर्ती राज्यों एवं क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ताकि उन्हें देश के अन्य विकसित क्षेत्रों के बराबर लाया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर, जम्मू कश्मीर और पहाड़ी राज्य मोदी सरकार की प्राथमिकता हैं और यह स्पष्ट संदेश जाना चाहिए कि इन क्षेत्रों पर मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में जितना ध्यान दिया गया था, उतना ही ध्यान दूसरे कार्यकाल में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्वयं पिछले छह साल में करीब 40 बार पूर्वोत्तर गए जो अतीत में कई प्रधानमंत्रियों द्वारा की गई पूर्वोत्तर की कुल यात्राओं से अधिक है।

पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि जहां तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की बात है तो मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में ही गडकरी ने एक ही बार में पूर्वोत्तर में कई हजार करोड़ रूपए की सड़क एवं पुल परियोजनाओं की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि मोदी के पहले कार्यकाल में पूरी हुई परियोजनाओं में बह्मपुत्र नदी पर प्रसिद्ध भूपेन हजारिका पुल शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि यह मोदी सरकार ही है जिसने वैकल्पिक एवं सस्ती कनेक्टिविटी के लिए अंतरर्देशीय जलमार्ग की पहल की। उन्होंने कहा कि जहां तक जम्मू कश्मीर की बात है तो पिछले छह साल में कई बड़ी सड़क एवं पुल परियोजनाएं पूरी हुई हैं जिनमें एशिया की सबसे बड़ी अत्याधुनिक नशरी चेनानी सुरंग शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर बनी इस अपनी तरह की पहली सुरंग का उद्घाटन किया था। जितेंद्र सिंह ने अपने निर्वाचन क्षेत्र उधमपुर की कई सड़क परियोजनाओं का भी उल्लेख किया।

# पेज एक का शेष

## पिघली रिश्तों...

चेक पोस्ट (भारत-नेपाल व्यापार को बढ़ावा देने के लिए), पर्यटन विकास के लिए रामायण सर्किट, एचआईसीडीपी (उच्च प्रभाव सामुदायिक विकास परियोजनाओं), महाकाली नदी पर मोटर वाहन चलने योग्य पुल बनाने, कृषि और सांस्कृतिक विरासत जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई। नेपाल ने कोविड-19 से निपटने के लिए सहायता प्रदान करने खासकर मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति के लिए भारत को धन्यवाद भी दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा बीते 8 मई को उत्तराखंड के धारचूला से लिपुलेख दर्रे को जोड़ने वाली 80 किलोमीटर लंबी रणनीतिक सड़क का उद्घाटन करने के बाद भारत और नेपाल के बीच संबंधों में तनाव में आ गया था। नेपाल ने सड़क के उद्घाटन का विरोध करते हुए दावा किया कि यह सड़क उसके क्षेत्र से गुजरती है।इसके कुछ दिनों बाद नेपाल ने नए नक्शे के साथ लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा को अपने प्रदेशों के रूप में दिखाया। जून में नेपाल की संसद ने देश के नए राजनीतिक मानचित्र को अनुमोदित कर दिया। नेपाल के इस कदम पर भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी। भारत ने कहा कि नेपाल की कार्रवाई दोनों देशों के बीच बातचीत के माध्यम से सीमा मुद्दों को हल करने के लिए आपसी समझ का उल्लंघन करती है। प्रधानमंत्री ओली जोर देकर कह रहे हैं कि लिपुलेख, कालापानी और लिंपियाधुरा नेपाल के क्षेत्र हैं और उन्होंने भारत से उन्हें वापस लाने की कसम खाई है।

## प्रशांत भूषण...

ने कहा कि उसके समक्ष पेश मामले के दूरगामी नतीजे हैं और वह अधिवक्ताओं को सुनना चाहती है कि क्या न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए बयान दिए जा सकते हैं और ऐसे मामले में क्या प्रकिया अपनाई जानी चाहिए। भूषण ने रविवार को न्यायालय से कहा था कि न्यायाधीशों के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाना न्यायालय की अवमानना नहीं होगी और सिर्फ भ्रष्टाचार के आरोप बोलना ही न्यायालय की अवमानना नहीं होगी। शीर्ष अदालत ने भूषण की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन, शांति भूषण और कपिल सिब्बल से कहा कि वे इन तीन बिन्दुओं पर न्यायालय को संबोधित करें--क्या इस तरह के बयान दिए जा सकते हैं, किन परिस्थितियों में ए दिए जा सकते हैं और पीठासीन तथा सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के मामलों में क्या प्रकिया अपनाई जानी चाहिए। मामले की शुरूआत में धवन ने कहा कि न्यायालय को चुनिन्दा सवालों पर विचार करना चाहिए और सारे मामले पर वृहद पीठ को सुनवाई करनी चाहिए। धवन ने न्यायालय के उस हालिया फैसले का भी जिक्र किया जिसमें प्रशांत भूषण को न्यायपालिका के प्रति उनके दो अपमानजनक ट्वीट के कारण अवमानना का दोषी ठहराया गया है। उन्होंने कहा कि इस मामले में 14 अगस्त के फैसले पर पुनर्विचार के लिए भूषण याचिका दायर करने की सोच रहे हैं। धवन ने न्यायालय से कहा कि ऐसा लगता है कि 14 अगस्त के फैसले में कई विसंगतियां हैं क्योंकि कुछ जगहों पर इसमें कहा गया है कि न्यायाधीशों के खिलाफ आरोप अवमानना नहीं बनता है। तेजपाल की ओर से सिब्बल ने कहा कि फिर तो इस मामले को खत्म कर दिया जाना चाहिए। पीठ ने कहा कि न्यायालय मामले को खत्म करना भी चाहता हो तो भी कुछ ऐसे सवाल हैं जिन पर विचार करने की आवश्कता है। धवन ने कहा कि न्यायालय द्वारा उठाए गए सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और उन्होंने सुझाव दिया कि इस मामले पर संविधान पीठ को विचार करना चाहिए। शांति भूषण ने इस मामले को दो सप्ताह के लिए स्थगित करने का अनुरोध किया जब न्यायालय में सामान्य कामकाज शुरू होने की संभावना है।

## तय समय...

लिए भी सुप्रीम कोर्ट में याचिका डाली गई थी। गुजरात पेरेंट्स एसोसिएशन की तरफ से डाली गई इस याचिका में कहा गया था कि पहले से ही काफी एकेडमिक ईयर खराब हो चुका है इसलिए परीक्षा समय पर करवाई जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद अब एनटीए कभी भी एडमिट कार्ड जारी कर सकता है, क्योंकि आमतौर पर परीक्षा के 15 दिन पहले एडमिट कार्ड जारी किया जाता है। चूंकि जेईई मेन की परीक्षा एक सितंबर से है, इसलिए इसका एडमिट कार्ड कभी भी रिलीज किया जा सकता है।

## सुरक्षाबलों ने...

एक-शहीद हो गए। ऐसा प्रतीत होता है कि हमले को लश्कर ए तैयबा ने अंजाम दिया। हम जल्द ही उन्हें मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा, हमने क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और तलाश अभियान जारी है। हमें उम्मीद है कि हम उन्हें जल्द ही मार गिराएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या आतंकवादियों ने अपनी रणनीति बदल ली है और अब वे सुरक्षाबलों पर हमले कर घटनास्थल से भाग जाते हैं, पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि यह चिंता का विषय है, लेकिन सुरक्षाबल जल्द ही समस्या का समाधान निकाल लेंगे। उन्होंने कहा, यह चिंता का विषय है। नाकों पर सुरक्षाकर्मियों की संख्या कम होती है, खासकर दूरदराज के क्षेत्रों में जहां आतंकवादी आम लोगों के साथ आकर खुद को छिपा लेते हैं और फिर सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करते हैं। कई बार हमें नुकसान हुआ है और वे भागने में सफल रहे हैं, लेकिन हम जल्द ही इस तरीके का इलाज ढूंढ़ लेंगे और इस समस्या को खत्म कर देंगे।

## संगीत मार्तंड...

विश्व में उनके प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ओम शांति। मोदी ने अपने ट्वीट के साथ पंडित जसराज के साथ अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें भी ट्विटर पर डालीं जिनमें वह उन्हें सम्मानित कर रहे हैं। अपने आठ दशक से अधिक के संगीतमय सफर में पंडित जसराज को पद्म विभूषण (2000), पद्म भूषण (1990) और पद्मश्री (1975) जैसे सम्मान मिले। पिछले साल सितंबर में सौरमंडल में एक ग्रह का नाम उनके नाम पर रखा गया था और यह सम्मान पाने वाले वह पहले भारतीय कलाकार बने थे। इंटरनेशनल एस्ट्रोनामिकल यूनियन (आईएयू) ने माइनर प्लेनेट 2006 वीपी 32 (नंबर 300128) का नामकरण पंडित जसराज के नाम पर किया था जिसकी खोज 11 नवंबर 2006 को की गई थी। इस साल जनवरी में अपना 90वां जन्मदिन मनाने वाले पंडित जसराज ने नौ अप्रैल को हनुमान जयंती पर फेसबुक लाइव के जरिए वाराणसी के संकटमोचन हनुमान मंदिर के लिए दी थी। इसके अलावा उन्होंने अपनी बेटी और प्रोड्यूसर दुर्गा की संगीतमय वेब सीरिज उत्साह में भी भाग लिया था जो लॉकडाउन के दौरान सोशल मीडिया पर आयोजित की जा रही है।

# चार न्यायिक अधिकारियों की इलाहाबाद उच्च न्यायालय में न्यायाधीश पद पर पदोन्नति की सिफारिश

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय की कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं को इलाहाबाद,केरल और गुजरात उच्च न्यायालय में न्यायाधीश बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे की अध्यक्षता वाली कॉलेजियम ने 14 अगस्त की बैठक में चार न्यायिक अधिकारियों-संजय कुमार पचोरी, सुभाष चंद्र शर्मा, सुभाष चंद और सरोज यादव- को इलाहाबाद उच्च न्यायालय में पदोन्नति देकर न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की है। कॉलेजियम में प्रधान न्यायाधीश के अलावा न्यायमूर्ति एन वी रमण, न्यायमूर्ति अरूण मिश्रा, न्यायमूर्ति आर एफ नरीमन और न्यायमूर्ति उदय यू ललित शामिल हैं।

कॉलेजियम का यह निर्णय शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। कॉलेजियम ने अधिवक्ता-मुरली पुरूषोत्तमन और जियाद रहमान तथा न्यायिक अधिकारी क-रूणाकरण बाबू और डा कौसर एडप्पागत को केरल उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की है। इसके अलावा, कॉलेजियम ने तीन अधिवक्ताओं-वैभव देवांग नानावटी, निर्जरकुमार सुशीलकुमार देसाई और निखिल श्रीधरन करियल- को गुजरात उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त करने की भी सिफारिश की है।

## सीएसए अध्यक्ष नेनजानी ने इस्तीफा दिया

**जोहानिसबर्ग।** भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के अध्यक्ष क्रिस नेनजानी ने सात साल के कार्यकाल के बाद तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। सीएसए के बयान के मुताबिक नेनजानी ने शुक्रवार को अपने पद से इस्तीफा दिया। उन्हें पांच सितंबर को बोर्ड की वार्षिक आम बैठक मे भाग लेना था। पिछले साल उनके कार्यकाल को 12 महीने के लिए बढ़ाया गया था।

## कोम्पानी ने खिलाड़ी के तौर पर संन्यास लिया, कोचिंग पर देंगे ध्यान

**ब्रसेल्स।** मैनचेस्टर सिटी के पूर्व कप्तान विंसेट कोम्पानी ने कोच के तौर पर करियर पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को अपने 17 साल के खेल करियर को अलविदा कह दिया। चौंतीस साल के कोम्पनी ने अब सिटी की टीम का साथ छोड़ दिया है और बेल्जियम की टीम एंडरलेश के साथ पूरी तरह से कोच के तौर पर काम करेंगे।

## जिम हरमन ने विनधैम चैंपियनशिप जीती

**ग्रीन्सबोरो।** जिम हरमन को अपने पीजीए गोल्फ टूर को सफल बनाने का तरीका मिल गया है और वह है राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ गोल्फ का राउंड खेलना। हरमन जब भी राष्ट्रपति के साथ गोल्फ खेलते है तो वह टूर्नामेंट जीत जाते होंगे। हरमन ने राष्ट्रपति के साथ गोल्फ खेलने के बाद 2016 मे ह्यस्टन ओपन, पिछले साल बारबसोल टूर्नामेंट और रविवार को विनधैम चैपियनशिप जीतकर फेडएक्स कप प्ले आफ के लिए क्वालीफाई किया।

## ओसुलिवान ने छठा विश्व स्नूकर खिताब जीता

**वाशिंगटन।** रोनी ओसुलिवान ने फाइनल मे इंग्लैंड के अपने साथी काइरेन विल्सन को 18-8 से हराकर 44 बरस की उम्र मे छठी बार विश्व स्नूकर चैपियनशिप का खिताब जीता। ओसुलिवान सर्वकालिक विश्व स्नूकर खिताब के स्टीफन हेंड्री के रिकॉर्ड से सिर्फ एक खिताब पीछे है जबकि उन्होने स्टीव डेविस और रे रीयरडन की बराबरी की।

## शुभंकर संयुक्त 63वें स्थान पर, हॉर्सफिल्ड चैम्पियन

**न्यूपोर्ट।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने सेल्टिक क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के चौथे दौर मे पार 71 का कार्ड खेला जिससे वह इस यूरोपीय टूर प्रतियोगिता मे दो अंडर 282 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 63वें स्थान पर रहे। ब्रिटेन के सैम हॉर्सफिल्ड ने चौथे दौर मे चार अंडर 67 का कार्ड खेला और वह कुल 18 अंडर के स्कोर के साथ विजेता बने।

## त्वेसा संयुक्त 65वें स्थान पर रही, लुईस को खिताब

**नार्थ बेरविक (स्काटलैंड)।** भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने यहां लेडीज स्कॉटिश ओपन के चौथे और आखिरी दौर मे एक ओवर 72 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 65वें स्थान पर रही। त्वेसा ने इस तरह अगले सप्ताह होने वाले एआईजी महिला ओपन के लिए अच्छी तैयारी की।

# ... तो अब निशाना साधेंगे धोनी

## एनआरएआई के आजीवन सदस्य धोनी के पास निशानेबाजी में हाथ आजमाने का विकल्प

**भाषा।** नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के पास पेशेवर निशानेबाजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाली वाल्थर राइफल है और वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल महासंघ (एनआरएआई) के आजीवन सदस्य भी है ,ऐसे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद उनके पास निशानेबाजी में हाथ आजमाने का विकल्प होगा। वाल्टर राइफल का यही एलजी 300 एक्सटी वाल्टर कार्बोनटेक मॉडल बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा के पास भी है। धोनी ने इस राइफल के आयात की जानकारी के लिए रात दो बजे मेल भेजा था और जब रांची के उनके घर में यह पहुंचा तो इस पर हाथ आजमाने के वह निशानेबाजी रेंज पर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने देश के कई निशानेबाजी रेंज में इस राइफल का इस्तेमाल किया। इंडियनशूटिंग डॉट कॉम वेबसाइट चलाने वाले भारत के पूर्व निशानेबाज शिमोन शरीफ ने पीटीआई को बताया, मुझे एक बार देर रात करीब दो बजे एक मेल आया। राइफल को आयात करने के लिए मैंने पूरा नाम और पता पूछा तब उन्होंने कुछ ही मिनटों में अपने पूरे नाम के साथ रांची कर पता भेजा। तब मुझे एहसास हुआ कि यह वही (धोनी) है। शरीफ प्रमुख भारतीय निशानेबाजों के लिए उपकरणों के लिए शीर्ष आयातकों में से एक है। धोनी के साथ संन्यास की घोषणा करने वाले सुरेश रैना से हाल ही में निशानेबाज मानवादित्य सिंह राठौर ने बताया था कि धोनी निशानेबाजी में पेशेवर की तरह है। मानवादित्य ओलंपिक रजत-पदक विजेता राज्यवर्धन सिंह राठौड़ के बेटे हैं।

### क्रस्टन ने कहा, सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक के साथ काम करना शानदार रहा

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन ने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए सोमवार को कहा कि उन्होने जिनके साथ भी काम किया उसमे धोनी सर्वश्रेष्ठ कप्तानों मे से एक रहे है। क्रस्टन के कोच रहते हुए धोनी की कप्तानी मे ही भारतीय टीम ने 2011 मे विश्व कप जीता था। 52 साल के क्रस्टन 2008 से 2011 तक भारतीय टीम के कोच थे। विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी क्रिकेट की दुनिया के इकलौते ऐसे कप्तान रहे है जिन्होने आईसीसी के सभी खिताब जीते है। उन्होने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। कर्स्टन ने भारतीय टीम के कार्यकाल के साथ शानदार यादें देने के लिए धोनी का शुक्रिया किया। दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज ने ट्विटर पर लिखा, मुझे सबसे अच्छे कप्तानो मे से एक के साथ काम करने का शानदार अनुभव है। भारतीय क्रिकेट टीम के साथ कई शानदार यादें देने के लिए धन्यवाद एमएस (धोनी)। क्रस्टन के कोच रहते भारत 2011 में 28 साल बाद विश्व चैम्पियन बना था।। टीम ने इससे पहले 2010 मे एशिया कप का खिताब भी जीता था।

### पाकिस्तान में जन्मे प्रशंसक चाचा शिकागो ने कहा, धोनी ने संन्यास लिया तो मैंने भी लिया



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कराची मे जन्मे मोहम्मद बशीर बोजाई ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओ मे भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए नही जाने का फैसला किया है। चाचा शिकागो के नाम से मशहूर बशीर के लिए दुनिया भर मे इन चिर प्रतिद्वंद्वी टीमो को खेलते हुए देखने का अब कोई मतलब नही है। बशीर को धोनी की हौसलाअफजाई के दौरान पाकिस्तानी समर्थकों की अभद्र टिप्पणियो का भी सामना करना पड़ा। बशीर इसकी जगह अब रांची मे धोनी से मिलने की योजना बना रहे है।

## सार्वजनिक घोषणा से एक दिन बाद रैना ने संन्यास की सूचना दीः बीसीसीआई



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने सीमित ओवरों के प्रारूप में भारतीय टीम का अहम सदस्य होने के लिए सुरेश रैना की सराहना की और साथ ही सोमवार को कहा कि इस आलराउंडर ने सार्वजनिक घोषणा से एक दिन बाद बोर्ड को संन्यास के फैसले की सूचना दी थी। पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के 15 अगस्त को संन्यास की घोषणा करने के कुछ ही मिनट बाद 33 साल के रैना ने भी उनके नक्शेकदम पर चलते हुए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहकर सभी को हैरान कर दिया था। बीसीसीआई ने बयान में कहा, बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज सुरेश रैना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले के बारे में बीसीसीआई को रविवार को औपचारिक रूप से जानकारी दी थी। आम तौर पर खिलाड़ी संन्यास की घोषणा करने से पहले बीसीसीआई को सूचित करते हैं। टेस्ट पदार्पण में शतक जड़ने वाले रैना खेल के तीनों प्रारूपों में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रैना की सराहना करते हुए कहा, सुरेश रैना सीमित ओवरों के प्रारूप में भारत के लिए अहम खिलाड़ी रहे। निचले क्रम में आकर मैच जिताने वाली पारी खेलने के लिए काफी कौशल और प्रतिभा की जरूरत होती है। उन्होंने और युवराज सिंह ने मिलकर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए मजबूत मध्यक्रम बनाया। मैं उन्हें और उनके परिवार को शुभकामनाएं देता हूं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, सुरेश रैना टी20 के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक हैं। मैदान पर काफी जीवंत, रैना ने अपने पूरे क्रिकेट करियर के दौरान बाएं हाथ के बल्लेबाज के रूप में अपनी क्षमता दिखाई। बड़े मैच के खिलाड़ी रैना की आस्ट्रेलिया के खिलाफ 2011 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में तेजतर्रार पारी उनके शानदार करियर की गवाह है। मैं करियर की दूसरी पारी में उन्हें शुभकामनाएं देता हूं।

# मिताली और मंधाना ने धोनी की तारीफ की

**भाषा।** नई दिल्ली





भारत की महिला एकदिवसीय टीम की कप्तान मिताली राज और स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने सोमवार को हाल में संन्यास लेने वाले महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ करते हुए दो बार विश्व कप जीतने वाले भारतीय टीम के इस कप्तान को प्रेरणा और स्वयं में संस्थान करार दिया।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद सभी ट्रॉफियां जीतने वाले एकमात्र कप्तान धोनी ने शनिवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर डाले वीडियो में मिताली ने कहा, धोनी एक प्रेरणा और अपने आप में एक संस्थान हैं। वह हर उस छोटे शहर के लड़के का सपना हैं जो देश के लिए खेलना और सब कुछ हासिल करना चाहता है।

सम्मान, शोहरत और लोगों का प्यार, मैं विशेष रूप से मुश्किल परिस्थितियों में भी शांतचित्त रहने और उनके धैर्य की कायल हूं, और बेशक उसकी अनोखी शैली, फिर यह बल्लेबाजी हो या विकेटकीपिंग। मंधाना ने भी धोनी की सराहना की। बीसीसीआई द्वारा डाले एक अन्य वीडियो में मंधाना ने कहा, धोनी जिस तरह 2011 विश्व कप के फाइनल में बल्लेबाजी के लिए आए थे वह मुझे अब भी याद है। उनके चेहरे पर जो आत्मविश्वास था उससे मैं प्रेरणा लेती हूं। मुझे यकीन है कि उन्होंने अपने आसपास के लोगों को बेहतर क्रिकेटर, नेतृत्वकर्ता और सबसे महत्वपूर्ण बेहतर इंसान बनने के लिए प्रेरित किया। आपके योगदान के लिए शुक्रिया धोनी सर।

# हॉकी खिलाड़ी कोरोना वायरस से उबरे

**भाषा।** नई दिल्ली

कप्तान मनप्रीत सिंह सहित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के छह खिलाड़ी कोविड-19 से उबर गए हैं और सोमवार शाम उन्हें बेंगलुरू के अस्पताल से छुट्टी मिलेगी। टीम के करीबी सूत्रों ने बताया कि मनप्रीत, डिफेंडर सुरेंदर कुमार, जसकरण सिंह, वरूण कुमार, गोलकीपर कृष्ण बहादुर पाठक और स्ट्राइकर मनदीप सिंह दो बार कोरोना वायरस नेगेटिव पाए गए और उनके महत्वपूर्ण अंग सामान्य काम कर रहे हैं। इन लोगों का 10 और 12 अगस्त को परीक्षण किया गया। सभी हॉकी खिलाड़ी कोविड-19 से पूरी तरह उबर गए हैं और आज शाम उन्हें छुट्टी दे दी जाएगी। मनदीप में इस बीमारी के लक्षण नजर नहीं आ रहे थे लेकिन खून में आक्सीजन का स्तर कम होने पर भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) उन्हें सबसे पहले बेंगलुरू में एसएस स्पर्श मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में मनप्रीत और चार अन्य खिलाड़ियों को भी एहतियाती कदम के तौर पर इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुरुष और महिला दोनों टीमों के लिए ट्रेनिंग शिविर बेंगलुरू में बुधवार से शुरू होगा। कोरोना वायरस से उबरने वाले खिलाड़ियों को हालांकि कुछ और समय पृथकवास में बिताना पड़ेगा जिसके बाद वे टीम के साथ जुड़ पाएंगे। फिलहाल शिविर के लिए बेंगलुरू में 33 पुरुष और 24 महिला खिलाड़ी मौजूद हैं।

## पूर्व खिलाड़ी बोर्डे और सलगांवकर ने टीम के ऊर्जावान व मददगार साथी चौहान को याद किया


**पुणे।** भारत के पूर्व खिलाड़ी चंदू बोर्डे और महाराष्ट्र के पूर्व तेज गेंदबाज पांडुरंग सलगांवकर ने चेतन चौहान को एक ऊर्जावान और मददगार टीम के साथी के रूप में याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। सलामी बल्लेबाज चौहान ने इन दोनों के साथ घरेलू क्रिकेट में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया था। चौहान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगाने वाले सबसे प्रसिद्ध बल्लेबाजों में से एक हैं। कोविड-19 बीमारी से जुड़ी जटिलताओं के कारण रविवार को 73 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। चौहान ने पुणे में पढ़ाई की थी और घरेलू क्रिकेट में बोर्डे की कप्तानी में उन्होंने महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व किया था।पूर्व चयनकर्ता और क्रिकेट मैनेजर बोर्डे ने पीटीआई-भाषा से कहा, जब वह महाराष्ट्र के लिए खेल रहे थे तो क्रिकेट को लेकर उनका दृष्टिकोण सकारात्मक था। वह आत्मविश्वास से भरे थे और बहुत मेहनती थे। इतना ही नहीं वह एक शानदार खिलाड़ी थे। मुझे व्यक्तिगत रूप से लगता है कि वह भारतीय और महाराष्ट्र की टीम के लिए एक संपत्ति थे। वह बहुत सकारात्मक थे जो टीम के लिए अच्छा था। वह हर किसी को प्रोत्साहित भी करते थे और उनकी बातों में विश्वास झलकता था। जाने माने क्यूरेटर सलगांवकर ने कहा कि चौहान ने क्रिकट के उनके शुरूआती दिनों में काफी मदद की थी।

## मैनचेस्टर यूनाईटेड को हराकर सेविला यूरोपा लीग के फाइनल में

**भाषा। साउथम्पटन**

मैनचेस्टर यूनाईटेड को यूरोपा लीग में सेविला के खिलाफ।-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा जो टीम की मौजूदा सत्र में सेमीफाइनल में तीसरी हार है। एफए कप और ईएफएल कप के सेमीफाइनल में हार के बाद सेविला के खिलाफ भी मैनचेस्टर यूनाईटेड ने कई मौके गंवाए और उसे शिकस्त का सामना करना पड़ा। यूनाईटेड को नौवें मिनट में ब्रूनो फर्नांडिज ने पेनल्टी पर गोल दागकर बढ़त दिलाई लेकिन सुसो ने 26वें मिनट में सेविला को बराबरी दिला दी। लूक डि जोंग ने इसके बाद 78वें मिनट में सेविला को 2-। से आगे किया जो निर्णायक स्कोर साबित हुआ। स्पेन के क्लब सेविला ने इस तरह एक बार फिर यूरोपा लीग के फाइनल में जगह बनाई। सेविला को यूरोप के इस दूसरे स्तर के कप का विशेषज्ञ माना जाता है और टीम ने इससे पहले पांच बार फाइनल में जगह बनाई है और पांचों बार चैंपियन बना है। सेविला के पास शुक्रवार को कोलोना में रिकॉर्ड में सुधार करते हुए छठा खिताब जीतने का मौका होगा। फाइनल में टीम को इंटर मिलान और शख्तार डोनेस्क के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ना होगा।

# विंबलडन चैंपियन हालेप अमेरिकी ओपन से हटीं



**भाषा। न्यूयॉर्क**

विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप अमेरिकी ओपन का हिस्सा नहीं होंगी। इस स्टार टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दे रही हैं और कोरोना वायरस महामारी के दौरान यूरोप में रहेंगी। हालेप ने रविवार को प्राग में खिताब जीता था। हालेप ने ट्विटर पर लिखा, सभी पहलुओं और जिन हालात का हम सामना कर रहे हैं उन पर गौर करने के बाद मैंने फैसला किया कि मैं अमेरिकी ओपन में खेलने के लिए न्यूयॉर्क की यात्रा नहीं करूंगी। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष आठ में शामिल छह खिलाड़ी न्यूयॉर्क में अमेरिकी ओपन में हिस्सा नहीं लेंगी।

### सुमित नागल प्राग चैलेंजर के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**प्राग।** भारतीय खिलाड़ी सुमित नागल प्राग चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट मे अपने प्रतिद्वंद्वी जे क्लार्क के मैच के बीच से हटने के कारण सोमवार को टूर्नामेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल मे पहुंच गए। विश्व रैंकिंग मे 127वें स्थान पर काबिज नागल 6-3 5-7 4-। से आगे चल रहे थे तब उनके प्रतिद्वंद्वी ने दूसरे दौर के इस मैच से हटने का फैसला किया। यह 22 साल का खिलाड़ी मार्च मे डेविस कप मे क्रोएशिया के मारिन सिलिच के खिलाफ खेलने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धी टेनिस खेल रहा था। छठी वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी को पहले दौर मे बाई मिला था। अंतिम-16 मे उनका सामना स्थानीय खिलाड़ी जिरी लेहेच्का से होगा। टूर्नामेंट मे अन्य भारतीयो मे दिविज शरण और एन श्रीराम बालाजी भी भाग ले रहे है , जो युगल मुकाबलो मे अलग-अलग जोड़ीदारो के साथ प्रतिस्पर्धा करेंगे। शरण नीदरलैंड्स के रॉबिन हास के साथ जोड़ी बनाएंगे जिन्हें पहली वरीयता दी गई है। बालाजी बेल्जियम के किम्मर कोपेजन्स के साथ चुनौती पेश करेंगे। नागल भी युगल मे बेलारूस के इल्या इवाश्का के साथ जोड़ी बनाएंगे।

## राजस्थान रॉयल्स ने ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड के क्रिकेटरों पर कहा, बीसीसीआई एसओपी का पालन जरूरी

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती मुकाबलों में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी पर कहा कि इससे टीम को नुकसान की जगह फायदा होगा क्योंकि स्टीव स्मिथ, बेन स्टोक्स और जोफ्रा आर्चर जैसे खिलाड़ी 19 सितंबर से शुरू हो रही लीग के लिए पूरी तैयारी के साथ यूएई पहुंचेंगे। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सीमित ओवरों की श्रृंखला के कारण इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ी आईपीएल के शुरूआती कुछ मुकाबलों में नहीं खेल पाएंगे। कोविड-19 महामारी के बीच इंग्लैंड के खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया है जबकि ऑस्ट्रेलियाई टीम इंग्लैंड दौरे पर तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही एक दिवसीय मैचों की श्रृंखला खेलेगी। इस श्रृंखला से स्मिथ को फायदा होगा, जो आईपीएल में रॉयल्स का नेतृत्व करेंगे।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने चेतन चौहान को भावपूर्ण श्रद्धाजंलि



**लखनऊ।** बैंक ऑफ बड़ौदा अंचल कार्यालय लखनऊ में शोक सभा आयोजित कर पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज एवं उत्तर प्रदेश के मंत्री चेतन चौहान को भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित किया गया। ब्रजेश कुमार सिंह अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक ने महान क्रिकेटर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त करते हुये कहा कि बैंक ऑफबड़ौदा परिवार को महान बरोडियन के नुकसान से गहरा दुख है जो कि कई युवाओं के लिए प्रेरणा थे उन्होंने अपने पेशे से और हमारे देश के लोगो की सेवा में जीवन व्यतीत कियाद्य उनका नाम हमेशा गर्व और सम्मान की भावना के साथ याद किया जाएगा। डी पी ग्रोवर अध्यक्ष बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक ने श्रद्धाजंलि देते हुए कहा कि चौहान जी एक मेंटर थे जो क्रिकेट के मैदान पर प्रेरणा के श्रोत एवं अथक कार्यकर्ता थे।

### नाबार्ड के अध्यक्ष आज लखनऊ आएंगे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के अध्यक्ष जी.आर. चिंतला का राज्य के दो दिवसीय दौरे पर 18-19 अगस्त 2020 को लखनऊ आएंगे। इस बारे में जानकारी देते हुये नाबार्ड उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य महाप्रबंधक शंकर पांडे ने बताया कि अपने दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरानए श्री चिंतला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाक़ात भारत सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर पैकेज के कार्यान्वयन और अन्य मुख्य मुद्दों पर चर्चा करेंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान श्री चिंतला राज्य के मुख्य सचिव सहकारिता विभाग के वरिष्ठ अधिकारीयों एवं राज्य के वरिष्ठ बैंकरो के साथ राज्य मेंद्व आर्थिक गतिविधियों में तेजी लाने एवं आधार.स्तरीय ऋ्रण प्रवाह बढाने हेतु गहन चर्चा भी करेंगे।

# शेयर बाजारों में गिरावट पर लगा विराम

## सेंसेक्स 173 अंक मजबूत




**भाषा।** मुंबई शेयर बाजारों में पिछले तीन कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट पर सोमवार को विराम लगा। बिजली, धातु और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेजी ने बैंक शेयरों में गिरावट की भरपाई की और बाजार को गति दी। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 185 अंक मजबूती के साथ खुला। बाद में कारोबार के दौरान इसमें करीब 386 अंक का अतार-चढ़ाव आया। अंत में यह 173.44 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,050.78 अंक पर बंद हुआ।इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68.70 अंक यानी 0.61 प्रतिशत बढ़त के साथ 11,247.10 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मुख्य रूप से एनटीपीसी, बजाज ऑटो, टेक महिंद्रा, ओएनजीसी और मारुति में तेजी रही। इनमें 7.92 प्रतिशत की तेजी आई। दूसरी तरफ एसबीआई, भारतीय एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक तथा एचडीएफसी बैंक 1.73 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में जापान को छोड़कर चीन के शंघाई, हांगकांग और दक्षिण कोरिया के बाजारों में तेजी रही। चीन के केंद्रीय बैंक के नकदी डाले जाने के बाद बाजारों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा। जापान के जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में अप्रैल-जून तिमाही में इससे पूर्व तिमाही के मुकाबले 7.8 प्रतिशत की गिरावट की रिपोर्ट से वहां के शेयर बाजार नीचे आए। सालाना आधार पर इसमें रिकार्ड 27.8 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं ब्रिटेन (एफटीएसई 100), फ्रांस (सीएसी 40) और जर्मनी (डीएएक्स) जैसे यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, भारतीय बाजार अनिश्चित शुरूआत से पार पाते हुए एक सीमित दायरे में रहे और लाभ के साथ बंद हुए। अमेरिका में प्रोत्साहन पैकेज मिलने में देरी और आर्थिक आंकड़े को लेकर एशिया के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। बाजार में अनिश्चिता बनी हुई है और निवेशकों को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। बाजार का मूल्यांकन चिंता का विषय है। निकट भविष्य में बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। उधर, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का भाव करोबार के दौरान 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 45.13 डॉलर प्रति बैरल रहा।

## डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे तेजी के साथ 74.88 पर

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को सुस्त कारोबार के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया दो पैसे की हल्की बढ़त के साथ 74.88 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। रुपया 74.86 प्रति डॉलर पर मजबत खुला और कारोबार के दौरान 74.78 तक मजबूत हुआ। पर एक समय यह 74.90 रुपए प्रति डालर तक हल्का भी हो गया था।अंत में रुपए की विनिमय दर पिछले बंद से दो सुधर कर 74.88 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुई। छह प्रमुख मुद्राओं पर आधारित डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 93.08 पर था। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सोमवार को 173.44 अंक के लाभ के साथ 38,050.78 अंक पर बंद हुआ।

**PUBLIC NOTICE**

Sarv Priya Mahanjan Co-operative Group Housing Society Ltd 202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC, C-Block Market, Sarawati Vihar, Pitampura, Delhi-110034

In Pursuance to rule 19(2) of DCS rules, 2007, it is to inform publicly that followiing member of Sarv Priya Mahajan CGHS Ltd.(Regn No.1384) has resigned from the membership of the society ie., 1). Sh. Sanjay Rupela (M.No.640). Further he has been issued account payee cheque for his deposited amount. If anyone have any objections he/she may file his/her objection in the office of the RCS, Parliament Street,New Delhi or at society office i.e,202, Vardhman Avon Shopping Plaza, LSC, C-Block Market, Saraswati Vihar, Delhi-110034 within 7 days from the date of publication of the public notice.

President/Secretary
Sarv Priya Mahajan CGHS Ltd

**प्रपत्र सं. यूआरसी-2**

परिच्छेद XXI के भाग 1 के अधीन पंजीकरण के बारे में सूचना संबंधी विज्ञापन
{कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(ख) तथा कम्पनी (पंजीकरण हेतु अधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में}

1. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 की उप-धारा (2) के अनुसरण में, रजिस्ट्रार, ए) चतुर्थ तल, आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 के समक्ष एक आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि एयरो टेक सपोर्ट सर्विसेज एलएलपी का पंजीकरण कम्पनी अधिनियम, 2013 के परिच्छेद XXI के भाग 1 के अधीन शेयरों द्वारा लिमिटेड एक कम्पनी के रूप में किया जाए।
2. कम्पनी के प्रधान उद्देश्य निम्नानुसार हैं:
   1. एयरक्राफ्ट की रिकवरी तथा एयरक्राफ्ट डिटेलिंग का व्यवसाय निष्पादित करना।
   2. एविएशन एडवाइजरी तथा कंसल्टेंसी सर्विसेज निष्पादित करना।
   3. एयर ट्रांसपोर्ट की अन्य अनुषंगी सपोर्ट सर्विसेज उपलब्ध कराना।
4. प्रस्तावित कम्पनी के प्रारूप ज्ञापन तथा संस्था के अंतर्नियमों की प्रति कम्पनी के 1201/3, मालिबु टाउन, सोहना रोड, सेक्टर-47, गुड़गांव-122018, हरियाणा भारत स्थित कार्यालय में देखी जा सकती है।
5. एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि इस आवेदन के विषय में आपत्तिधारक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्ति की सूचना लिखित रूप में रजिस्ट्रार को ए) चतुर्थ तल, आईएफसीआई टावर, 61, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 के पते पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से इक्कीस दिन के भीतर दे सकता है, जिसकी एक प्रति कम्पनी को इसके पंजीकृत कार्यालय के पते पर भेजी जानी चाहिए।

दिनांकित 10 अगस्त, 2020

आवेदक(कों) का नाम
1.अश्वनी खन्ना, नामित पार्टनर, एयरो टेक सपोर्ट सर्विसेज एलएलपी
2. ज़ाहिदा खन्ना, नामित पार्टनर, एयरो टेक सपोर्ट सर्विसेज एलएलपी

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**

Chola — Enter a better life

कार्पोरेट कार्यालय : नंबर 2, 'डेयर हाउस' प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001
शाखा कार्यालय : प्रथम एवं द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 6, मेन पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा बॉबी भार्गव, नीलिमा भार्गव तथा मैसर्स वीनस इंटरनैशनल प्रतिनिधित्व द्वारा इसके पार्टनर बॉबी भार्गव/ऋण खाता नंबर **X0HEELD00001685860** को सूचित किया जाता है कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ने इसकी प्रतिभूत आस्ति पता – सम्पत्ति फ्लैट नबर 702, 7वां तल, परिमाप 1734 वर्ग फीट + बेसमेंट में पार्किंग स्पेस नंबर बी-11, टावर अपार्टमेंट, स्वास्थ्य विहार, दिल्ली-110092 का भौतिक कब्जा सीएमएम न्यायालय के माध्यम से प्राप्त कर लिया है। उक्त परिसर में, उपरिवर्णित सम्पत्ति में कर्जदार का कुछ सामान पड़ा हुआ है। संबंधित व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि वे अपना सामान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिन के भीतर हटा लें, जिसमें असफल रहने पर, हम आगे और कोई सूचना दिए बिना उक्त सामान का निपटान गैर पहचान कृत और लावारिस सम्पत्ति के तौर पर कर देंगे।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर दिनांक : 18-08-2020
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड

**चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड**

Chola — Enter a better life

कार्पोरेट कार्यालय : नंबर 2, 'डेयर हाउस' प्रथम तल, एन.एस.सी. बोस रोड, चेन्नई-600 001
शाखा कार्यालय : प्रथम एवं द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 6, मेन पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली-110005

**सार्वजनिक सूचना**

एतदद्वारा अंकित सिंह तथा जयवन्ती शेरावत/ऋण खाता नंबर **X0HEDHE00001285918** को सूचित किया जाता है कि चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड ने इसकी प्रतिभूत आस्ति पता – आवासीय सम्पत्ति एचआईजी फ्लैट नंबर 31, प्लॉट नंबर 48, तृतीय तल, दि गुडविल सीजीएचएस लिमिटेड, सेक्टर-13 गुडविल अपार्टमेंट के नाम से ज्ञात के लेआउट प्लान में दर्शित, रोहिणी, नई दिल्ली का भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। उक्त परिसर में, उपरिवर्णित सम्पत्ति में कर्जदार का कुछ सामान पड़ा हुआ है। संबंधित व्यक्तियों को एतदद्वारा सूचना दी जाती है कि वे अपना सामान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात दिन के भीतर हटा लें, जिसमें असफल रहने पर, हम आगे और कोई सूचना दिए बिना उक्त सामान का निपटान गैर पहचान कृत और लावारिस सम्पत्ति के तौर पर कर देंगे।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर दिनांक : 18-08-2020
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फायनैंस कम्पनी लिमिटेड

**THE PIONEER CLASSIFIEDS**

**CHANGE OF NAME**

I, Rakesh Kumar Sharma, S/o Girdhari Lal R/o A-1130/1131, G.D Colony, Mayur Vihar Ph-3, Delhi-110096, Declare that Rakesh Kumar, Rakesh Sharma and Rakesh Kumar Sharma are one and same person, in future I will be known as Rakesh Kumar Sharma.

PD(8718)C

## राजनयिक चैनलों के जरिए रक्षा निर्यात को प्रोत्साहन देगा भारत, रूपरेखा तैयार

**नई दिल्ली।** सरकार ने देश में विनिर्मित सैन्य उपकरणों तथा हथियारों के निर्यात को प्रोत्साहन देने के लिए एक रूपरेखा तैयार की है। रक्षा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि भारत में बने रक्षा उत्पादों के निर्यात को प्रोत्साहन के लिए राजनयिक चैनलों का इस्तेमाल किया जाएगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसी महीने एक बड़े नीतिगत फैसले की घोषणा करते हुए कहा था कि चरणबद्ध तरीके से 101 सैन्य उपकरणों और हथियारों के आयात पर प्रतिबंध लगाया जाएगा।

## करदाताओं को आयकर रिटर्न फॉर्म में बड़े लेनदेन की जानकारी देने की जरूरत नहीः अधिकारी

**भाषा। नई दिल्ली**

करदाताओं को अपने आयकर रिटर्न फार्म में बड़े मूल्य के लेन दने के बारे में जानकारी नहीं देनी होगी। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। घटनाक्रम से जुड़े अधिकारिक सूत्रों ने एक सवाल के जवाब में कहा, आयकर रिटर्न फॉर्म में बदलाव का फिलहाल कोई प्रस्ताव नहीं है। अधिकारियों से इस संबंध में आई कुछ रिपोर्टों के बारे में पूछा गया था। इन रिपोर्टों के मुताबिक 20,000 रुपए से अधिक के होटल भुगतान, 50,000 रुपए से अधिक के जीवन बीमा प्रीमियम भुगतान, 20,000 रुपए से अधिक स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम भुगतान, स्कूल या कॉलेज को साल में एक लाख रुपए से अधिक का अनुदान इत्यादि जैसे वित्तीय लेनदेन की जानकारी देने के लिए रिटर्न फार्म का विस्तार किए जाने का प्रस्ताव है। वित्तीय लेनदेन के बारे में जानकारी का विस्तार किए जाने का मतलब होगा कि आयकर विभाग को इस प्रकार के उंचे मूल्य वाले लेनदेन की जानकारी वित्तीय संस्थान देंगे।

## सोना 340 रुपए चमका, चांदी 1,306 रुपए मजबूत

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय बाजारों में मजबूती के रुख के बीच सोमवार को स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना 340 रुपए की बढ़त के साथ 53,611 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 53,271 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में चांदी भी।,306 रुपए की बढ़त के साथ 69,820 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

# भारत के साथ चीन उचित तरीके से मतभेद सुलझाने के लिए तैयार

भाषा। बीजिंग

**चीन ने सोमवार** को कहा कि वह आपसी राजनीतिक भरोसा बढ़ाने, अपने मतभेदों को उचित तरीके से सुलझाने और द्विपक्षीय संबंधों की रक्षा के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने नियमित संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। पश्चिमी मीडिया के एक पत्रकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस बयान पर चीन की प्रतिक्रिया मांगी, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारतीय सैनिकों ने देश की संप्रभुता को चुनौती देने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया। मोदी ने 74 वें स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से राष्ट्र को संबोधित करते हुए कहा था कि एलओसी से एलएसी तक देश की संप्रभुता को चुनौती देने वालों को सेना ने मुंहतोड़ जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, एलओसी (नियंत्रण रेखा) से एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) तक देश की संप्रभुता पर जिस किसी ने आंख उठाई उसे उसकी ही भाषा में जवाब दिया गया। एक सवाल पर चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ ने कहा, हमने प्रधानमंत्री के संबोधन का संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा, हम करीबी पड़ोसी हैं, एक अरब से ज्यादा आबादी के साथ हम उभरते हुए देश हैं। इसलिए द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति ना केवल दोनों देशों के लोगों के हित में है बल्कि यह क्षेत्र और समूचे विश्व की स्थिरता, शांति और समृद्धि के हित में भी है। झाओ ने कहा, दोनों पक्षों के लिए सही रास्ता एक दूसरे का सम्मान और समर्थन करना है क्योंकि यह हमारे दीर्घकालिक हितों को पूरा करता है। प्रवक्ता ने कहा, इसलिए चीन आपसी राजनीतिक भरोसा बढ़ाने, मतभेदों को उचित तरीके से सुलझाने और व्यावहारिक सहयोग तथा दीर्घावधि में द्विपक्षीय संबंधों के हितों की रक्षा के लिए भारत के साथ मिलकर काम करने को तैयार है।

## नेपाल और भारत के बीच उच्चस्तरीय वार्ता

एजेंसी। काठमांडू

**भारत और** नेपाल के शीर्ष राजनयिकों ने सोमवार को डिजिटल बैठक कर भारत की मदद से नेपाल में चल रही विकास संबंधी विभिन्न परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।नेपाल के प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली ने अपने भारतीय समकक्ष नरेन्द्र मोदी को भारत के 74वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी थी, जिसके बाद यह बैठक हुई है। नेपाल ने मई में नया राजनीतिक मानचित्र जारी करने से भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों में तल्खी आने के बाद दोनों देशों के बीच यह पहली उच्च-स्तरीय वार्ता है।नेपाल के विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार नेपाली विदेश सचिव शंकर दास बैरागी और नेपाल में भारतीय राजदूत विजय मोहन क्वात्रा ने इस समीक्षा बैठक में अपने-अपने देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। सूत्रों ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी के चलते डिजिटल माध्यम से हुई इस बैठक में नेपाल में भारत की मदद से चल रही विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक के बारे में और जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई है। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आठ मई को उत्तराखंड के धारचुला को लिपुलेख दर्रे से जोड़ने वाली सामरिक रूप से महत्वपूर्ण 80 किलोमीटर लंबी सड़क का उद्घाटन किया था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच रिश्तों में तनाव पैदा हो गया था।नेपाल ने इसका विरोध करते हुए दावा किया कि यह सड़क उसके क्षेत्र से होकर गुजरती है। इसके कुछ समय बाद नेपाल ने नया राजनीतिक नक्शा जारी किया, जिसमें लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा को उसके क्षेत्र में दिखाया गया है। जून में नेपाल की संसद ने देश के नए राजनीतिक मानचित्र को मंजूरी दे दी, जिसपर भारत ने कड़ा ऐतराज जताया।



ऑस्टिनः टेक्सास के सीडर पार्क के पास स्थित एक घर के सामने छुपे अपराधी को पकड़ने का प्रयास करती पुलिस

# कोरोना वायरस से बेघरों के प्रभावित होने की जितनी आशंका जताई गई थी, वे उतने प्रभावित नहीं हुए

एपी। सैन फ्रांसिस्को

● किंग काउंटी में अनुमानित 12,000 बेघर लोगों में 400 से ज्यादा कोरोना के मरीज सामने आए लॉस एंजिलिस काउंटी में अनुमानित 66,000 बेघरों में से।,200 कोरोना के मरीज सामने आए हैं

**अमेरिका में** कोरोना वायरस महामारी के दस्तक देने के बाद स्वास्थ्य अधिकारियों और बेघर लोगों के अधिकारों की वकालत करनेवालों ने आशंका व्यक्त की थी कि यह खतरनाक वायरस आश्रय गृहों और टेंट वाले शिविरों में रह रहे लोगों को बेहद प्रभावित करेगा क्योंकि इनमें से कई गंभीर बीमारियों से ग्रसित होते हैं।भले ही कुछ आश्रय स्थल कोरोना वायरस महामारी से बेहद प्रभावित हुए हों लेकिन वायरस की वजह से बेघर लोगों के बुरी तरह प्रभावित होने की जैसी आशंका जताई गई थी, इसका प्रभाव वैसा नहीं दिखा है।

हालांकि अनुसंधानकर्ताओं और अधिकारों की वकालत करने वाले समूहों का कहना है कि अमेरिका में बिना घर के रह रहे पांच लाख लोग किस तरह प्रभावित हो रहे हैं, इसके बारे में अब भी ज्यादा जानकारी उपलब्ध नहीं है।अमेरिका में संक्रमितों की संख्या 50 लाख से ज्यादा हो चुकी है और 169,000 लोगों की मौत हो चुकी है। इस स्थिति में शोधकर्ताओं को अभी इसकी जनकारी नहीं है कि बेघर लोगों के बीच महामारी के कुछ ही प्रसार क्यों हुए हैं।सैन फ्रांसिस्को में लोक स्वास्थ्य विभाग में कोविड-19 के मद्देनजर बेघरों लोगों से जुड़ी नीतियों को देखने वाले डॉक्टर डेबोराह बोर्न ने कहा, मैं स्तब्ध हूं, अनुमान के अनुसार मैं कह सकता हूं कि ए सभी हाशिए पर पड़ी हुई जनसंख्या है। मैं नहीं जानता हूं कि बाद में हम क्या देखने जा रहे हैं। सैन फ्रांसिस्को में अनुमानित करीब 8,000 बेघर लोगों में से 200 संक्रमित पाए गए हैं और इनमें से आधे अप्रैल के महीने में एक बेघर आश्रय स्थल में फैली महामारी से सामने आए थे। शहर में 69 लोगों की मौत हुई है जिनमें से एक बेघर व्यक्ति था। वहीं अन्य स्थानों में जहां बेघर लोगों की संख्या ज्यादा है, वहां भी ऐसे प्रभावित लोगों की संख्या कम है। किंग काउंटी में अनुमानित 12,000 बेघर लोगों में से 400 से ज्यादा कोरोना के मरीज सामने आए। लॉस एंजिलिस काउंटी में अनुमानित 66,000 बेघरों में से।,200 कोरोना के मरीज सामने आए हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह संख्या यह नहीं दर्शाता है कि बीमारी का प्रसार कैसा है और लंबे समय में यह कैसा प्रभाव डालेगा। अब भी यह नहीं पता है कि वायरस से सीधे नहीं जुड़े स्थितियों की वजह से कितने लोगों की मौत हुई है। भले ही कोरोना वायरस बाहर से ज्यादा बंद दरवाजों के भीतर फैलता हो लेकिन बाहर रहने के भी अपने खतरे हैं।

# ऑकलैंड में कोविड-19 के नए मामलों को लेकर न्यूजीलैंड में आम चुनाव चार हफ्ते के लिए टला

एजेंसी। वेलिंग्टन

**न्यूजीलैंड की** प्रधानमंत्री जैसिंडा अर्डर्न ने ऑकलैंड में कोरोना वायरस के नए मामलों के मद्देनजर देश में होने वाले आम चुनाव को चार सप्ताह के लिए टालने की सोमवार को घोषणा की। देश में 19 सितम्बर को चुनाव होने थे, जो अब 17 अक्टूबर को होंगे। न्यूजीलैंड के कानून के तहत अर्डर्न को दो महीने तक चुनाव टालने का अधिकार है। ऑकलैंड में कोविड-19 के नए मामलों के मद्देनजर विपक्षी दल भी चुनाव टालने का लगातार आग्रह कर कर रहे थे। न्यूजीलैंड में पिछले सप्ताह एक बार फिर कोविड-19 के मामले सामने आए हैं, इससे पहले 102 दिन तक वहां वायरस का कोई नया मामला सामने नहीं आया था। ऑकलैंड में अभी संक्रमण के 58 मामले हैं।

अर्डर्न ने चुनाव स्थगित करने से पहले संसद के सभी दलों के प्रतिनिधियों को चर्चा के लिए बुलाया था।उन्होंने कहा, अंततः यह सुनिश्चित करना चाहती हूं कि हमारे पास सुचारू चुनाव प्रणाली हो जो मतदाओं को सभी दलों और उम्मीदवारों के बारे में जानकारी हासिल करने का सर्वश्रेष्ठ मौका दे ....। अर्डर्न ने कहा कि कोविड-19 की वजह से अब वह चुनाव नहीं टालेंगी। उन्होंने कहा, कोविड विश्वभर में जन जीवन प्रभावित कर रहा है। अर्डर्न ने कहा कि दक्षिण कोरिया, सिंगापुर जैसे देशों ने भी वैश्विक महामारी के बीच चुनाव आयोजित किए।

उन्होंने कहा कि चुनाव के मद्देनजर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई थी, लेकिन अब सांसदों को वापस बुलाया जाएगा। संसद की कार्यवाही सितम्बर की शुरुआततक चलेगी।ओपिनियन पोल के अनुसार अर्डर्न की लेबर पार्टी एक बार फिर सत्ता में आ सकती है।

# ऐतिहासिक डेमोक्रेटिक सम्मेलन की शुरूआत सर्वधर्म सभा में मंत्रोच्चार और अरदास के साथ हुई

भाषा। वाशिंगटन

**डेमोक्रेटिक पार्टी** के राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत ऑनलाइन सर्वधर्म प्रार्थना सभा में वेदों एवं महाभारत के श्लोकों तथा सिख धर्म की अरदास के साथ हुई। टेक्सास में चिन्मय मिशन की एक अनुयाई ने मंत्रोच्चार किया तथा विस्कोन्सिन गुरुद्वारे से जुड़े सिख समुदाय के एक नेता ने अरदास की। सोमवार से शुरू हुए चार दिन के सम्मेलन में पूर्व उप राष्ट्रपति जो बाइडेन को डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद के लिए और भारतीय मूल की सीनेटर कमला हैरिस को उप राष्ट्रपति पद के लिए विधिवत उम्मीदवार चुना जाएगा। इससे पहले बाइडेन फॉर प्रेसीडेंट अभियान के लिए राष्ट्रीय धर्म सहभागिता निदेशक जोश डिकसन ने रविवार को अमेरिका की सामूहिक शक्ति, विविधता तथा मानवता के सम्मान में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया।टेक्सास एटॉर्नी में नीलिमा गोनुगुंटला ने कहा, हम जब अगले राष्ट्रपति के उम्मीदवार के तौर पर अपने समय के सबसे अनुभवी और सम्मानित नेताओं में से एक को नामित करने वाले हैं तथा भारतीय मूल की पहली महिला को उप राष्ट्रपति पद के लिए नामित करने वाले हैं तो हम भगवान का आह्वान करते हैं और शाश्वत हिंदू ग्रंथों से अलौकिक प्रेरणा प्राप्त करना चाहते हैं। अमेरिका में सबसे बड़े हिंदू संगठनों में शामिल चिन्मय मिशन डल्लास फोर्ट वर्थ के बोर्ड की सदस्य नीलिमा ने शांति पाठ किया। उन्होंने कहा, इस प्रार्थना का मूल भाव हमें सौहार्द के साथ मिलकर काम करने को प्रोत्साहित करता है जिसमें न केवल एक दूसरे को सहन किया जाए, बल्कि प्रेम के साथ एक दूसरे को स्वीकार किया जाए और कोई बैरभाव नहीं रहे। यह हमें ऊर्जा तथा गहन तन्मयता के साथ अच्छे से अच्छा काम करने के लिए प्रेरित करता है।



वीकेंड ट्रिप के बाद व्हाइट हाउस आए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप , पत्नी मीलेनिया ट्रंप व बेटे बारून पत्रकारों से मिलते हुए

## क्विक न्यूज

### वैश्विक महामारी के बीच इटली में पहला क्रूज रवाना

**रोम।** इटली में वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन के बीच रवाना हो रहे पहले क्रूज़ पोत पर जाने के लिए लोगों का तापमान मापा गया और उनकी कोविड-19 जांच की गई।क्रूज़ कम्पनी एमएससी ने अपने नए स्वास्थ्य एवं सुरक्षा दिशा-निर्देशों के तहत चालक दल के सदस्यों एवं यात्रियों के लिए एक प्रक्रिया तैयार की है।एमएससी का ग्रैंडीओसा जेनोआ के उत्तरी इतालवी बंदरगाह से रविवार शाम पश्चिमी भूमध्य सागर में सात दिन की यात्रा के लिए रवाना हुआ। कम्पनी ने बताया कि किसी के भी संक्रमित पाए जाने या कोविड-19 के बुखार आदि लक्षण होने पर उन्हें क्रूज़ में जाने नही दिया गया। यात्रियों से एलिवेटर या अन्य स्थानों पर,जहां सामाजिक दूरी बनाना मुमकिन नही है, वहां मास्क पहनने को कहा गया है। चालक दल के सदस्य भी क्रूज़ में जाने से पहले पृथक रह रहे थे। इटली की सरकार ने इस महीने की शुरुआत में इटली के बंदरगाहो से क्रूज़ जहाजों को 70 प्रतिशत की क्षमता के साथ प्रस्थान की मंजूरी दी थी।एमएससी ने इसकी जानकारी नही दी कि क्रूज़ में कितने यात्री है।

### सोमालियाई बलों ने मोगादिशू के होटल में आतंकी हमले पर काबू पाया, 15 की मौत

**मोगादिशू (सोमालिया)।** सोमालिया के सुरक्षा बलो ने राजधानी मोगादिशू के समुद्र तट के पास स्थित एक होटल मे इस्लामी आतंकियो द्वारा किए गए हमले पर करीब पांच घंटे के बाद रविवार को काबू पा लिया।एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमलावरो ने नवनिर्मित एलीट होटल पर हमला किया जिसमे कम से कम 15 लोग मारे गए। सोमालिया के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल मुख्तार ने बताया कि सुरक्षा बलो ने बाद मे चारो हमलावरो को मार गिराया और होटल के भीतर फंसे दर्जनो लोगो को सुरक्षित निकाला। उन्होने बताया कि शनिवार शाम को होटल के सुरक्षा द्वार के पास कार बम विस्फोट किया गया। इसके बाद बंदूकधारी हमलावर अंदर घुस गए और उन्होंने वहां लोगो को बंधक बना लिया जिनमे अधिकतर युवक-युवती थे।अल-कायदा से जुड़े इस्लामी आतंकी संगठन अल-शबाब ने हमले की जिम्मेदारी ली है। इससे पहले साल की शुरुआत मे भी सोमालिया मे आतंकी बम हमले हुए थे।

### दक्षिण कोरिया में संक्रमण के नए मामलों के मद्देनजर लोगों से घरों में रहने की अपील

**सियोल।** दक्षिण कोरिया मे सोमवार को संक्रमण के 197 नए मामले सामने आए है, जिसके बाद प्रशासन ने लोगो से घरो मे ही रहने और बेवजह यात्रा नही करने की अपील की है। यह लगातार चौथा ऐसा दिन है जब तिहाई संख्या मे नए मामले सामने आए है।सोमवार के लिए सरकार ने इस उम्मीद से विशेष छुट्टी भी तय की थी ताकि घरेलू उपभोग को बढ़ावा दिया जा सके, लेकिन राजधानी क्षेत्र मे संक्रमण के नए मामलो के मद्देनजर स्वास्थ्य मंत्री पार्क नियोंग-हू ने सियोल और उसके निकटवर्ती नियोग्गी प्रांत के लोगो को देश के अन्य हिस्सो मे अगले दो सप्ताह तक जाने से बचने के लिए कहा है। दक्षिण कोरिया बीमारी नियंत्रण एवं बचाव केंद्र ने 197 नए मामलो की जानकारी दी है।`देश मे अब तक 15,515 लोग संक्रमित हो चुके है और 305 लोगों की मौत हो चुकी है। रविवार को 279 नए मामले सामने आए थे जो मई के बाद से एक दिन का सर्वाधिक मामला है। केसीडीसी ने बताया कि 167 नए मामले वृहत राजधानी क्षेत्र से आए है और यह ऐसा क्षेत्र है जहां दक्षिण कोरिया की कुल 5.1 करोड़ की आधी आबादी रहती है। स्वास्थ्यकर्मी संक्रमितो का पता लगाने के लिए संघर्ष कर रहे है और यहां चर्च संक्रमण के प्रसार का मुख्य स्रोत बनकर उभरा है।

### पाक मे कोरोना वायरस संक्रमण के 488 नए मामले सामने आए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बीते 24 घंटे में 488 लोगों के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद देश मे संक्रमितो की कुल संख्या 2,89,213 हो गई है।स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि बीती रात सात और रोगियो की मौत के बाद मृतको की कुल तादाद 6,175 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 2,69,087 लोग संक्रमण से उबर चुके है। 771 रोगियों की हालत नाजुक है। सिंध में सबसे अधिक 126,182 मामले सामने आए है। इसके बाद पंजाब मे 95,447, खैबर-पख्तूनख्वा में 35,215, इस्लामाबाद में 15,390, बलूचिस्तान में 12,295, गिलगित-बाल्तिस्तान में 2,502 और पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर में 2,184 नए मामले सामने आए है। मंत्रालय ने कहा कि अब तक 22,99,602 लोगो की कोविड-19 जांच की गई है। बीते 24 घंटे में 22,448 लोगो की जांच की गई।

### कमला हैरिस ने भारतीय-अमेरिकी को अपना प्रेस सचिव किया नियुक्त

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट की उप राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने भारतीय-अमेरिकी सबरीना सिंह को प्रचार अभियान के लिए अपना प्रेस सचिव नियुक्त किया है।सबरीना इससे पहले डेमोक्रेट के राष्ट्रपति पद के दो उम्मीदवारो की प्रवक्ता रह चुकी है। नवम्बर में होने वाले चुनाव में राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेट के संभावित उम्मीदवार जो बाइडेन (77) ने पिछले सप्ताह भारतीय-अमेरिकी कमला हैरिस (55) को उप राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार (अपना रनिंग मेट) चुना था।

# ट्रंप के जन्म संबंधी हमलों पर बोली हैरिस वे झूठ, गंदी रणनीति में उलझने जा रहे हैं

भाषा। वाशिंगटन

**डेमोक्रेटिक पार्टी** की तरफ से उप राष्ट्रपति पद की दावेदार भारतीय अमेरिकी कमला हैरिस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनका अभियान अमेरिकी लोगों पर प्रभाव डालने वाले असली मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए झूठ और गंदी रणनीति में उलझेंगे।

वह राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा उपराष्ट्रपि और राष्ट्रपति पद के लिए उनकी अर्हता पर सवाल उठाते हुए किए जा रहे प्रचार से जुड़े सवाल का जवाब दे रही थीं।

ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वह हैरिस की अर्हता के सवालों के पीछे नहीं जाएंगे, लेकिन उन्होंने साजिश की आशंकाओं को झूठा बताकर खारिज नहीं किया। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने सोशल मीडिया पर सुना कि हैरिस इस पद के लिए अयोग्य हो सकती हैं। वकील और चैपमैन विश्वविद्याल के प्रोफेसर जॉन इस्टमैन द्वारा न्यूजवीक के लिए लिखे लेख में बेहद योग्य बताए जाने के संदर्भ में ट्रंप ने कहा, मैंने आज सुना कि वे जरूरी योग्यताएं पूरी नहीं करतीं। ट्रंप की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए 55 वर्षीय हैरिस ने अमेरिकी समाचार वेबसाइट दग्रियो से रविवार को कहा कि राष्ट्रपति और उनका अभियान अब छल करेंगे। उन्होंने कहा, वे अब झूठ का सहारा लेने जा रहे हैं। वे छल करेंगे। वे अमेरिकी लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाले वास्तविक मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास करेंगे। और मुझे उम्मीद है कि वे गंदी रणनीति अपनाएंगे। यह गंभीर होने जा रहा है। इसके लिए हम तैयार हैं।

## नीदरलैंड में भारतीय दूतावास जल्द ही पासपोर्ट की छपाई शुरू करेगा

भाषा। हेग

**नीदरलैंड स्थित** भारतीय दूतावास जरूरतमंद भारतीयों के लिए जल्द ही पासपोर्ट की छपाई शुरू करेगा। यह जानकारी राजदूत वेणु राजामोनी ने दी।यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार वर्तमान में पासपोर्ट को छपाई के लिए नई दिल्ली भेजा जाता है। राजामोनी ने शनिवार को 74वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर अपने संबोधन में नीदरलैंड में भारतीय नागरिकों और प्रवासी भारतीयों द्वारा कांसुलर सेवाओं की सुविधा के लिए दो प्रमुख घोषणाएं की।राजामोनी ने कहा कि भारतीय नागरिक जल्द ही डाक के माध्यम से दूतावास को विभिन्न दस्तावेज जमा कर सकेंगे और डाक द्वारा दूतावास से विभिन्न दस्तावेज प्राप्त भी कर सकेंगे। बयान में कहा गया है कि यह नीदरलैंड में वर्तमान प्रक्रिया को आसान बनाएगा क्योंकि इससे वीजा सुविधा सेवा केंद्रों में आने की जरूरत नहीं पड़ेगी।इसमें कहा गया है, राजदूत ने यह भी बताया कि दूतावास जल्द ही हेग में पासपोर्ट की छपाई शुरू कर देगा और इससे भारतीय नागरिकों को जरूरत के समय पासपोर्ट जारी करने में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। बयान में कहा गया है कि नीदरलैंड में लगभग 40,000 भारतीय नागरिक और सूरीनामी-हिंदुस्तानी समुदाय के 2,00,000 सदस्य रहते हैं, इसलिए कांसुलर सेवाएं मुहैया कराने का काफी महत्व है।भारत का 74 वां स्वतंत्रता दिवस इंडिया हाउस में मनाया गया जो कि वासेनार में स्थित है और नीदरलैंड्स में भारत के राजदूत का आधिकारिक निवास है।

# ‘ट्रम्प ने भारत व भारतीय अमेरिकियों के मामले में सही रुख अपनाया है’

एपी। वाशिंगटन

● ट्रम्प अभियान से जुड़े अधिकारियों का दावा

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रचार अभियान से जुड़े अधिकारियों ने कहा कि ट्रम्प ने चीन के विरोध में खड़े होकर भारत का साथ दिया और कश्मीर मामले में कभी हस्तक्षेप नहीं करके एकदम सही रुख अपनाया है।अमेरिका में तीन नवम्बर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में 74 वर्षीय ट्रम्प रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एकबार फिर पद पर काबिज होना चाहते हैं। उनका मुकाबला डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार 77 वर्षीय जो बाइडेन से हैं।ट्रम्प के भारतीय-अमेरिकी समर्थकों ने कहा कि कोविड-19 से पहले ट्रम्प प्रशासन के नेतृत्व में अमेरिका में भारतीय-अमेरिकियों की बेरोजगारी दर में रिकॉर्ड गिरावट आई थी। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प ने विश्व मंच पर भारत का कद बढ़ाया, भारत का साथ देते हुए चीन के विरोध में खड़ा हुए और कश्मीर मुद्दे पर कभी हस्तक्षेप नहीं किया।ट्रम्प विक्ट्री इंडियन-अमेरिकन फाइनेंस कमेटी के सह-अध्यक्ष अल मैसन ने कहा, संक्षेप में कहें तो, ट्रम्प ने भारत और भारतीय-अमेरिकियों के मामले में सही रुख अपनाया है। ट्रम्प अभियान से जुड़े अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय-अमेरिकी समुदाय और भारत-अमेरिका संबंधों के मद्देनजर ट्रंप का चुनाव करना ही सही होगा। प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी वकील एवं कैलिफोर्निया से रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ नेता हरमीत कौर ढिल्लो ने कहा, भारतीय-अमेरिकियों की पसंद स्पष्ट है...और चार साल के लिए ट्रम्पापेंस। ढिल्लो ट्रम्प अभियान के इंडियन वॉयसेज फॉर ट्रम्प की सह-अध्यक्ष हैं।ट्रम्प प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि कोविड-19 से पहले भारतीय-अमेरिकियों की बेरोजगारी दर में करीब 33.33 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

पायनियर
नई दिल्ली, मंगलवार, 18 अगस्त, 2020



# 'अभिनेता और अच्छे इंसान के साथ काम करने का मन करता है'



## टॉक टाइम

**फारुख कबीर अभिनय के साथ साथ निर्देशन भी करते हैं वो अल्लाह के बंदे तथा खुदा हाफिज़ जैसी फिल्में निर्देशित कर चुके हैं। उन्होंने पायनियर संवाददाता शालिनी सक्सेना के साथ एक विशेष बातचीत में अपनी नई फिल्म, अभिनय के क्षेत्र में आने सहित अन्य बातें साझा कीं। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश-**

■ **इंडस्ट्री में आपका आना कैसे हुआ?**

इसके लिए विलियम शेक्सपियर उत्तरदायी हैं। मैं उनके काम से इतना प्रभावित हूं कि मैं इसीलिए एक तीर्थयात्रा के रूप में स्ट्रैटफोर्ड, यूके गया था। जब मैं बोर्डिंग में था तो परफॉर्मिंक आर्ट्स का एक वातावरण हुआ करता था। उस समय थियेटर अत्यधिक प्रचलित हुआ करता था। लेकिन वहां से लेकर मुंबई तक की यात्रा उतनी ही कठिन थी। मुझे अपने मित्र के एक मित्र के एक मित्र से पता चला कि संतोष सिवन अशोका बना रहे थे। मैं उनके कार्यालय में घुस गया और मुझे एक जॉब मिल ही गया। उस समय मुझसे पढ़ाई करने के लिए कहा गया क्योंकि मेरी आयु केवल 18 साल थी। लेकिन मेंने कहा मैं पढ़ाई और काम दोनों कर लूंगा।

■ **खुदा हाफिज़ में किस प्रकार की कहानी है?**

इसकी काहनी न्यूज पेपर के एक लेख पर आधारित है जिसे मैंने पढ़ा था। मैंने उसे पढ़ा और फिर मैं उससे जुड़ता चला गया और फिर मुझे ये कहानी दूसरों को सुनाने का मन करने लगा। मैंने इसके लिए तीन महीने तक रिसर्च की, वैसे ही लेख पढ़े, कुछ पत्रकारों से बात की और फिर एक ऐसे व्यक्ति से मिला जिसने ऐसी घटनाओं के बारे में काफी सटीक जानकारी साझा की। मेरे लिए ये फिल्म बनाना आसान नहीं था। मुझे भी फिल्म को बनाने में काफी परिश्रम करना पड़ा, विशेष रूप से तब जबकि आप विदेश में हों और वहां शूटिंग के संबंध में किसी प्रकार की सुविधा न हो और परिस्थितियां भी विषम हों।

■ **फिल्म की शूटिंग कहां हुई है?**

इसकी शूटिंग उज्बेकिस्तान और लखनऊ में संपन्न हुई है। उज्बेकिस्तान को इसमें हमनें मध्यपूर्व के देश जैसा प्रदर्शित किया है क्योंकि कहानी का आधार वहीं था। कई देश तो इसकी कहानी के संवेदनशील होने के कारण इसकी शूटिंग की आज्ञा ही नहीं दे रहे थे। लेकिन अंतत: उज्बेकिस्तान ने हमारा साथ दिया। यहां की सभ्यता और संस्कृति भी काफी पुरानी है। यहां कुछ भवन तो आर्किटेक्चर के धरातल पर काफी महत्वपूर्ण हैं।

■ **आपने उज्बेकिस्तान का ही चयन क्यों किया?**

हम बस इस देश की संस्कृति तथा आर्किटेक्चर को कैमरे में पृष्ठभूमि में ही दिखाते हैं। इससे कहानी और भी प्रभावी लगती है। मेरा चरित्र अपनी पत्नी को ढूंढते ढूंढते मध्यपूर्व के देश आ पहुचंता है। पृष्ठभूमि इसलिये जरूरी थी क्योंकि मेरे चरित्र को वहां की भाषा में बात करने में कठिनाई होती है। वहां कोई भी अंग्रेजी न बोलकर अरबी भाषा में बात करता है। बात को समझने की उसकी परिस्थिति कहानी का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

■ **आपने इसके लिए विद्युत जामवाल और अहाना कुमरा को ही क्यों चुना?**

आपको अच्छे अभिनेता के साथ साथ एक अच्छे इंसान के साथ भी काम करने का मन करता है। मेरा विद्युत जामवाल के साथ कुछ ऐसा हुआ कि हम दोनों दूसरे को समझने में सफल रहे। एक अभिनेता और निर्देशक के बीच की यात्रा अंतरंग हुआ करती है, मेरे लिए तो ऐसा ही है, विशेष रूप से विद्युत के चरित्र समीर के साथ। फिल्म का पूरा सार इसी चरित्र पर टिका है। मैं ये सुनिश्चित करना चाहता था कि इस रोल को जो कोई भी करे लेकिन उसे ये रोल पूरी सच्चाई से करना होगा। इस फिल्म में आपको विद्युत ऐक्शन करता नहीं दिखेगा और न ही उसकी सिक्स पैक्स कहीं दिखाई देते हैं। हम कॉमर्शियल बाध्ताओं के कारण फिल्म की कहानी से समझौता नहीं करना चाहते थे।

■ **जब आप लेखक और निर्देशक दोनों होते हैं तो किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?**

सबसे बड़ी चुनौती फिल्म को सही ढंग से बनाने की ही होती है। मेरे लिए सबसे आवश्यक बात ये है कि जब तक मैं अपनी पटकथा को पूरी तरह से परदे पर नहीं ले आता मैं किसी से अधिक संपर्क या बात नहीं करता। इस काम में सात से नौ महीने का समय लगता है। धैर्य ऐसे में परम आवश्यक होता है और एक लेखक के तौर पर मैंने ये अपने में विकसित किया है। यदि आपने अपनी कहानी को सही ढंग से लिख लिया है तो निर्देशन में उतनी कठिनाई नहीं रह जाती। ये एक प्रकार से बोनस होता है क्योंकि एक कहानीकार के रूप में आप तब और अधिक बता सकते हैं।

■ **क्या यही कारण है कि आपकी फिल्मों के बीच में लंबा अंतराल होता है? क्योंकि आप परफैक्शनिस्ट हैं?**

नहीं ऐसा नहीं है, बल्कि सच तो इसके उलट है। मैं फिल्में अपने अस्तित्व को बचाने के लिए नहीं करता। मैं कई विज्ञापन फिल्में बनाता हूं और सीरीज़ भी। वर्तमान में मैं चार प्लेटफार्म्स पर सीरीज़ बना रहा हूं। पिछले साल मैंने 377 अब नॉर्मल, बनाई थी जिसे ज़ी5 प्लेटफॉर्म पर दिखाया गया था। मैं फिल्मों को स्वाभाविक ढंग से बनाना चाहता हूं। मैं उन्हें बनाते हुए संघर्ष करते नहीं दिखना चाहता। मैं फिल्म बनाने का पूरा आनंद लेना चाहता हूं।

■ **आपने हॉरर वेब सीरीज़ का निर्देशन करने का निर्णय क्यों किया?**

वैसे मैं पहले ही हॉट स्टार के लिए 'शॉकर' नाम से हॉरर सीरीज़ बना चुका हूं। ये नेटलिक्स और अमेज़ॅन के भारत में आने से पहले की बात है। हॉरर वैसे इंडस्ट्री में एक खराब नाम बन चुका है क्योंकि लोग उसे रामसे ब्रदर्स से जोड़कर देखने लगते हैं। लेकिन मेरी सीरीज़ अच्छी थी। लेकिन अब कहानी सुनाने की भाषा में बहुत परिवर्तन आ चुका है। मैंने उस सीरीज़ को हॉरर न मानकर एक सुपरनेचुरल कहानी के रूप में प्रस्तुत किया था। यही कारण था कि उसपर किसी का अधिक ध्यान नहीं गया।

■ **आपने म्यूज़िक वीडियो भी निर्देशित किये हैं। क्या ये फिल्मों के निर्देशन से किसी प्रकार से भिन्न होते हैं?**

जी हां, 'लोग कुछ भी कहें, दोनों में काफी अंतर होता है अगर आप लघु धरातल पर काम करते हैं और लंबे फॉर्मेट पर काम करते हों तो दोनों में काफी अंतर होता है। मेरी पेशेवर यात्रा धीरे धीरे प्रारंभ हुई थी। पहले वृत्तचित्र और फिर म्यूज़िक वीडियो, इसके बाद विज्ञापन फिल्में और तब वेब सीरीज़ और फिर पुन: विज्ञापन फिल्मों तक आना हुआ। ये मेरा सौभाग्य है कि मैंने हर प्रारूप में निर्देशन किया है।

■ **क्या आपके भीतर का अभिनेता, फिल्म अल्लाह के बंदे, में इसके निर्देशक के साथ किसी प्रकार का विरोधाभास रखता है?**

मेरे द्वारा फिल्म में काम करने का एक कारण है। जिसे याकूब का चरित्र करना था वो अंतिम समय पर मुकर गया। पूरा काम चल रहा था अत: मेरे निर्माता ने मुझसे अभिनय कर लेने को कहा, मैंने किया। अंतरविरोध केवल इतना था कि मैं स्वयं को एक अभिनेता के तौर पर अधिक नहीं जानता था। जब मैंने स्वयं को मॉनिटर पर पहली बार देखा तो मैं अपनी आवाज ही नहीं पहचान सका। जब निर्देशन कर रहा होता हूं तो मैं मानसिक रूप से लोगों के संवादों को नोट कर लेता था कि ये बोल दिये गए हैं और अब मेरी बारी है। लेकिन उस प्रक्रिया में मुझे लगा कि मैं याकूब के साथ न्याय नहीं कर पा रहा था। कुल मिलाकर सीखने को काफी कुछ मिला।

## ट्रेंड बाजार


### कंगना ने की आयुष्मान की जमकर खिंचाई



**अभिनेत्री** कंगना रानौत ने विवादित अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती के साथ कथित तौर पर सहानुभूति प्रदर्शित करने के लिए आयुष्मान की आलोचना की है जिन्हें राजपूत आत्महत्या केस में आरोपी बनाया गया है।


एक ट्वीट जिसमें आरोपित किया गया है कि आयुष्मान खुराना रिया चक्रवर्ती का इसलिये समर्थन करनना चाहता है क्योंकि वो इंडस्ट्री में अपना अस्तित्व बनाए रखना चाहता है और ये कि वो वाईआरएफकी एक प्रतिभा हैं। कंगना की टीम ने इसके प्रतिउत्तर में लिखा, 'चापलूस आउटसाइडर माफियाओं का केवल एक कारण से समर्थन करते हैं, क्योंकि वे औसत स्तर के होते हैं। उनसे किसी को खतरा नहीं है। वे तो बस कंगना और एसएसआर जैसे कलाकारों मजाक उडाकर उनके संघर्ष का लाभ लेना चाहते हैं।'

### अतुल कुलकर्णी ने जताई शिक्षा के प्रति चिंता



**अभिनेता** अतुल कुलकर्णी का कहना है कि 'ऑनलाइन शिक्षा के लिए आपके पास कुछ उपकरण और सिखाने वाले माता-पिता होने चाहिये। यदि आप किसी गांव या बस्ती में जाएं तो ऐसी सुविधाएं वहां नहीं होतीं। परिणामत: शिक्षा में असमानता दिखाई देती है। हर सरकार का ये दायित्व है कि वो इस असमानता को दूर करे।'

### आमिर ने टाली अपनी फिल्म की रिलीज़



आमिर खान के प्रशंसकों को उन्हें परदे पर देखने के लिए एक साल का और इंतजार करना पड़ सकता है। उनकी नई रिलीज़ लाल सिंह चढ्ढा, इसी क्रिसमस पर रिलीज़ होने वाली थी लेकिन अब वो कोविड!; महामारी के कारण 2021 के क्रिसमस पर रिलीज़ होगी। फिल्म 1994 की टॉम हैंक्स अभिनीत फिल्म 'फॉरेस्ट गंप' पर आधारित है। राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के पहले ही चंडीगढ़ और कोलकाता में फिल्म की शूटिंग के कुछ भाग कर लिये गए हैं। फिल्म में उनके साथ करीना कपूर खान तथा मोना सिंह भी दिखेंगी। इसका रूपांतरण अतुल कुलकर्णी द्वारा किया गया है और निर्देशन अद्वैत चंदन द्वारा।

### सोशल मीडिया से डरीं बिली पाइपर



**ब्रिटिश** अभिनेता बिली पाइपर को सोशल मीडिया भयावह लगता है। एक साक्षात्कार में बिली ने अपनी लोकप्रियता और सोशल मीडिया से निबटने में अपनी रणनीति के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'इसे आप ऐसे देखिये, मैं अब लोकप्रिय पॉप नहीं बनना चाहती। सोशल मीडिया का पहलू भयावह है क्योंकि ये निरंतर चलता है ये रात में आपके साथ बेड, और उसके समक्ष भी हो सकता है। टीनएजर के रूप में मेरे पॉप कॅरियर में कई भयावह क्षण थे और उनका अनुभव अच्छा नहीं था। लेकिन वे आए और चले गए। लेकिन अब तो ये बहुत खराब हो गया है।'

## राजकुमारी डायना का किरदार निभाएंगी एलिजाबेथ डेबिकी



भाषा। लॉस एंजिलिस

**अभिनेत्री** एलिजाबेध डेबिकी ब्रिटेन के राजघराने पर बनी नेटफ्लिक्स की सीरिज द क्राउन के अंतिम दो सीजन में राजकुमारी डायना का किरदार अदा करेंगी। इस सीरिज में राजकुमारी डायना का किशोरी वाला किरदार एमा कोरिन अदा कर रही हैं और यह किरदार उनसे लेकर अब एलिजाबेध डेबिकी निभाएंगी। इसकी घोषणा शो के आधिकारिक ट्विटर पेज पर की गई है। ट्वीट में कहा गया है कि अंतिम दो सीजन - पांच और छह - में राजकुमारी डायना का किरदार एलिजाबेथ डेबिकी अदा करेंगी।

डेबिकी इस सीरिज के अलावा निर्देशक क्रिसोट्रफर नोलन की बहुप्रतिक्षित फिल्म टीनेट में नजर आएंगी। ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री ने कहा, राजकुमारी डायना का जज्बा, उनकी बातें और उनके काम कई लोगों के दिलों में है। इस बेहतरीन सीरिज से जुड़ना मेरे लिए सम्मान की बात है क्योंकि इस सीरिज ने पहले एपिसोड से ही मुझे बांध रखा है। डेबिकी ए फ्यू बेस्ट मेन, द ग्रेट गेट्सबी, एवरेस्ट, द गार्डियन्स ऑफ गैलेक्सी जैसी फिल्मों में नजर आई हैं। इस साल के अंत में इस सीरिज के चौथे सीजन के प्रसारण की संभावना है।

## लोगों का मुझे पतली, मोटी या सांवली कहना मूर्खतापूर्ण लगता था: बिपाशा

भाषा। मुंबई

**अभिनेत्री** बिपाशा बसु का कहना है कि उन्होंने लोगों द्वारा खुद की रंगत के बारे में, बहुत पतली या बहुत मोटी होने जैसी टिप्पणियों के बीच फिल्म जगत में अपना रास्ता बनाया है। सुपरमॉडल के तौर पर अपने करियर की शुरुआत करने वाली बिपाशा ने 2001 में फिल्म अजनबी के साथ बॉलीवुड में कदम रखा था और हॉरर फिल्म राज से उन्हें प्रसिद्धि मिली। एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उन्हें अपने करियर में बहुत कुछ सुनने को मिला लेकिन उन्होंने कभी ध्यान नहीं दिया।

उन्होंने कहा, मुझे बोला गया था कि अभिनेत्रियां आकर्षक नहीं हो सकतीं, वे सांवली नहीं हो सकतीं, मॉडल अभिनय नहीं कर सकतीं। पहले मुझे कहा गया कि तुम बहुत पतली हो। फिर जब मैंने वजन बढ़ाया तो मुझे कहा गया कि मैं बहुत मोटी हो गई हूं। 41 वर्षीय अभिनेत्री ने कहा, मुझे इन सब चीजों से गुजरना पड़ा। इन सब से मेरा मनोरंजन होता था। इन सब बातों से मुझे परेशानी नहीं होती थी बल्कि ए सब मुझे मूर्खतापूर्ण लगता था। मुझे हंसी आती थी। उन्होंने कहा, हमारे देश में कई लोग सांवले हैं तो मुझे कुछ कहना मूर्खतापूर्ण था। फिर अचानक से सांवला रंग आकर्षक माना जाने लगा। हालांकि हमारे देश में कई लोग सांवली रंगत के हैं। मुझे मेरे सिद्धांतों ने बांध रखा था। उन्होंने कहा, मैंने कभी गोरा होने वाले उत्पादों का प्रचार नहीं किया। लेकिन मेरे बारे में लोग कहते हैं कि मैंने रंगत सुधारने के लिए इलाज करवाया है। नकारात्मकता हर जगह है आप चाहे कुछ भी कर लो। मैंने अपने नियमों पर जीना सीख लिया है और मैं वैसी ही हूं। बिपाशा पांच साल बाद थ्रिलर डेंजरस के साथ पर्दे पर वापसी कर रही हैं। इसमें वह अपने पति करन सिंह ग्रोवर के साथ नजर आएंगी। दोनों की शादी 2016 में हुई थी।



## दृश्यम फिल्म के निर्देशक निशिकांत कामत का निधन

भाषा। हैदराबाद

**रहस्य-रोमांच** से भरी फिल्म दृश्यम का निर्देशन करने वाले फिल्मकार निशिकांत कामत का सोमवार को निधन हो गया। एआईजी अस्पताल ने बताया कि वह पिछले दो साल से लिवर सिरोसिस बीमारी का सामना कर रहे थे। वह 50 साल के थे।

कामत के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। उन्हें बुखार और भारी थकान की शिकायत के बाद 31 जुलाई को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल ने बताया, पिछले दो साल से वह लिवर सिरोसिस बीमारी का सामना कर रहे थे। शुरुआत में हमने उन्हें एंटीबायोटिक और कुछ अन्य दवाइयां दीं, जिससे उनमें कुछ सुधार हुआ लेकिन बाद में लिवर के निष्क्रिय होने और बेहोशी के बाद उनकी स्थिति बिगड़ती गई। निर्देशक को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया, जहां उनकी स्थिति धीरे-धीरे खराब होने लगी। श्वसन संबंधी दिक्कतें भी बढ़ गई और इसके बाद कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया। शाम चार बजकर 24 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। कामत ने फोर्स और इरफान खान अभिनीत मदारी भी बनाई थी।



अभिनेता अजय देवगन ने ट्वीट किया, निशिकांत के साथ मेरा जुड़ाव केवल दृश्यम तक का ही नहीं था। उनके साथ मेरे अच्छे संबंध थे। वह शानदार व्यक्ति थे, जो हमेशा मुस्कुराते रहते थे। बहुत जल्दी उन्होंने साथ छोड़ दिया। उनकी आत्मा को शांति मिले। कामत ने 2005 में मराठी फिल्म डोंबिवली फास्ट से निर्देशन का सफर शुरू किया था।

बॉलीवुड में उन्होंने मुंबई मेरी जान से शुरुआत की। इस फिल्म में भी इरफान थे। कामत ने 2016 में रॉकी हैंडसम में नकारात्मक भूमिका निभाई थी। इस फिल्म का उन्होंने निर्देशन भी किया था। अजय देवगन और तब्बू अभिनीत दृश्यम उनकी सबसे बड़ी हिट फिल्म थी।

## स्वतंत्रता सेनानी की छवि को लेकर विवाद: जी5 शो के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा गया

भाषा। कोलकाता

**ओटीटी** मंच जी5 के एक वेबसीरीज में स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का एक स्केच वांछित अपराधियों की गैलरी में कथित तौर पर दिखाए जाने को लेकर यहां के एक स्थानीय संगठन ने शो के निर्माताओं को कानूनी नोटिस भेजा है।

स्वतंत्रता दिवस से पहले मंच पर जारी सीरीज अभय 2 में दिखाया गया है कि एक पुलिस अधिकारी एक आरोपी से पूछताछ कर रहा है और भगौड़ों के स्केच एक बोर्ड पर लगे हुए हैं जिन्हें पीछे दीवार पर टंगा दिखाया गया है। उनमें से एक संभवत: स्वतंत्रता सेनानी का है जिन्हें 18 वर्ष की आयु में 1908 में फांसी दे दी गई थी। सीरीज का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों ने जी5 को ट्रोल करना शुरू कर दिया और कुछ ने इसके बहिष्कार का आह्वान किया। शर्मनाक कृत्य के लिए मंच की निंदा करने वालों में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायक मदन मित्रा और जवाहर लाल नेहरू विश्विविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ की अध्यक्ष आईशी घोष भी शामिल हैं। मित्रा ने कहा, अगर यह सत्य है तो यह काफी शर्मनाक है। किसी बहादुर युवा स्वतंत्रता सेनानी का ऐसा चित्रण कैसे किया जा सकता है? मेरा अनुमान है कि भाजपा के नए भारत की सरकार में यह सामान्य बात है, सभी क्षेत्रों में बंगालियों के योगदान को कमतर करने के लिए वे इतिहास से छेड़छाड़ कर रहे हैं।

एक ट्वीट के जवाब में जी5 ने ट्विटर पर कहा कि उसका आशय भावनाओं को आहत करना नहीं था।

ओटीटी मंच के आधिकारिक हैंडल पर कहा गया, निर्माताओं, शो और मंच का इरादा किसी समुदाय या किसी व्यक्ति की भावनाओं को आहत करना नहीं है। प्राप्त फीडबैक और अपने दर्शकों का सम्मान करते हुए अभय 2 के एक दृश्य में चित्र को धुंधला कर दिया गया है।

## गायक एस पी बालासुब्रह्मण्यम के स्वास्थ्य में हो रहा है सुधार



**चेन्नई।** द्रमुक प्रमुख एम के स्टालिन और अभिनेता रजनीकांत ने प्रसिद्ध पार्श्व गायक एस पी बालासुब्रह्मण्यम के प्रशंसकों को अच्छी खबर सुनाते हुए कहा कि गायक के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। द्रमुक नेता ने कहा कि गायक के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। वहीं अभिनेता ने कहा कि वह कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में नाजुक हालत से बाहर निकल आए हैं।

स्टालिन ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, पद्युम नीला (गाने वाला चांद) एस पी बालासुब्रह्मण्यम के स्वास्थ्य में सुधार की जानकारी मिलने से उन्हें बेहद आनंद हुआ है। द्रमुक प्रमुख ने कहा कि वह ऐसे गायक हैं जिन्होंने दिल छू लेने वाली अपनी आवाज से लोगों की चिंताओं से मुक्त किया है। स्टालिन ने कहा, उन्हें स्वस्थ होना चाहिए और गीतों की अपनी यात्रा जारी रखनी चाहिए। तमिल सुपरस्टार रजनीकांत ने अपने ट्विटर अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, जल्दी ठीक हो जाओ बालू सर। अभिनेता ने दशकों तक श्रोताओं का मनोरंजन करने के लिए गायक की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा, आदरणीय एस पी बालासुब्रह्मण्यम ने 50 साल से ज्यादा समय से विभिन्न भारतीय भाषाओं में गीत गाए हैं और अपनी सुरीली आवाज से करोड़ों लोगों का मनोरंजन किया है। रजनीकांत ने कहा कि गायक नाजुक हालत से बाहर निकल चुके हैं। वह अब भी आईसीयू में हैं। कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद गायक को हाल में एमजीएम हेल्थकेयर में भर्ती किया गया था। उनके बेटे एस पी चरण ने रविवार को बताया था कि उनके पिता पहले की तुलना में अब थोड़ा आराम से सांस ले रहे हैं। फिल्मनिर्माता चरण ने उम्मीद जताई है कि उनके पिता इस संक्रमण से मुक्त हो जाएंगे।